

हर खबर पर हमारी पकड़

# नजफगढ़ मैट्रो

नई दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र

वर्ष : 12, अंक : 59 , पृष्ठ : 12 | नई दिल्ली 01 मार्च से 15 मार्च 2023 | RNI NO. DELHIN/ 2009 28409 | मूल्य :- ₹5/



## बिना समाजवाद के राम राज्य संभव नहीं : अखिलेश यादव

**एजेंसी/ लखनऊ**


उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने नीति आयोग के आंकड़ों के हवाले से विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश को बहुत पीछे करार देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास या राम राज्य, बिना समाजवाद के संभव नहीं है। मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट प्रावधानों पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का यह सातवां बजट है और हर साल सरकार ऐतिहासिक और सबसे बड़ा बजट पेश करने का दावा करती है। लेकिन इतने बजट पेश करने के बाद भी उप्र की स्थिति कई मानकों पर अभी सुधरी नहीं है। यादव ने नीति आयोग के आंकड़े गिनाए और कहा पूरे देश और उप्र की जनता को एक ट्रीलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना दिखाया जा रहा है। सरकार अगर यह सपना देख रही है तो उसे नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्य की रिपोर्ट देखनी चाहिए कि उसमें उप्र की क्या स्थिति है। उन्होंने नीति आयोग की 2020-21 की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रिपोर्ट में गरीबी की रेखा से नीचे वाले 28 राज्यों की सूची में उप्र नीचे से चौथे नंबर पर है। भुखमरी समाप्त करने में उप्र पांचवें नंबर पर है। गुड हेल्थ में नीचे से दूसरे नंबर पर है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 18वें नंबर पर है। उन्होंने इन आंकड़ों के जरिए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा सरकार को समाजवादी सिद्धांत को समझना होगा।



## त्रिशंकु विस नहीं होगी, तीनों पूर्वोत्तर राज्यों में सरकार बनाएगा राजग

**एजेंसी/ गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने त्रिपुरा, नगालैंड या मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा नहीं होने का दावा करते हुए मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा।पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक शर्मा ने कहा कि राजग का कोई भी साथी कांग्रेस या तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, कोई त्रिशंकु विधानसभा नहीं होगी। राजग तीनों राज्यों में सरकार बनाएगा। तीन राज्यों में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और नगालैंड में यथास्थिति रहेगी। शर्मा ने कहा, त्रिपुरा में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा, जबकि हम नगालैंड में गठबंधन सरकार में हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय के लिए मुख्यमंत्री का फैसला भाजपा द्वारा जीती गई सीटों की संख्या पर विचार करने के बाद किया जाएगा।त्रिपुरा में 16 फरवरी को और नगालैंड तथा मेघालय में 27 फरवरी को चुनाव हुए थे। परिणाम 2 मार्च को घोषित होंगे। नगालैंड में भाजपा ने इस बार अकेले चुनाव लड़ा है।स्थानीय नगा पार्टी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के साथ पहले गठबंधन था।



## लंबे समय तक जारी नहीं रहने वाले उत्पादन पर ध्यान देने की जरूरत : भूपेंद्र

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को भारत-डेनमार्क के एक संयुक्त मंच पर कहा कि अस्थिर उत्पादन और खपत पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देश जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में एक उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। पर्यावरण मंत्री ने यह रेखांकित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि उसकी जीवनशैली हर स्तर पर धरती पर उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप हो। यहां भारत-डेनमार्कः हरित एवं टिकाऊप्रगति के लिए साझेदारी सम्मेलन में मंत्री ने इस बात का जिक्र किया कि भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी न सिर्फ दोनों देशों में, बल्कि यूरोप और पूरे विश्व में भी सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए विचारों, सर्वश्रेष्ठ पहल, ज्ञान, प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान करने तथा क्षमता निर्माण के वास्ते एक उपयुक्त मंच है। डेनमार्क के शहजादे फ्रेडरिक आंद्रे हेनरिक क्रिश्चियन और उनकी पत्नी मेरी एलिजाबेथ भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मंत्री ने कहा, यदि हमें वैश्विक पर्यावरण और जलवायु से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना है तो लंबे समय तक जारी नहीं रहने वाले उत्पादन और उपभोग पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। इससे पहले कि काफी देर हो जाए हमें तेजी से कार्वाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश साथ मिल कर विश्व को महत्वाकांक्षी जलवायु एवं टिकाऊ ऊर्जा लक्ष्यों को संभव बनाना प्रदर्शित कर सकते हैं।

## सांसद कार्यवाही बाधित के करने के बजाए जनमुद्दे उठाएं : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी/ चेन्नई**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सांसद स्वस्थ चर्चा में भाग लेंगे और सदन की कार्यवाही बाधित करने से परहेज करेंगे। साथ ही, उन्होंने राज्यसभा में मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया और संसद में अनधिकृत सूचना का उल्लेख करने के लिए एक सदस्य (कांग्रेस नेता राहुल गांधी) के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को उचित ठहराया।उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में विकासोन्मुख मुद्दों का मार्ग प्रशस्त करने वाला वातावरण बनाने के अलावा सदन में अनुशासन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उन पर है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मद्रास में नवोन्मेष केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने परोक्ष रूप से विपक्षी दलों का संदर्भ देते हुए कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में वह सदन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए बाध्य थे।



धनखड़ ने संसद सत्र के दौरान हालिया व्यवधानों का अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, यह एक स्थाई ढांचा है जिसे भंग नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए (आचरण पर) एक मॉडल है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने के लिए बनी संसद बिना किसी कामकाज के बाधित रही तो करदाताओं का पैसा बर्बाद हो जाएगा। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से अपील की कि वे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करें जिससे लोकतंत्र और संसद या विधायिका की गरिमा पर आंच न आए। धनखड़ ने कहा, इसे जन आंदोलन बनाएं, जनप्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाएं।

### तृणमूल कांग्रेस का ट्विटर अकाउंट 13 घंटे बाद बहाल

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट करीब 13 घंटों बाद मंगलवार शाम को बहाल हुआ। पार्टी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि अकाउंट को सोमवार रात में हैक किया गया था और इसका नाम बदलकर युग लैब्स कर दिया गया था। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की मीडिया टीम के एक सदस्य ने कहा, ट्विटर अकाउंट को करीब 13 घंटों बाद अपराह्न करीब चार बजे बहाल किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कोलकाता पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल के राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने इसके पहले सुबह कहा कि पार्टी इस समस्या का निदान करने के लिए सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के साथ संपर्क में है। ब्रायन ने कहा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर खाते से छेड़छाड़ की गई है। हम ट्विटर के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं, जो इस समस्या को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

## भारत करेगा जी-20 के विदेश मंत्रियों की मेजबानी




**एजेंसी/नई दिल्ली**

यूक्रेन संघर्ष को लेकर रूस और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते टकराव के बीच वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए जी-20 देशों के विदेश मंत्री एक और दो मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, फ्रांस से कैथरीन कोलोना, चीनी विदेश मंत्री किन गांग, जर्मनी की अन्नालेना बेयरबॉक और ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली उन लोगों में शामिल हैं जो भारत की मेजबानी वाली बैठक में भाग लेने वाले हैं।

यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फोंटेल्स, इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो तजान, ऑस्ट्रेलिया के पेनी वोंग, सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान, इंडोनेशिया के रेटनो मार्सुदी और अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो बैठक में भाग लेने वालों में शामिल हैं।

भारत के निमंत्रण के बाद श्रीलंका और बांग्लादेश सहित गैर-जी-20 देशों के कई विदेश मंत्री भी इस बैठक में मेहमान के रूप में भाग ले रहे हैं। बैठक के एजेंडे की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि मेहमानों का एक मार्च को भव्य समारोह में स्वागत किया जाएगा, जबकि विभिन्न चुनौतियों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श दो मार्च को रायसीना हिल्स स्थित आरबीसीसी में होगा।

जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और जी-20 सदस्य देशों के केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बेंगलुरु में हुई बैठक के कुछ दिन बाद ही यह बैठक हो रही है। बेंगलुरु की बैठक में यूक्रेन विवाद को लेकर पश्चिमी शक्तियों और रूस-चीन गठजोड़ के बीच तीखे मतभेदों को लेकर संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था।बैठक में बहुपक्षवाद, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और विकास सहयोग, आतंकवाद का मुकाबला, नए और उभरते खतरों, वैश्विक कौशल मानचित्रण और मानवीय सहायता और आपदा राहत पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

इस बैठक में शामिल होने वाले विदेश मंत्री गिरती आर्थिक वृद्धि, बढ़ती मुद्रास्फीति, वस्तुओं और सेवाओं की कम मांग के साथ-साथ खाद्य, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा कर सकते हैं।

### रूस ने भारत के निष्पक्ष विचारों का जिक्र किया

रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में भारतीय अध्यक्षता की रचनात्मक भूमिका और सभी देशों के हितों और रुख पर निष्पक्ष विचार करने के उसके प्रयासों का जिक्र किया। उसने आरोप लगाया, हमारे विरोधी, मुख्य रूप से अमेरिका, यूरोपीय संघ और जी-7 रूस को अलग-थलग करने और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भड़काई गई समस्याओं के लिए उस पर दोष मढ़ने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए हैं।

### शाह और नड्डा ने तेलंगाना के भाजपा नेताओं के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मंगलवार को पार्टी की तेलंगाना इकाई के नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक का मकसद इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान को धार देना था। बैठक में हुए विचार-विमर्श के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन सूत्रों ने कहा कि यह चुनाव से संबंधित है, क्योंकि राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (भारत राष्ट्र समिति) और कांग्रेस ने भी अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार के अलावा केंद्र व राज्य के कई नेता बैठक में मौजूद थे।लोकसभा सांसद कुमार राज्य में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को निशाना बनाने के लिए एक पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं।

यह बैठक सीबीआई द्वारा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद हो रही है। भाजपा ने दावा किया है कि बीआरएस सांसद के कविता भी इस घोटाले में शामिल हैं। सीबीआई ने इस मामले में हैदराबाद के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कविता के साथ उसके संबंध हैं।

## प्रौद्योगिकी की मदद से भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र: मोदी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि भारत बड़े स्तर पर एक आधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि डिजिटल क्रांति का लाभ सभी तक पहुंचे।

मोदी ने आम बजट के बाद आयोजित हो रहे वेबिनार की श्रृंखला में क्षमताओं का दोहनः प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से जीवन सुगमता विषय पर कहा कि सरकार छोटे व्यवसायों के लिए अनुपालन लागत कम करना चाहती है। उन्होंने उद्योग से ऐसे अनुपालनों की एक सूची तैयार करने को कहा, जिन्हें खत्म किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, हम छोटे व्यवसायों की अनुपालन लागत को कम करना चाहते हैं। क्या आप (उद्योग) अनावश्यक अनुपालनों की एक सूची तैयार कर सकते हैं, जिन्हें खत्म किया जा सकता है। हमने 40,000 अनुपालनों को खत्म कर दिया है।

उन्होंने कहा कि करदाताओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए कर प्रणाली को फेसलेस बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, अब आपकी शिकायतों और उनके समाधान के बीच कोई इंसान नहीं है, सिर्फ तकनीक है। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के वजह से ही एक राष्ट्र, एक राशन योजना साकार हो सकी। उन्होंने आगे कहा कि जैम त्रई (जन-धन योजना, आधार और मोबाइल नंबर) ने गरीबों तक लाभ पहुंचाने में मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 5जी और एआई (कृत्रिम मेधा) जैसी तकनीकों पर चर्चा की जा रही है और ए चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों को बदलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हितधारकों से आम आदमी के सामने आने वाली 10 ऐसी समस्याओं की पहचान करने को कहा, जिनका समाधान एआई का इस्तेमाल करके किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी से चलने वाली है और इसे केवल डिजिटल, इंटरनेट प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

### पिछले कुछ वर्षों के हर बजट में प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया

मोदी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों के हर बजट में प्रौद्योगिकी की मदद से लोगों के जीवन को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। इस साल के बजट में भी प्रौद्योगिकी और मानवीय स्पर्श को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के हस्तक्षेप अब कम हो गए हैं और नागरिक सरकार को बाधा नहीं मानते हैं।

प्रधानमंत्री ने मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण प्रक्रिया को अद्यतन रखने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि नागरिकों से मिले फीडबैक के आधार पर किए गए संशोधनों से योजना में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

## मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन का कैबिनेट से इस्तीफा

### सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली ज़मानत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच मंगलवार को कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वर्ष 2021-22 के लिए शराब नीति बनाने और उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रविवार शाम गिरफ्तार किया था। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है। जैन धनशोधन के एक मामले में तिहाड़ जेल में हैं।

उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इंकार कर दिया। सिसोदिया वर्तमान में सीबीआई की हिरासत में हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा, हम मौजूदा स्थिति में अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।

## इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए महत्वपूर्ण इंजन का परीक्षण किया



**एजेंसी/ बेंगलुरु**

चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण वाहन के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण को गति प्रदान करने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण सफल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि 24 फरवरी को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो प्रणोदन परिसर के हाई एल्टीट्यूड प्रक्षेपण केंद्र में 25 सेकंड की निर्धारित अवधि के लिए उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण किया गया था।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, परीक्षण के दौरान इंजन सभी प्रणोदन मानकों पर खरा उतरा और उसका प्रदर्शन अनुमान के मुताबिक मिला।

इसरो ने कहा कि क्रायोजेनिक इंजन के पूरी तरह से एकीकृत उड़ान क्रायोजेनिक चरण को साकार करने के लिए उसे प्रोपेलेंट टैंक, स्टेज स्ट्रक्चर और संबंधित द्रव लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा।इससे पहले, साल की शुरुआत में चंद्रयान-3 के लैंडर का तिरुपति स्थित यू आर राव उपग्रह केंद्र में सफल ईएमआईईएमसी परीक्षण किया गया था। उस समय इसरो ने कहा था कि उपग्रह मिशनों के लिए ईएमआईईएमसी (विद्युत चुंबकीय हस्तक्षेपाविद्युत चुंबकीय संगतता) परीक्षण अंतरिक्ष के वातावरण में उपग्रह प्रणाली की कार्यक्षमता और अपेक्षित विद्युत चुंबकीय स्तरों के साथ उसकी संगतता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा था, यह परीक्षण उपग्रह के निर्माण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है।

चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र अभियान है, जिसके तीन प्रमुख मॉड्यूल में प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और रोवर शामिल है।

**प्रयास** | प्रधानमंत्री मोदी भी रहेंगे उपस्थित

## बिहू नृत्य को गिनीज बुक में दर्ज कराने की कवायद

**एजेंसी/गुवाहाटी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहू नृत्य को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए गुवाहाटी में 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे। नृत्य कार्यक्रम में 11,140 नर्तक-नर्तकी और ढोल बजाने वाले कलाकार भागीदारी करेंगे। इस तरह, पहली बार इतनी बड़ी संख्या में इस लोक नृत्य में भागीदारी देखने को मिलेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहू को लोकप्रिय बनाने के मकसद से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम भारत के सभी राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को भी आमंत्रित करेंगे। हमारे मंत्री उन्हें आमंत्रित करने के लिए 20 से 30 मार्च तक राज्यों का दौरा करेंगे। शर्मा ने कहा कि इसके अलावा जी20 देशों और भारत में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के सभी राजदूतों और उच्चायुक्तों को भी इस मनोरम कार्यक्रम को देखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, कुल 11,140 नर्तक-नर्तकी और ढोल बजाने वाले कलाकार इसमें भाग लेंगे। लड़कों तथा लड़कियों का अनुपात 30:70 होगा। असम के प्रत्एक जिले के लोग इसमें भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिहू नृत्य की एक वीडियो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को भेज दी है, जिसने प्रारंभिक स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा, अगर हम योजना के अनुसार ऐसा करने में सफल रहें तो यह एक ही स्थान पर बिहू नृत्य का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। नृत्य की अवधि 15 मिनट की होगी। उन्होंने कहा कि अगले साल से राज्य सरकार शिवसागर तथा गुवाहाटी में सात दिवसीय बिहू महोत्सव आयोजित करेगी।



खास ख़बर

## बीआरजी ग्रुप के धावको ने फिर गाड़े अपनी प्रतिभा के झंडे

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/बहादुरगढ़/शिव कुमार यादव।** बहादुरगढ रनर्स ग्रुप के धावकों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 64 किलोमीटर की दौड़ में बहादुगढ़ के नाम के झंडे गाड़ दिये है। बीआरजी के धावक अपनी कडी मेहनत के दम पर हर मैराथन दोङ मे बहादुरगढ के लिए मेडल लाने मे नही चुकते है। इस बार भी बीआरजी के धावक प्रवीण सांगवान ने फरीदाबाद में आयोजित 64 किलोमीटर की दौड़ मात्र 6 घंटे में पूरी कर प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं बीआजी के धावक ब्रह्मप्रकाश ने दूसरा स्थान हासिल कर बहादुरगढ़ व बीआरजी ग्रुप का नाम रोशन किया है।




इस संबंध में जानकारी देते हुए बीआरजी के पेसर दीपक छिल्लर ने बताया कि बीते रविवार को प्रवीण कुमार सांगवान ने फरीदाबाद में आयोजित स्टेडियम रन में हिस्सा लेते हुए 6 घंटे की दौड़ में 64 किलोमीटर की दूरी तय कर पहला स्थान हासिल किया सांगवान जाने माने अल्ट्रारनर है उनका उद्देश्य टीम इंडिया को अल्ट्रारन में दर्शाना है। वहीं आदित्य ने शनिवार को दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित किंगसवे कैंप में दौड़ में हिस्सा लेकर ओपन कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही आयु वर्ग कैटेगरी में प्रदीप सांगवान ने पहला स्थान और ब्रहम प्रकाश ने दूसरा स्थान हासिल किया। दीपक छिल्लर ने पेसर की भुमिका निभाई। बीआरजी ग्रुप के झंडे नोएडा में भी गाड़े। यहां बता दें कि बीते कुछ सालो में आयोजित अलग-अलग प्रतियोगिताओं में बीआरजी ग्रुप में हर जगह अपनी जीत के झंडे गाड़ कर बहादुरगढ शहर का नाम रोशन कर रहा है। बी आर जी जहां भी जाते है अपनी छाप छोड़कर आते है। बहादुगढ़ वासियों ने बीआरजी धावकों की इस उपलब्धि के लिए उन्हे शुभ कामनाऐं व बधाई दी है।

## नजफगढ़ में तांत्रिक ने किया किशोरी से दुष्कर्म



**नजफगढ़ मेट्रो न्यूज़/नजफगढ़/शिव कुमार यादव।** बाबा हरिदास नगर थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जब पीड़िता गर्भवती हुई तब स्वजन को इसकी जानकारी हुई। किशोरी ने इसके लिए एक तांत्रिक को जिम्मेदार बताया है लिहाजा पुलिस ने आरोपित तांत्रिक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को बताया गया कि किशोरी की तबीयत कुछ महीनों से खराब चल रही थी। चिकित्सकों से उपचार के दौरान ही पीड़ित पक्ष को पता चला कि एक तांत्रिक उपचार कर सकता है। स्वजन पीड़िता को तांत्रिक के पास लेकर गए। आरोप है कि तांत्रिक ने बहला फुसलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह की स्मृति में डाक टिकट जारी

## ● वे किसान, मजदूर व गरीबों के सर्वमान्य नेता थे- अधिकारिता मंत्री

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** सोमवार को गुरुग्राम में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राव बीरेंद्र सिंह की स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह में डाक टिकट जारी की गई। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के सामाजिक न्याय राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव, डाक विभाग के सचिव विनीत पांडेय, चीफ पोस्टमास्टर हरियाणा सर्कल मीरा रंजन शेरिंग, पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा व आरती राव भी मौजूद थे। एक भव्य समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व भारत सरकार के डाक विभाग के सचिव विनीत पांडेय ने हरियाणा के पूर्व सीएम एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राव बीरेंद्र सिंह की जयंती पर उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी किया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा भेजा गया शुभकामना संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। डीएलएफ फेज-3 स्थित एंबिएंस आइलैंड के ए-डॉट एक्सपीरियंस हॉल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज दशकों के बाद देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थायी व पूर्ण बहुमत वाली सरकार मिली है। ऐसे में आजादी के बाद जिन महान हस्तियों को भुला दिया गया था, उनको आजादी के अमृत काल में एक-एक कर सम्मानित किया जा रहा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह की जयंती पर उनके सम्मान व स्मृति में जारी की गई डाक टिकट उन्ही प्रयासों का हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राव बीरेंद्र सिंह ने अपने सम्पूर्ण जीवन में सदैव किसान, गरीब व मजदूरों के हितों के लिए काम किया। वे आजादी के बाद चुने गए पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे।

कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह का सामाजिक जीवन एक खुली किताब है। वे किसान, मजदूर व गरीबों के ऐसे सर्वमान्य नेता थे जिन्हें लोग मसीहा की उपाधि देते हैं।

इस अवसर पर गुरुग्राम जिला परिषद की अध्यक्ष दीपाली चौधरी, रेवाड़ी नगर परिषद की अध्यक्ष पूनम यादव, रेवाड़ी जिला परिषद के अध्यक्ष मनोज यादव,गुरुग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद, पूर्व विधायक बिमला चौधरी, रेवाड़ी भाजपा के जिला अध्यक्ष हुकम सिंह यादव, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राम अभय सिंह सहित आसपास के क्षेत्र से आए अनेक गणमान्य उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी इस समारोह में आना था बताया गया कि उपराष्ट्रपति की तबीयत ढीली है जबकि मुख्यमंत्री आज से शुरू हो रहे चंडीगढ़ में विधानसभा सत्र के कारण नहीं पहुंचे हैं लेकिन उनके प्रतिनिधि आए थे।

**राव बीरेन्द्र का राष्ट निर्माण में अतुलनीय योगदानः उपराष्ट्रपति**

स्व. बीरेंद्र सिंह की स्मृति में डाक टिकट जारी करने के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता है कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय राव बीरेन्द्र सिंह के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया जा रहा है। 1857 की क्रांति के महानायक, शहीद - ए - आजम राव तुलाराम के वंशज, राव बीरेन्द्र सिंह एक सिद्धांतवादी राजनेता थे जो आजीवन देश के गरीब , किसान और मजदूर वर्ग की आवाज बुलंद करते रहे।

## मधुविहार के लोगों के लिए खतरा बन सकती है बीएसईएस की लापरवाही- सोलंकी



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** मधु विहार में लोगों की जान पर आए दिन खतरा मंडरा रहा है। बीएसईएस की बड़ी लापरवाही के चलते लोग परेशान है। मधुविहार के सातों ब्लॉक्स में कई जगह बीएसईएस के बिजली के खंभे गिरने की स्थिति में हैं तथा कई ब्लॉक्स में टूटे हुए पोल को लोहे को एंगल से जोड़ने की नाकाम कोशिश की गई है लेकिन इसके बावजूद भी खतरा ज्यों-की-त्यों बना हुआ है। काफी दिनों से बिजली के खंभे बदलने और नए खंभे लगाने के संबंध मे मधु विहार निवासियों और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों द्वारा बीएसईएस के स्थानीय कार्यालय में निवेदन किया जा रहा है लेकिन अभी तक इसपर कोई कार्रवाई नही की गयी। मधुविहार में कुछ जगहो पर तो बिजली के केबल बहुत नीचे लटकाए गए है जो हमेशा खतरों के संकेत देते रहते है। वहीं ऐसे ही हालात सी ब्लॉक बाल्मिकी मंदिर के नजदीक गली नं 4 में बने हुए है, वहां खंभे की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है एवं अन्य कई ब्लॉक्स में कुछ खंभे या तो जर्जर स्थिति में है या उन्हे तात्कालिक सपोर्ट से खड़ा किया गया है। आरडब्ल्यूए प्रधान रणबीर सिंह सोलंकी ने बताया कि इस संदर्भ में उन्होंने कई बार विभाग को लिखा भी है परंतु अभी तक स्थिति वैसे के वैसे बनी हुई है।

ये खंभे कभी भी खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्या विभाग किसी भयंकर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है और क्या उसके बाद ही विभाग संज्ञान लेगा। सोलंकी ने निवेदन किया है कि कृपया समय रहते पूरे मधु विहार के ब्लॉक्स के खंभों का निरीक्षण करवाकर नए खंभे लगवाने का कार्य बीएसईएस करे ताकि खतरों से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि बी-1 ब्लॉक की दस फीट की गली में पोल नही है। सी ब्लॉक गली न -3,में पोल टूट कर गिरनेवाला है।


## स्वामी दयानंद-सरस्वती जी के 200वें जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन




**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** स्वामी दयानंद सरस्वती जी के 200वें जन्मदिवस के अवसर पर उत्तम नगर के आर्य-समाज मंदिर में उनके जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जो कि बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर निगम पार्षद उर्मिला चावला व नरेंद्र चावला शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागतम-प्रस्तुति दी, जिसको सभी के द्वारा काफी सराहा गया। ध्रुव शास्त्री व आरती आर्या के मनमोहक भजनों ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया । इस आयोजन पर समाज के प्रति मुख्य-योगदान देने वाली मुख्य विभूतियों को जिसमें डॉ नीता कपाई को औषधालय व निशा शर्मा को (आर्ट-एंड-क्राफ्ट) में उल्लेखनीय योगदान के अलावा बी. पाण्डे को वैदिक प्रचार व अरुण आर्य, सुरेश धीमान को सर्वोत्तम-समाजिक योगदान देने पर उनके प्रोत्साहन हेतु स्वामी दयानंद सरस्वती 200वें जयंती-अवार्ड से सम्मानित गया। आयोजन के संचालक आर्य-समाज के महामंत्री अमर सिंह आर्या ने अपने संबोधन में आर्य-समाज की विशेष उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर आर्य-समाज के मुख्य उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए हर घर, हर-जन तक पहुंचाना हम सभी का मुख्य-लक्ष्य होना चाहिए । आयोजन के अंतिम चरण में (आर्य-समाज जागरूकता मिशन) के मंच संचालक महामंत्री अमरसिंह आर्य द्वारा आर्य समाज के हित में की जा रही उम्दा-कार्यशैली को सरहाते हुए काबिले तारीफ बताया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आर्य समाज जागरूकता-अभियान पर मिलकर काम करने के लिए एक साथ शपथ ग्रहण की।

# सीपी के दौरे से ठीक पहले सुबह नजफगढ़ सब्जी मंडी में चली गोली, 3 गिरफ्तार

**नजफगढ़ मेट्रो न्यूज़/नजफगढ़/शिव कुमार यादव।** शनिवार को दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोड़ा नजफगढ़ क्षेत्र के मुंढेला कलां गांव में दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले थे। सुरक्षा के तहत शुक्रवार रात से ही सड़कों और चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई थी लेकिन इतनी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद भी बदमाशों ने शनिवार की सुबह 4:00 बजे के करीब नजफगढ़ सब्जी मंडी के आढ़ती राजीव ऋषि पर हथियारों से हमला बोल दिया और उस पर कई राउंड फायरिंग की जिसमें से 2 गोलियां राजीव को एक पेट में और एक पीठ में लगी। हमलावर उसे मृत समझकर वहां से भागने लगे तो एक बदमाश का पैर गाजर की बोरी में फंस गया और उसे सब्जी मंडी में काम कर रहे लोगों ने पकड़ लिया। हालांकि पुलिस ने किसी तरह से इस मामले को कंट्रोल तो कर लिया लेकिन छिपा नहीं पाई बात आग की तरह पूरे शहर में फैल गई। मामला बाबा हरिदास नगर थाने का बताया जा रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 3 बदमाशों को गिरफ्तार करने का भी दावा किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वही घायल राजीव को विकास हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने उसकी गोलियां तो निकाल दी हैं लेकिन हालत अब भी गंभीर बताई जा रही है। यूं तो नजफगढ़ क्षेत्र बदमाशों का गढ़ बना हुआ है और आए दिन कोई न कोई वारदात होती ही रहती है। इतना ही नहीं अब तो बदमाश पूरी तरह से बेखौफ हो चुके हैं और वारदातों को अंजाम देने के लिए घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरा को भी अपना निशाना बना रहे हैं लेकिन नजफगढ़ पुलिस हो या बाबा हरिदास नगर पुलिस हो या फिर जाफरपुर पुलिस हो परिणाम वही ढाक के तीन पात के रूप में दिखाई देते हैं और पुलिस सिर्फ जांच की बात करती ही सुनाई पड़ती है। बात डीसीपी द्वारका की करें या थाना अधिकारियों की कोई भी इस संबंध में अपने आप को जवाब देने या कार्रवाई के लिए जिम्मेदार नहीं मानता जिससे स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। द्वारका जिला के पुलिस अधिकारी अब तो मीडिया से बात करने में भी आंखें चुराने लगे। बता दें कि शनिवार को सुबह 4:00 बजे के करीब कुछ बदमाशों ने झाडोदा रोड पर स्थित नजफगढ़ सब्जी मंडी मैं आढ़ती राजीव ऋषि पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज इस समय विकास अस्पताल में चल रहा है। यहां बता दें कि राजीव ऋषि ने कुछ समय पहले हरियाणा के मांडोठी गांव के एक व्यक्ति से 40 लाख रुपए उधार लिए थे लेकिन वह उसे पैसा नहीं दे पाया लेकिन जब दबाव बना तो राजीव के परिजनों वह पुराना रोशन पुरा गांव के लोगों ने लीले पहलवान और राजीव के बीच 25 लाख रुपए का फैसला करा दिया और उसे 25 लाख रुपए दे भी दिए। बताया जा रहा है कि लीले पहलवान को यह समझौता अंदरुनी रूप से मंजूर नहीं था लेकिन फिर भी उसने पंचायत की बात को मानते हुए समझौता मंजूर कर लिया और राजीव को कुछ ना कहने की बात कही। इस समझौते के कुछ साल बाद ही राजीव पर यह हमला होता है और इसमें लीले पहलवान का लड़का भी शामिल बताया जा रहा है जो इस समय पुलिस कस्टडी में है।



जिसको देखते हुए पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। एसीपी नजफगढ़ ने बताया कि मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें फाइनेंसर लीले पहलवान का लड़का भी है। जिन से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर देगी और सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

## भारतीय राजनीति में एक उभरता हुआ नाम है आलोक कुमार सिंह

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** युवा आलोक कुमार की हमेशा से राजनीति और सरकार के कामकाज में दिलचस्पी रही है। राजनीति के प्रति उनके जुनून ने उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। यह उसी का नतीजा है कि इतनी छोटी सी उम्र में उन्होने अपनी प्रतिभा व राजनीतिक पकड़ के दम पर एक सांसद श्री आर.के. सिंह के निजी सचिव के रूप में अपने करियर की शुरूआत की और बाद में बिजली, नई और नवीकरणीय ऊर्जा, सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री के सहायक निजी सचिव बन गए। आज उन्होने एक पोर्टल की शुरूआत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया है। जिसके दम पर वह राजनीति का एक उभरता हुआ नाम बन गये हैं और वह एक न केवल सफल युवा उद्यमी है बल्कि बहुत की कम समय में राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत की है। बिहार के छपरा शहर में जन्मे और पले-बढ़े आलोक की हमेशा से राजनीति और सरकार के कामकाज में दिलचस्पी रही है। राजनीति के प्रति उनके जुनून ने उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। बचपन से ही राजनीति में रुचि रखने वाले और चीजों को बनाने की आलोक की क्षमता ने उन्हे भारत के राजनेता (ू.चवसपजपबपंदवपिदकपं.बवउ) नामक एक अद्वितीय और अभिनव वेब पोर्टल लॉन्च करने के लिए प्रेरित किया। पोर्टल का उद्देश्य लोगों को अपने चुने हुए प्रतिनिधियों को अधिक कुशल और प्रभावी तरीके से खोजने और उनसे जुड़ने में मदद करना है। मंच कई प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करता है, जिसमें राजनेताओं के प्रोफाइल, उनकी उपलब्धियाँ और उनकी संपर्क जानकारी शामिल हैं। पोर्टल एक मंच भी प्रदान करता है जहां लोग चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपने विचार साझा कर सकते हैं।

आलोक' की राजनीति में यात्रा 21 साल की उम्र में शुरू हुई जब वे संसद सदस्य श्री आर.के. सिंह के निजी सचिव के रूप में चुने गये। इसके बाद श्री आर के सिंह भाजपा सरकार में बिजली, नई और नवीकरणीय ऊर्जा, मंत्रालय के मंत्री बने और आलोक कुमार सिंह सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री के सहायक निजी सचिव बने।



संसद में उनके समय ने उन्हें सरकार के कामकाज और राजनीतिक परिदृश्य को जानने और समझने का अवसर दिया। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एक मेहनती और कुशल कार्यकर्ता के रूप में अपना नाम बनाया, जो हमेशा नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते थे।

एक उद्यमी के रूप में आलोक' की सफलता और सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें विभिन्न क्षेत्रों से पहचान और प्रशंसा दिलाई है। उन्हें विभिन्न मंचों और सम्मेलनों में बोलने के लिए आमंत्रित किया गया है, जहां उन्होंने भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया है। उन्हें विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में भी चित्रित किया गया है, जहां उन्हें एक युवा और गतिशील नेता के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है, जिसमें बदलाव लाने की क्षमता है। राजनीति में अपने काम के अलावा, आलोक सामाजिक सेवा गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। वह समाज को वापस देने में विश्वास करते हैं और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों और धर्मार्थ संगठनों से जुड़े रहे हैं। समाज सेवा और लोक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों से लोगों का सम्मान और प्रशंसा अर्जित की है। आलोक' की यात्रा भारत भर के उन युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो दुनिया में बदलाव लाने की आकांक्षा रखते हैं। सार्वजनिक सेवा के लिए उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता ने उन्हें भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक सफल उद्यमी और एक सम्मानित नेता बना दिया है।

**जनसंपर्क** — दिल्ली पुलिस के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयांजित 'तरंग वेव आफ ट्रस्ट एंड बांडिंग' कार्यक्रम में दिया उदबोधन

## तरंग से खिलाड़ियों को मिल रही उपलब्धियां हासिल करने की प्रेरणा- संजय अरोड़ा



**नजफगढ़ मेट्रो न्यूज़/नई दिल्ली/नजफगढ़/शिव कुमार यादव।** आपकी सेवा में सदैव तत्पर दिल्ली पुलिस को आम नागरिक से जोड़ने के दिल्ली पुलिस अपने 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'तरंग वेव आफ ट्रस्ट एंड बांडिंग' कार्यक्रम का आयोजन कर रही है ताकि जनता के बीच दिल्ली पुलिस अपने जनसंपर्क को मजबूत बना सके। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस की ओर से बवाना के राजीव गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि तरंग के माध्यम से युवाओं को देश के लिए अधिक पदक और उपलब्धियां लाने की प्रेरणा मिल रही है। इस दौरान उन्होने सप्ताह भर से चल रही खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर उन्होंने उन कोचों की भी सराहना की जो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था दीपेंद्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त विवेक किशोर भी उपस्थित रहे। तरंग कार्यक्रम के तहत 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके अलावा रस्साकसी,कुश्ती प्रतियोगिता व अन्य ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें बवाना पुलिस स्टेशन और नरेला औद्योगिक क्षेत्र की टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त विवेक किशोर (उत्तरी रेंज) ने कहा कि तरंग के माध्यम से ग्रामीण युवा न केवल खेल के क्षेत्र में बल्कि आइआइटी दिल्ली और डीटीयू में भी शामिल हो सकते हैं। बाहरी उत्तर जिला के डीसीपी रवि कुमार सिंह भी मौजूद रहे। दिल्ली पुलिस सप्ताह के तहत इन दिनों जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में द्वारका जिला पुलिस की ओर से मुंढेला कलां गांव में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सौ से ज्यादा राष्टीय व अंतरराष्टीय स्तर के पहलवानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, विशेष आयुक्त सागरप्रीत हुड्डा, दंगल गर्ल के नाम से प्रसिद्ध गीता फोगाट, उपायुक्त एम हर्षवर्धन आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों व पहलवानों का ग्रामीणों द्वारा परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त संजय अरोड़ा गांव के बुजुर्ग और नौजवानों से मिले। उन्होंने कहा कि पुलिस आपके साथ है और एक बेहतर माहौल तैयार करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी कहा कि वे किसी भी मामले में पुलिस से निःसंकोच मिलकर अपनी बात कह सकते हैं। इस मौके पर मौजूद दंगल गर्ल गीता फोगाट ने ने युवाओं से अपील भी की जीवन में आगे बढ़ने के लिए कोई शार्टकट रास्ता न अपनाएं। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सुखराज कटेवा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

महिला पुलिस कामया का मिला शस्त्र संचालन प्रशिक्षण अशोक विहार स्थित उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त कार्यालय में महिला पुलिस कर्मियों के लिए शस्त्र संचालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

'दिल्ली पुलिस सप्ताह' के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शस्त्र संचालन को लेकर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में माडल टाउन पुलिस स्टेशन की वूमेन कांस्टेबल काजल ने पहला और ज्योति ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं मौर्य एन्क्लेव पुलिस स्टेशन की बलकेश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

खास खबर

## महज 38 दिन मेयर की मेयर बनी शैली ओबेरॉय, 1 अप्रैल को फिर होगा चुनाव



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** देर रात ही सही आखिर दिल्ली नगर निगम चुनाव के अस्सी दिन बाद आप की महिला मेयर बन की गई हैं। आप पार्टी की शैली ओबरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 वोटों से हरा दिया है। कुल मिलाकर दिल्ली को दस साल बाद कोई महिला मेयर मिली हैं। लेकिन इसमें सबसे दिलचस्प बात यह है कि आप की मेयर शैली ओबरॉय सिर्फ 38 दिन के लिए ही मेयर बनी है। क्योंकि एमसीडी नियमों के अनुसार मेयर का चुनाव सिर्फ एक साल के लिए होता है और शैली ओबरॉय के कार्यकाल की अवधि 31 मार्च को खत्म हो रही है। इसकी वजह यह है कि पहले तो परिसीमन की वजह से देर से एमसीडी के चुनाव हुए और फिर सदन की बैठक तीन बार हंगामे की वजह से मेयर का चुनाव स्थगित कर दिया गया। ऐसे में पहले साल के मेयर का कार्यकाल कम हो गया है।

## भारत बन रहा संकटग्रस्त दुनिया के भविष्य की उम्मीद



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** आज पूरी दुनिया संकटों से जूझ रही है। किसी को भी इन संकटों से निकलने का रास्त नही सूझ रहा है लेकिन भारत एक ऐसा देश है जो न केवल बड़ी चुनौतियों से निपटने में सक्षम है बल्कि संकटग्रस्त दुनिया के भविष्य की उम्मीद भी है। इसीलिए आज पूरा विश्व भारत की तरफ देख रहा है। यह कहना है माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक एवं बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स का जिन्होने अपने ब्लॉग 'गेट्स नोट्स' में कहा कि भारत भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है और इस देश ने साबित कर दिया है कि जब दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, तब भी भारत बड़ी समस्याओं को एक बार में हल कर सकता है। साथ ही उन्होने भारत की आर्थिक नीतियों व उपलब्धियों की भी सराहना की। बिल गेट्स ने कहा कि उनका मानना है कि सही नवाचारों और वितरण चैनलों के साथ दुनिया एक साथ बहुत सारी बड़ी समस्याओं पर प्रगति करने में सक्षम है। ऐसे समय में भी जब दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है और आमतौर पर प्रतिक्रिया मिलती है कि एक ही समय में दोनों को हल करने के लिए पर्याप्त समय या पैसा नहीं है, भारत ने सभी प्रतिक्रियाओं को गलत साबित कर दिया है। गेट्स ने अपने ब्लॉग में कहा, 'भारत ने जो उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, उससे बेहतर और कोई प्रमाण नहीं है। पूरे भारत ने मुझे भविष्य के लिए उम्मीद दी है। यह दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने वाला है, जिसका अर्थ है कि आप बड़े पैमाने पर उन्हें हल किए बिना अधिकांश समस्याओं से निजात नहीं पा सकते हैं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अचानक गुपचुप तरीके कीव पंहुचे बाइडन, लोग हैरान

### रूस ने अमेरिका से न्यूक्लियर संधि की खारिज, चीन ने कहा बाइडेन ने आग में घी डाला



**नजफगढ़ मेट्रो न्यूज़/नई दिल्ली/ नजफगढ़/ शिव कुमार यादव।** युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचकर दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया। यूक्रेन पहुंचने के लिए बाइडन ने जो गुप्त योजना बनाई वह अब मीडिया में चर्चा का विषय बन गई है। बाइडन 20 फरवरी को स्टइलिश चश्मे, डिजाइनर ओवरकोट और पॉलिश्ड जूतों में कीव पहुंचकर रूस को कड़ा संदेश दिया। बाइडन अपनी इस 'सरप्राइज विजिट' के बाद अमेरिकी मीडिया में स्टार बन गए हैं। हालांकि रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमेरिका के साथ न्यूक्लियर संधि को खत्म कर दिया। वहीं चीन ने इसे बाइडेन की आग में घी डालने की बात कही।

**ऐसी रही बाइडन की गुप्त यात्रा**

बाइडेन की यह यात्रा सोमवार सुबह अचानक से वाशिंगटन स्थित सैन्य हवाई अड्डे हैंगर में आधी रात में शुरू हुई। जो बाइडेन एक वायु सेना बोइंग 757 में सवार हुए, जिसे सी-32 के रूप में जाना जाता है। पंद्रह मिनट बाद बाइडन, कुछ सुरक्षाकर्मी, एक छोटी मेडिकल टीम, करीबी सलाहकार, और दो पत्रकार युद्ध क्षेत्र के रास्ते से यात्रा पर निकल गए।

**जर्मनी-पोलैंड के रास्ते भरी उड़ान**

उन्होंने ईंधन भरने के लिए वाशिंगटन से रामस्टीन, जर्मनी में अमेरिकी सैन्य अड्डे तक लगभग सात घंटे तक उड़ान भरी। यहां भी उनके प्लेन की विंडो शेड नीचे ही रहे और वे प्लेन से बाहर तक भी नहीं निकले। उनकी अगली उड़ान पोलैंड के लिए थी, जो रेज़्ज़ो-जेसिओनका हवाई अड्डे पर उतरी।

**जोखिम भरी ओवरनाइट साइलेंट ट्रेन में यात्रा**

स्थानीय समयानुसार रात के 9:15 बज चुके थे, तब बाइडन ओवरनाइट साइलेंट ट्रेन में सवार हो गए। तब पत्रकारों को भी सवार होने के लिए कहा गया था। ट्रेन में अधिकांश लोग भारी सुरक्षा वाले थे। यूक्रेन में यह 10 घंटे की यात्रा, किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा की गई यात्रा से अलग थी। एक सक्रिय युद्ध क्षेत्र में ट्रेन से यात्रा करना, जहां अफगानिस्तान या इराक में राष्ट्रपति के दौरे के विपरीत, अमेरिकी सैनिक सुरक्षा प्रदान करने वाले मौजूद नहीं हैं।

**सुबह 8:07 बजे बाइडन पहुंचे यूक्रेन**

बाइडन जिस ट्रेन में सवार हुए थे वह सुबह आठ बजकर सात मिनट पर कीव में दाखिल हुई थी। जो बाइडन ने यहां पहुंचने पर कहा कि कीव में वापस आना अच्छा लग रहा है। इससे पहले वह बाइडन ने यूक्रेन का दौरा तब किया था जब वे ओबामा की सरकार में उप राषट्रपति के पद पर तैनात थे।

रूस-यूक्रेन जंग को 24 फरवरी को एक साल पूरा हो रहा है। इससे ठीक 3 दिन पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के लोगों को संबोधित किया। पुतिन ने कहा- रूस ने शुरुआत में जंग को टालने के लिए तमाम डिप्लोमैटिक कोशिशें कीं, लेकिन नाटो और अमेरिका ने इन्हें कामयाब नहीं होने दिया। हम अब भी बातचीत चाहते हैं, लेकिन इसके लिए शर्तें मंजूर नहीं हैं। पुतिन ने कहा- यूक्रेन को लॉन्ग रेंज डिफेंस सिस्टम दिए जा रहे हैं। हमारे बॉर्डर पर इसकी वजह से खतरा मंडरा रहा है। रूस और यूक्रेन का मामला लोकल था। अमेरिका और उसके साथियों ने इसे दुनिया का मसला बना दिया। रूस 2011 में अमेरिका के साथ किया गया एटमी करार भी सस्पेंड कर रहा है।

**वेस्टर्न पावर्स की वजह से हुई जंग की शुरुआत**

पुतिन ने कहा- सच्चाई ये है कि इस जंग की शुरुआत वेस्टर्न पावर्स की वजह से हुई। हमने उस वक्त भी हर मुमकिन कोशिश की। वो लोग कीव और यूक्रेन के कंधों पर रखकर बंदूक चला रहे हैं, उन्हें मूर्ख बना रहे हैं। हम अपने वतन की हिफाजत करना बखूबी जानते हैं। अमेरिका और उसके साथी महज अपना दबदबा बढ़ाने की साजिश की खातिर दूसरों को मोहरा बना रहे हैं। वेस्टर्न पावर ने ही जंग के जिन्न को बोतल से बाहर निकाला है, और वो ही इसे वापस बोतल में डाल सकते हैं। हम तो सिर्फ अपने देश और लोगों की हिफाजत करना चाहते हैं और यही कर भी रहे हैं।

हमें तो वेस्टर्न पावर्स से भी बातचीत करने में कोई दिक्कत नहीं है। हम चाहते हैं कि हमारे बीच जॉइंट सिक्योरिटी स्ट्रक्चर हो। इसके लिए मैंने खुद कई साल तक कोशिश की, लेकिन अमेरिका और दूसरे वेस्टर्न पावर हल चाहते ही नहीं है। हमें हमेशा इग्नोर किया गया।

## शिवसेना पर उद्धव गुट को चुनाव आयोग के बाद अब एससी से भी झटका



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** चुनाव आयोग के अब सुप्रीमकोर्ट से भी शिवसेना पर उद्धव गुट को झटका मिला है। सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव गुट की मांग को ठुकरा दिया है। उद्धव गुट ने चुनाव आयोग के फ़ैसले पर रोक की माँग की थी। दरअसल, चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को ही असल शिवसेना घोषित कर आधिकारिक निशान यानी चुनाव चिन्ह भी शिंदे गुट को ही दे दिया था। उद्धव गुट को इसमें केंद्र सरकार की तरफ़दारी दिख रही थी। उद्धव ठाकरे ने आरोप भी लगाया था कि सब कुछ केंद्र सरकार के इशारे पर चल रहा है। हमें नीचा दिखाया जा रहा है, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग के फ़ैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि शिंदे गुट ने आयोग के सामने खुद को साबित किया है इसलिए रोक लगाने की कोई गुंजाइश नहीं बचती। कोर्ट ने शिंदे गुट से यह ज़रूर कहा है कि चूँकि वे अब आधिकारिक रूप से शिवसेना हैं इसलिए पूरी तरह अलग होने या कोई अंतिम फ़ैसला आने तक ऐसा कोई व्हिप जारी न करें जिसका पालन न करने पर उद्धव गुट के विधायकों या सांसदों की सदस्यता पर ख़तरा मंडराने लगे। शिंदे गुट ने कोर्ट की इस बात का मान रखा जो कि रखना ही था। पार्टी कार्यालयों और बैंक खातों के बारे में भी सावधानी बरतने को कहा गया है। हालाँकि कोर्ट ने इस मामले में भी यथास्थिति का आदेश देने से साफ़ इनकार कर दिया है।

## इंडिगों की फ्लाइट से उतारे गये कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, दिल्ली पुलिस ने लिया हिरासत में



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट्स से रायपुर जाने की तैयारी कर रहे कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा को वीरवार को दिल्ली पुलिस ने फ्लाइट् से उतारकर हिरासत मे लेने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पूरा मामला क्या है इस पर अभी पुलिस या एयरपोर्ट विभाग कोई भी कुछ भी बोलने को तैयार नही है। इस घटना के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गए हैं और इसका विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दिल्ली हवाई अड्डे पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि असम में कोई मामला दर्ज हुआ है और दिल्ली पुलिस खेड़ा को रनवे से अपने साथ ले गई।

## हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड को 123 संपत्तियों पर अलग से याचिका दायर करने का दिया निर्देश




**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड को 123 संपत्तियों से संबंधित सभी मामलों से बोर्ड को जिम्मेदारी से मुक्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने के लिए अलग याचिका दायर करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के आवेदन पर तत्काल आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जो कि 123 संपत्तियों को हटाने के लिए केंद्र की कार्रवाई के खिलाफ पिछले साल दायर लंबित याचिका में दायर किया गया था। अदालत ने बोर्ड से पत्र को चुनौती देने के लिए अलग से मूल याचिका दायर करने को कहा और आवेदन को लंबित याचिका के साथ सुनवाई 4 अगस्त तय की है। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के 8 फरवरी के पत्र को चुनौती देते हुए आवेदन दायर किया है। सुनवाई के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि बोर्ड को संबंधित संपत्तियों से मुक्त करने के लिए केंद्र के पास शक्ति का कोई स्रोत नहीं है। मेहरा ने कहा यदि आपके पास शक्ति नहीं है तो आप वैधानिक योजना के तहत कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि संपत्तियों को 1970, 1974, 1976 और 1984 में किए गए चार सर्वेक्षणों के माध्यम से स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया और बाद में भारत के राष्ट्रपति द्वारा यह स्वीकार किया गया कि वे वक्फ संपत्तियां है। दूसरी ओर केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि बोर्ड द्वारा दायर आवेदन में प्रार्थना पूरी तरह से लंबित याचिका के दायरे से बाहर है।

## लाहौर में जावेद अख्तर का बड़ा बयान, कहा- मुंबई हमले के आतंकी यहां खुलेआम घूम रहे

### ● पाकिस्तान के लाहौर में मशहूर उर्दू शायर फैज अहमद फैज की याद में हुए प्रोग्राम में बोल रहे थे जावेद अख्तर




**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/लाहौर/ शिव कुमार यादव।** जावेद अख्तर ने पाकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मुंबई हमले की साजिश रचने वाले यहां खुलेआम घूम रहे हैं। अख्तर उर्दू शायर फैज अहमद फैज की याद में हो रहे एक कार्यक्रम में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने उनसे पूछा कि आप कई बार पाकिस्तान आ चुके हैं। जब आप वापस जाएंगे तो क्या अपने लोगों से कहेंगे कि पाकिस्तानी अच्छे लोग हैं। इस सवाल के जवाब में अख्तर ने कहा- हमें एक-दूसरे पर इल्जाम नहीं लगाना चाहिए। इससे कोई मसला हल नहीं होगा। हमने देखा है कि मुंबई पर हमला कैसे हुआ। वो आतंकवादी नॉर्वे या इजिप्ट से नहीं आए थे। वो आतंकवादी आपके देश में ही खुलेआम घूम रहे हैं। हिंदुस्तानियों ने इसके खिलाफ शिकायत की है। उन्हें इससे परेशानी है।

**अली जफर के साथ अख्तर ने गाया...एक लड़की को देखा तो**

पाकिस्तानी सिंगर और एक्टर अली जफर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो जावेद अख्तर के साथ नजर आ रहे हैं। इसमें अली, जावेद अख्तर के लिखे हुए सॉन्ग ÷एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' गा रहे हैं। जावेद अख्तर भी अली जफर के साथ गाना गाते नजर आए। इस महफिल में दूसरे पाकिस्तानी कलाकार और सेलेब्रिटीज भी मौजूद थे।

**लता का एक भी कार्यक्रम आपके देश में नहीं हुआ**

जावेद अख्तर ने लता मंगेशकर की पाकिस्तान में परफॉर्मेंस के मसले पर भी बात की। उन्होंने कहा, ÷हमने नुसरत फतेह अली खान और मेंहदी हसन के लिए हिंदुस्तान में बड़े-बड़े कार्यक्रम किए हैं। दूसरी ओर आपके देश में कभी भी लता मंगेशकर का कोई प्रोग्राम नहीं किया गया।

**कंगना ने तारीफ की- घर में घुसकर मारा**

कंगना रनोट ने जावेद अख्तर के बयान की तारीफ की है। उन्होंने कहा, जब मैं जावेद साहब की कविता सुनती हूं तो लगता था कि ये कैसे मां सरस्वतीजी की इन पर कृपा है, लेकिन देखो कुछ तो सच्चाई होती है इंसान में, तभी तो खुदाई होती है, उनके साथ में। जय हिंद। घर में घुसकर मारा।

## टैक्स के नाम पर और कितना लुटा जाएगा हमें? - हिमांशु सेठी



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/भावना शर्मा।** हम आम जनता को टैक्स के नाम पर ना जाने कितना लूटा जा रहा है। अमीर लोग तो इस टैक्स को आसानी से भर देते हैं, लेकिन गरीब जनता उनका क्या? वो तो इन टैक्स के बोझ तले दब जाते है उन्हे कभी इनकम टैक्स के नाम पर, कभी जी.इस.टी, कभी सेल्स टैक्स, कभी जुर्माने, कभी रिश्वत, कभी ब्याज़ के नाम पर लूटा जाता है। उदाहरण के तौर पर हमें कब, कहा और कैसे लूटा जाता हैं समझते हैं-

मैने नौकरी की उसके बदले मुझे सैलरी मिली उसपे इनकम टैक्स दिया, लाइसेंस बनवाया उसपे टैक्स दिया, कार खरीदी उसपे टैक्स दिया, रोड पे गाडी चलाई उसपे रोड टैक्स दिया, हाईवे पे गया तो टोल टैक्स दिया, कार की सर्विस कराई उसपे टैक्स दिया, अगर सडक पे कोई रूल तोड़ा तो उसपे जुर्माने के तौर पे टैक्स दिया, घर खरीदा उसपे टैक्स दिया, बिजली का बिल भरा तो टैक्स दिया, पानी का बिल दिया तो टैक्स दिया, हाउस रेंट के नाम पे टैक्स दिया, मोबाइल लिया उसपे टैक्स दिया, रिचार्ज करवाया उसपे टैक्स दिया, टेलीविज़न खरीदा उसपे टैक्स दिया, डी.टी.एच खरीदा उसपे टैक्स दिया, उसका रिचार्ज करवाया उसपे टैक्स दिया, और तो और रेस्टोरेंट में खाना खाया उसपे भी टैक्स दिया।

मॉल गया तो पार्किंग और पार्किंग पे टैक्स दिया, राशन, पानी, जूते, कपड़े, बच्चों की किताबे खरीदी उसपे टैक्स दिया, बच्चों का एडमिशन करवाया उसपे टैक्स दिया, बच्चों को झूला खिलाया उसपे भी टैक्स दिया, बीमार हुए तो हॉस्पिटल गये उसपे टैक्स दिया, दवाई खरीदी उसपे टैक्स दिया, इन्श्योरेंस करवाया उसपे भी टैक्स दिया, लोन लिया तो उसपे टैक्स दिया, ब्याज़ दिया उसपे टैक्स दिया। इसके बाद अगर गलती से कुछ बच गया तो इनकम टैक्स के नाम पर टैक्स दिया।

सब कुछ ठीक होता अगर पूरी उम्र काम करने के बाद जब हम लोग रिटायर होते तो हमें मिलती कोई सोशल सिक्योरिटी, इन्श्योरेंस, हेल्थ बेनीफिट, ट्रांसपोर्ट की सुविधा लेकिन हमें मिलता क्या हैं - खराब हवा, आस-पास गन्दगी, सीवर की लाइन खराब, नालिया बंद, सडक पे आवारा पशु ऐसे ही घुमते रहते हैं, रोड टैक्स देने क बाद भी स्ट्रीट लाइट खराब, गड्ढे वाली सड़क जो लगता हैं कि सड़क कम और गड्ढे ज़्यादा हैं, कोई पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं, फल और सब्ज़िया ज़हरीली, इलाज के लिए महंगे हॉस्पिटल, शिक्षा के लिए महंगे स्कूल, महंगाई अपनी चरम सीमा पर हैं तो हम लोगों का पैसे गया कहा?

आज ज़रूरत हैं कुछ सवाल करने की, सवाल जो हमारे और हमारे बच्चों के भविषय से जुड़े हैं, सवाल जिसका आधार हिन्दु-मुस्लिम ना होकर जन सुविधाएं होनी चाइये, सवाल जिनसे हम आम जन मानस को फ़ायदा मिले ना कि सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगपतियों को।

**अब कोशिश करते हैं पता करने की के हमारा सारा पैसा जाता कहा हैं -**

- ☐ बड़े बड़े उद्योगपतियों के पास
- ☐ इलेक्शन में,
- ☐ करप्शन में,
- ☐ विधायक खरीदने में,
- ☐ उद्योगपतियों को बहार भागाने में,
- ☐ नेताओं को मुफ्त सब्सिडी देने में,
- ☐ नेताओं के लिए निजी ऐशो-आराम खरीदने में,
- ☐ नेताओं को मुफ्त सिक्योरिटी देने में।

आखिर कब तक जनता को ऐसे ही बेवकूफ बनाया जायेगा, उन्हे ऐसे ही लूटा जायेगा। बस अब वक़्त आ गया हैं कि लोगों को उठना चाहिए और सवाल करना चाहिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार से।

मामला | गैंगस्टर लॉरेंस और उसके करीबियों के ठिकानों पर यह रेड हुई हैं

## गैंगस्टर-टेरर फंडिंग मामलें में देश के 8 राज्यों में 72 जगह एनआईए का छापा



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** गैंगस्टर-टेरर फंडिंग मामलें में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मंगलवार सुबह आठ राज्यों में 72 जगह छापेमारी की है। गैंगस्टर लॉरेंस और उसके करीबियों के ठिकानों पर यह रेड हुई हैं। एनआईए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश में एक साथ कार्रवाई कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए को बिश्नोई और बवाना गैंग को पाकिस्तान से फंडिग की जा रही है, जिसका इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में जेल में बंद लॉरेंस और नीरज बवाना ने भी हथियार सप्लायर गिरोह और टेरर फंडिंग की बात कबूली थी। एनआईए को रेड के दौरान कई जगह हथियार भी मिले हैं। एनआईए सितंबर 2022 से अब तक पंजाब और हरियाणा में एक्टिव गैंगस्टर्स लॉरेंस, नीरज बवाना, बंबीहा सहित उत्तर भारत में फैले इनके सिंडिकेट से जुड़े लोगों पर एक्शन ले चुकी है।

**राजस्थानः विदेशी हथियारों की तस्करी का इनपुट, चार जिलों में रेड**

राजस्थान में लॉरेंस और नीरज बवाना से जुड़े नेटवर्क को लेकर छप्। का ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि एनआईए को इनके पास तस्करी के विदेशी हथियार मिलने का इनपुट है। छप्। जोधपुर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित बीकानेर- श्रीगंगानगर सहित बॉर्डर के कुछ इलाकों में कार्रवाई कर रही है।

**पंजाबः लॉरेंस, लखबीर और गोल्डी बरार के गुर्गों पर एक्शन**

एनआईए ने कनाडा में बैठकर पंजाब में आतंक फैला रहे लखबीर लंडा के अलावा गैंगस्टर लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के करीबियों के ठिकानों पर दबिश दी है। कुछ दिन पहले ही लखबीर लंडा को एनआईए ने आतंकी घोषित किया है और लगातार उसके करीबियों पर नजर रखी जा रही थी। उन्हीं के ठिकानों पर छप्। ने रेड की है।

**हरियाणाः शराब कारोबारियों समेत गैंगस्टर चीकू के घर दबिश**

इधर, हरियाणा के नारनौल में एनआईए ने अलसुबह गैंगस्टर सुरेंदर उर्फ चीकू के ठिकानों पर रेड की। एनआईए ने गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के गांव मोहनपुर स्थित निवास के अलावा नारनौल की सेक्टर 1 में रह रहे उसके रिश्तेदार के यहां भी रेड की। इस दौरान स्थानीय पुलिस और सीआईए की टीम भी साथ थी।

खास ख़बर

## किसानों की समस्याओं के समाधान हेतू भाकियू ने दिया एसडीएम नजफगढ़ को ज्ञापन



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नजफगढ़/शिव कुमार यादव।** दिल्ली में पिछले काफी समय से सरकार की लापरवाही के चलते परेशानी झेल रहे नजफगढ़ देहात के किसानों ने अपनी समस्याओं के समाधान हेतू मंगलवार को नजफगढ़ एसडीएम अमित काले को भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में एलजी दिल्ली, मुख्यमंत्री केजरीवाल, मंत्री कैलाश गहलोत, डीएम कापसहेड़ा के नाम के ज्ञापन सौंपें है। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र डागर की अध्यक्षता में सैंकड़ों की संख्या में एसडीएम कार्यालय पंहुचे किसानों ने दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और अपने हकों की 5 सुत्रीय मांग भी रखी। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष विरेन्द्र डागर ने बताया कि ज्ञापन में किसानों 5 सूत्री मांगों को रखा गया है और सरकार व एलजी महोदय से उम्मीद की जा रही है कि माननीय किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। हालांकि ये समस्याऐं काफी समय से लंबित है और सरकार इन पर कोई संज्ञान नही ले रही है। जिसे देखते भाकियू ने एलजी साहब से विशेष अनुरोध किया है ताकि किसान अपनी गुजर-बसर ठीक से कर सकें।

**किसानों की 5 सूत्री मांगें-**

1- पिछले वर्ष बे-मौसम बारिश व ओलावृष्टि से खेती को हुए नुकसान को देखते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने मुआवजे की घोषणा की थी, व उस नुकसान की भरपाई के लिये पैसे भी रीलीज किए थे, लेकिन एक वर्ष बाद भी किसानों को मुआवजा नहीं मिला है ,इसीलिए किसान यूनियन किसान हित को ध्यान में रखते हुए यह मांग करती हैं की सभी किसानों को उजाड़े का मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए।

2- अधिकारियों व मंत्रियों से कहने के बाद भी डीएपी व यूरिया पर भी निजी दुकानदारों के द्वारा किसानों से मनमर्जी के दाम वसूले गये व दूसरे सामान को जबरदस्ती थोपा गया। इसीलिए भारतीय किसान यूनियन सरकार से मांग करती है कि सरकारी खाद व बीज की दुकान खोली जाए व संबंधित अधिकारियों से मीटिंग की व्यवस्था की जाए।

3- एक तरफ तो दिल्ली सरकार फ्री बिजली की घोषणा करती हैं, लेकिन दिल्ली के किसानों से ट्यूबवैलो का मनमाना बिल वसूल रही है, जिससे किसानों की खेती की लागत काफी ज्यादा हो जाती है, इसीलिए किसान यूनियन किसानों के हित को देखते हुए ट्यूबवैलो के बिल को पूरा माफ़ करने की मांग करती हैं तथा इस तरफ़ भी आपका ध्यान दिलाना चाहते हैं कि किसानों के खेतों में जो बिजली के खंम्बे गाड़े थे तब बिजली विभाग सरकारी था तो किसानों ने देश हित में अपनी ज़मीन को फ्री दिया था लेकिन अब जब यह विभाग निजी कंपनियों के पास है तो किसान यूनियन वह मांग करती है कि किसानों को उसकी जमीन का किराया भी दिया जाए व बिजली विभाग के अधिकारियों से उसकी मीटिंग की व्यवस्था की जाए।

4- पिछले लगभग 5 वर्षो से म्यूटेशन व इंतकाल रोके जाने पर किसानों को भारी समस्या हो रही है। कृपया इस रोक को तुरंत प्रभाव से खत्म किया जाए ।

# लंबी रेस के घोड़े साबित हो रहे बीआरजी के धावक, स्थापित कर रहे नये कीर्तिमान

● 1011, 851 व 421 किलोमीटर में भी गाड़े सफलता के झंडे, जीता यंगेस्ट शीर्ष सम्मान






**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** बहादुरगढ़ के बीआरजी ग्रुप के धावक अब लंबी रेस के घोड़े साबित हो रहे है। बीआरजी के धावक हर रेस व रन में न केवल मेडल जीत रहे है बल्कि हर इवेंट में नये कीर्तिमान भी स्थापित कर रहे है। इसबार बार बीआरजी के धावकों ने अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाते हुए 421, 851 व 1011 किलोमीटर की बड़ी मैराथन दौड़ों में भी यह साबित कर दिया है कि वो किसी से कम नही है। इस इवेंट में एक खास बात यह भी रही कि 62 साल के धावक सतीश देशवाल ने 851 किलोमीटर की रेस में यह साबित कर दिया कि उम्र एक संख्या मात्र है। वही विजय सिंह ने 1011 किलोमीटर व शालु दुदेजा ने 421 किलोमीटर का चेलेंज एक महीने में पूरा कर टाइटल अपने नाम किया। अब देश-विदेश में भी बीआरजी ग्रुप के चर्चे होने शुरू हो गये है और धावक यंगेस्टों के लिए नये उदाहरण बन रहे हैं।

बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप (बी आर जी) ग्रुप द्वारा (एन जी एम) नोएडा ग्रैंड मैराथन के साथ मिलकर बहादुरगढ़ के लोगों मे रनिंग और फिटनेस के प्रति जागरुकता लाने के लिए एक महीने का ÷जो जीता वहीं सिकंदर चैलेंज÷ का दुसरे साल भी आयोजन किया गया। जिसका उदेश्य व्यस्त जिंदगी में से लोगों द्वारा अपने शरीर के लिए कम से कम एक घंटा निकालने के लिए प्रेरित करना था।

**फिटनेस का मंतर कम से कम आधा घंटा रोज**

ग्रुप के दीपक छिल्लर ने बताया कि इस चेलेंज में प्रतिदिन रन या वॉल्क करके रिकॉर्ड करना था। जो एक महीने मे सबसे ज्यादा रन और वॉल्क करेगा वो विजेता होगा जिस मे बहादुरगढ़ शहर और बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के सभी आयु के लोगो ने भाग लिया। यह चैलेंज 8 जनवरी से 7 फरवरी 2023 तक चला। जिसमे 250 से अधिक लोग इस बार भाग लिया। इसमे 75 लोग इस चैलेंज को लगातार कर पाए। सभी सुबह-,शाम सेक्टर 9, एच एल सिटी, स्टेडियम, हाईस्कूल और जहा भी होते वहीं किसी भी जगह की अपनी रन और वॉक की गतिविधि करते और रनिंग एप मे रिकॉर्ड करके भेज देते थे। जो कि सेन्सर के जरिए जांची जाती थी इसके साथ ही आपस मे मुकाबला होने के कारण कोई किसी भी दिन चूकता नहीं था। रोज सबकी गतिविधि की कुल दुरी लीडर बोर्ड पर अपडेट हो जाती थी। सुबह सभी की गतिविधि आ जाती थी अगर कोई किसी कारण से सुबह रन नहीं कर पाता तो वह दोपहर या शाम को करके चैलेंज को बरकरार रखता था। इससे वो अपनी फिटनेस के लिए रनिंग और वॉल्क तो कर ही रहे थे साथ मे फैमिली और आस पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करते थे।

प्रतिभागी सुनिल बेनीवाल ने बताया की सुबह उठकर सिर्फ हम आज का दूरी का टारगेट सेट करते और रन के लिए निकल जाते, वहीं प्रदीप ने बताया की इससे हमारी प्रतिदिन सुबह रन की आदत बन गई है। वही नवीन जैन ने बताया की उनका प्रतिदिन अभ्यास करने से दौड़ के समय मे सुधार आया है। वहीं विनोद राठी ने बताया की प्रतिदिन सुबह वाक पर जाने से अब मेरा सामाजिक सर्कल बढ़ गया है। वहीं प्रोसेसर नीरज ने बताया की मे अब वे दिन सक्रिय रहते हैं। ताराचंद कौशिक ने बताया की अब वे अपनी व्यस्त जीवन से अपने शरीर के लिए 1 घंटा निकालने लगे हैं। वहीं शक्ति राणा,सुचेत शौकीन,प्रदीप सांगवान ने चैलेंज के बाद 5 किलो वजन कम किया है। करीब 35 लोगों ने एक महीने मे 250 कि मी से ऊपर की दुरी तय की है। वहीं जो जीता वहीं सिकन्दर के टाइटल के से मुकाबला भी काफी रोमाचक रहा। एन जी एम मैंराथोन के संस्थापक दीपक मेहरा द्वारा सभी चैलेंज के टॉप तीन रनर्स को ट्रॉफी भेजी गई। बी आर जी पंवाट पर सुचेत शौकीन, ओलिम्पियन कर्नल संतकुमार, नेशनल मेडलिस्ट मुकेश कुमार दहिया ने सभी विजेता को ट्राफी देकर सम्मानित किया। ग्रुप के जाने माने अल्ट्रा रनर्स प्रवीण सांगवान, बादल तेवतिया, सिकंदर लाम्बा, सुरेंद्र दलाल, मुकेश दहिया, गुलाब सिंह, निकुंज, नील, प्रवीन सुत्र, हितेश, शुभम, धर्मवीर, अवनेश, अत्रि, प्रवेश, जयदेव राठी, नवीन राणा ,एन के शर्मा, ब्रह्म प्रकाश, प्रदीप सांगवान, यशवीर, विक्रम दत्ता, नरेन्द्र राम, कोशल शर्मा गौतम, विजय अहलावत, अजय कडेल, निर्जन, रमेश शर्मा, अनिल शरण, गौतम, नीरज छिल्लर, अरुण बिजयरन, सास्वत, गौरव, अभिषेक, नमित, अनुराग ने सब को चैलेंज पुरा करने की बहुत सारी शुभकामनाएं दी और सभी के बेहतर स्वास्थ की कामना भी की। सभी चैलेंज पुरा करने वालो को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

इस चैलेंज में बिजय सिंह ने 1011 कि. मी. करके पहला स्थान, उम्र एक संख्या मात्र है। 62 साल के सतीश देशवाल ने ये साबित कर दिखाया एक महिने मे रन और वॉल्क करके 851 किलोमीटर की दुरी तय करके ओपन कैटेगरी मे दूसरा स्थान हासिल किया युवा वर्ग के लिए बने प्रेरणा के स्रोत बने जीता यगेस्ट शीर्ष टाइटल वहीं एन के नारा 2022 के विजेता इस साल तीसरे पायदान पर 690 कि मी. करके रहें। महिलाओ मे शालु डुडेजा ने 420 किलोमीटर की दुरी तय करके पहला स्थान हासिल किया साबित किया म्हारी छोरी छोरा से कम थौडी है। वही डा किरण छिल्लर दुसरे स्थान पर उर्मिला कडेल तीसरे स्थान पर रही फिटनेस के लिए महिलाओ को प्रेरित किया। वहीं 50 प्लस आयु में जगदीश राठी ने 300 कि. मी.करके पहला स्थान, ताराचंद कौशिक ने 251 कि. मी. करके दूसरा स्थान वहीं धर्मवीर सैनी, भृगु कुमार दोनो 171 कि. मी. करके तीसरे स्थान पर रहें। चैलेंज के बाद सभी प्रतिभागी आधे से एक घंटा रोज अपनी सेहत के लिए निकालने लगे है। यहां बता दे की बी आर जी ग्रुप पिछले 3 साल से सक्रिय काम कर रहा है और लोगों को फिटनेस के प्रति जागरुप कर रहा है। बी आर जी ग्रुप से जुड़ना बड़ा ही सरल है। यहा कोई चार्ज नहीं होता। आपको बस प्रतिदिन सेक्टर- 9 पार्क पर बी आर जी पॉइंट पर मिलना होता है और अपनी एक्टिविटी शेयर करनी होती है। इसके अलावा ग्रुप के सदस्य आपको समय-समय पर अपडेट करते रहते है।

# पाकिस्तान में पीएम मोदी की बढ़ रही मांग



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/इस्लामाबाद/शिव कुमार यादव/-** आर्थिक संकट से जूझ रहा पाकिस्तान अब दिवालिया होने के कगार पर आ पंहुचा है। मंहगाई के चलते लोग आवश्यकता की चीजें भी नही खरीद पा रहे है। ऐसे में पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक पाकिस्तानी युवक अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ नारेबाजी कर रहा है। इतना ही नही वह युवक भारत के प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ भी कर रहा है और कह रहा है कि हमे सिर्फ पीएम मोदी चाहिए। इसके साथ ही वह 1947 में हुए भारत-पाकिस्तान के बंटवारे को भी कोसता नजर आ रहा है। यह वीडिया पाकिस्तानी यूट्यूबर सना अमजद ने साझा किया है जो कि सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। भारत में भी यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।

**युवक बोला- काश पीएम मोदी पाकिस्तान पर शासन कर रहे होते**

यूट्यूबर सना अमजद द्वारा पोस्ट किए गए एक वायरल वीडियो में, एक पाकिस्तानी युवक देश में मौजूदा मामलों को लेकर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहा है और कह रहा है कि वे भी उचित मूल्य पर सामान खरीदने में सक्षम होते अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान पर शासन कर रहे होते। वायरल वीडियो में, वह एक स्थानीय व्यक्ति से यह पूछती हुई सुनाई दे रही है कि सड़कों पर 'पाकिस्तान से जिंदा भागो चाहे इंडिया चले जाओ' का नारा क्यों लगाया जा रहा है? इसपर शख्स जवाब देता है कि वह चाहता है कि वह पाकिस्तान में पैदा न हो। अगर वह भारत में जन्म लेता तो इस तरह की मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ता।

स्थानीय शख्स ने कहा कि वह चाहता है कि विभाजन नहीं हुआ होता क्योंकि वह और उसके साथी देशवासी उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं को खरीद सकते थे और हर रात अपने बच्चों को खिला सकते थे। शख्स ने कहा कि काश पाकिस्तान भारत से अलग नहीं हुआ होता। तब हम टमाटर 20 पाकिस्तानी रुपये प्रति किलो, चिकन 150 पाकिस्तानी रुपये प्रति किलो और पेट्रोल 50 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर पर खरीद रहे होते। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें एक इस्लामी राष्ट्र मिला लेकिन हम यहां इस्लाम स्थापित नहीं कर सके।

**हमें पीएम मोदी के अलावा कोई नहीं चाहिए**

पाकिस्तानी शख्स ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में हमें नरेंद्र मोदी के अलावा कोई नहीं चाहिए। मोदी हमसे बहुत बेहतर हैं, उनके लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं और उनका अनुसरण करते हैं। अगर हमारे पास नरेंद्र मोदी होते, तो हमें नवाज शरीफ या बेनजीर या इमरान की जरूरत नहीं होती, यहां तक कि न ही दिवंगत पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ की। हम केवल प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं, क्योंकि वे ही देश में सभी शरारती तत्वों से निपट सकते हैं।

## नेहरू युवा केंद्र समाज सेवा से जुड़ने के लिए युवाओं को दे रहा सुनहरा अवसर




**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** नेहरू युवा केंद्र संगठन दिल्ली राज्य के समस्त जिलों के युवा जिनकी आयु सीमा 18 से 29 वर्ष तक के बीच है, व शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक हो, और समाज सेवा करना चाहते हैं तो उनके लिए सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। भारत सरकार युवाओं को स्वयं सेवक समूहों में संगठित कर के राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुबध्द करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। आपको स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंगभेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/ जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविधकार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा अपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है। जो भी युवा इस योजना से जुड़ना चाहते हैं वह अपना आवेदन दिनांक 9 मार्च 2023 तक ऑनलाइन भर सकते हैं

# समाज को एक साथ चलने की जरुरत- महिपाल मकराना



नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/- नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में बड़े हर्ष के साथ श्री राजपूत करणी सेना दिल्ली प्रदेश द्वारा राष्ट्र रक्षक क्षत्रिय सम्राट सुहेलदेव बैस जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल जी मकराना थे और विशिष्ट अतिथि विनय सिंह, सुशील तोमर, शिवशंकर सिंह, रविन्द्र सिंह बेरूआर और जोगिंदर सिंह सलारीया और आयोजक प्रशांत सिह, समाजसेवी रघुवंश बहादुर सिंह, रिकुं सिंह, दुष्यंत सिंह थे। अपने सम्बोधन मे महिपाल माकरना ने कहा की समाज को एक साथ चलने की जरुरत है बिना किसी के नाम लिए कहा की कुछ लोग संगठन खड़ा कर चंदा मांग समाज को गुमराह कर रहे है, समाज की लड़ाई जमीन पर लड़ी जाती है। किसी का टांग न खींचे और सभी एक दुसरे का सहयोग करे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. श्रीभगवान सिंह जी ने कहा की सुहेलदेव बैस क्षत्रिय राजवंश से सरकार व अन्य लोग क्षत्रिय इतिहास का दुरपयोग बंद करें। अती विशिष्ट अतिथि गिद्धौर राजवंश से शिव शंकर सिंह चंदेल ने कहा कि हमें अपने इतिहास को स्वयं लिखने की आवश्यकता है हमारा इतिहास हम न लिखेंगे तो ऐसे ही दूषित होगा व अपने चंदेल वंश की आने वाली किताब के बारे मे अवगत कराया। कार्यक्रम के संरक्षक प्रसिद्ध समाजसेवी ग्लोबल हिंदू फेडरेशन के अध्यक्ष रविंद्र बेरवार ने कहा की कोई कड़ा एक्शन लेना होगा, अच्छे लोगों को समाजसेवा में आना होगा। जो भी क्षत्रिय भाई कही भी पीड़िता है उसकी तन मन धन् से सहयोग देकर ही एक नया आयाम स्थापित होगा, इतिहास संरक्षण के लिए सबको आगे आना होगा...कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपूत करणी सेना दिल्ली प्रभारी प्रशांत सिंह ने किया व कहा सबको एक साथ आना होगा व जिसको जिस भाषा मे समझना है उसको उसी के भाषा में उतर देना होगा।. वही कार्यक्रम के सूत्रधार रहे समाजसेवी रघुवंश सिंह सेंगर ने कहा की जो महल में वह सोच रहे है की उनका घर सुरक्षित है वह सुरक्षित है तो ये उनकी भूल है उनको आगे आकर समाज को तन मन व धन से लड़ाई लड़नी ही होंगी क्योंकि हर राजपूत धन से मजबूत नहीं है। वही दुष्यंत सिंह ने कहा की में समाज के लिए खड़ा हुँ आप लोग जैसा कहें मे संभव सहयोग दूंग। अधिवक्ता सुशील तोमर (सुप्रीम कोर्ट ), डॉ रवि प्रताप सिंह, मनीष उज्जैन, प्रहलाद सिंह खींची, ओ पी सिंह, शुभम सिंह,रिंकू सिंह, समाजसेवी पुरंजय राणा, अधिवक्ता अश्वनी सिंह, पंकज सिंह, श्री मती मधु चौहान, बिपीन भदौरिया, विपिन, व्यवासायी सुनील सिंह, ए. के सिंह, अन्य गणमान्य व्यक्तित्व रहे युवा वर्ग मे अधिवक्ता दीपक सिंह, रवि सिंह, ई गौरव सिंह विक्की, हर्ष बैस, इंजल बैस, हरिवंश सेंगर, आकाश सिंह, गौतम सिंह. आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थिति थे।

स्वास्थ्य संगठन | अधूरी जिंदगी को बचाएँ, आओ कानों की जाँच कराएँ

# इस्कॉन द्वारका में श्रवण शक्ति के लिए 'फ्री हीयरिंग कैंप






**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ द्वारका/ शिव कुमार यादव।** भौतिक जीवन की आपाधापी में गीत-संगीत हो या कथा-उपदेश, भगवान की महिमा हो या गीता ज्ञान इन सबके श्रवण से हमारा मन प्रफुल्लित हो जाता है। इसी प्रसन्नता को देश-दुनिया के लोग भी अनुभव कर सकें और अपने कानों की सुरक्षा और हानि के प्रति सचेत रहें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस्कॉन द्वारका ने भी सहयोग के लिए आगे आया है। श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर सेक्टर 13 में रैंपो क्लीनिक की ओर से शुक्रवार, 3 मार्च को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 'फ्री हीयरिंग कैंप' का आयोजन सेमिनार हॉल में किया जाएगा। मंदिर के वरिष्ठ प्रबंधक का कहना है कि सामाजिक हित में हम हर साल ऐसे आयोजन करते हैं। खासतौर से इस कैंप का उद्देश्य लोगों में बहरेपन और श्रवण हानि को रोकना है। लोग अकसर कानों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही करते देखे जाते हैं। उन्हें इस बात का कोई अनुमान नहीं होता कि पूरे दिन में कानों को भी एक निश्चित अनुपात में कुछ घंटे पूर्ण आराम की आवश्यकता होती है पर मोबाइल और डिजिटल युग ने सबकुछ भुला दिया है जबकि कान हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। इससे हम भगवान की मधुर वाणी आदि कुछ भी सुन सकते हैं। अगर सुनने में परेशानी है तो सतर्क हो जाएँ। अतः कान और सुनने की देखभाल के प्रति लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता पैदा हो इसलिए ऐसे कैंपों की नियमित आवश्यकता होती है। अकसर शोर पर व्यक्ति का नियंत्रण नहीं होता और उसे अनचाहे भी तेज आवाज के जोखिम को सहना पड़ता है। पर इससे बचने के लिए आप किन उपायों को अपनाएँ और अन्य किन सावधानियों का पालन करें ताकि ताउम्र आप अपनी श्रवण शक्ति को बरकरार रख पाएँ। इनके बारे में भी कैंप में विस्तार से बताया जाएगा। स्वस्थ जीवन यानी स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ समाज और देश का विकास होता है। अतः जीवन के लिए सुनना और अपनी श्रवण शक्ति को बनाए रखना बेहद जरूरी है। रैंपों क्लीनिक के श्रवण वैज्ञानिक डॉ. राम प्रवेश कुमार का कहना है कि जब से स्मार्ट फोन और स्मार्ट टेक्नोलॉजी ने घरों में प्रवेश किया है, तब से कान या सुनाई देने से संबंधित विकारों में बढ़ोतरी हुई है।

विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर डा. राम स्वस्थ कानों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देते हैं कि शोर भरी जगहों पर ईयर प्लग का इस्तेमाल करें। अपनी श्रवण शक्ति की नियमित रूप से जाँच कराएँ और डॉक्टर की सलाह पर हियरिंग ऐड का नियमित उपयोग करें। इसके अतिरिक्त कान के अंदर रुई, बड्स, तेल, तीली अथवा पिन बिलकुल न डालें। कभी-कभार भी गंदे पानी पूल आदि में नहाएं या तैरे नहीं। कभी भी दूसरे के ईयर फोन या ईयरप्लग का इस्तेमाल न करें और तेज आवाजों और तेज संगीत सुनने से बचें। सुनने में तकलीफ कई कारणों से हो सकती है और सुनाई न देने की समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। सही मायनों में कानों की सेहत के लिए हमें उन संसाधनों के उपयोग से बचना होगा जो कानों में विकार उत्पन करते हैं।

यही नहीं, लोग अकसर हीयरिंग लॉस को अनदेखा करते हैं। आवाज सुनने की क्षमता कम हो जाए तो इस स्थिति को हियरिंग लॉस कहते हैं। जब क्षमता चली जाए तो जिंदगी अधूरी लगने लगती है। सुनने की क्षमता को बनाए रखने के लिए तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। कानों के सामान्य बचाव के लिए हमें बचपन से ही सतर्क किया जाता है। कानों में पानी न जाने दें, किसी भी प्रकार का तरल पदार्थ कानों में न डालें। कभी भी कानों में कोई नुकीली चीज न डालें पर इसे चिकित्सीय दृष्टि से भी जानना जरूरी है। अतः अपने व्यस्त जीवन में थोड़ा समय निकालें और कानों की जाँच अवश्य कराएँ। इस्कॉन द्वारका में कैंप की व्यवस्था के अंतर्गत ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (ऑडियो-एसपीएल) विभाग एवं फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज (एफएएचएस) के साथ-साथ एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरूग्राम एवं विजन इंस्टीट्यूट फरीदाबाद का भी समन्वित सहयोग रहेगा।

खास ख़बर

## इंडियन ब्रेव हर्ट्स ने देश की महान विभूतियों को गौरव इंडिया अवार्ड से किया सम्मानित





**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** इंडियन ब्रेव हर्ट्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत देश की महान विभूतियों को गौरव इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर परम पूज्य राष्टीय संत बाल योगी श्री उमेश नाथ जी महाराज श्री का परम सानिध्य तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश जी विजयवर्गीय की मुख्य अतिथि में मेजर जर्नल एसपीएस विश्वास राव, जज यशवंत कुमार जी, हरियाणा से विधायक श्री विशंभर वाल्मीकि,रामेश्वर जी वाल्मीकि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।कार्यक्रम के आयोजन कर्ता देवेंद्र जी पवार,मोनिशा भाटिया पवार विशेष रुप से उपस्थित थे। इस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार श्री मुकेश कुमार भोगल जी मुख्य सम्पादक को पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष स्थान रखने के लिए नेशनल गौरव अवार्ड से नवाजा गया साथ ही देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अनेकों महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस के अलावा भारत वीर हृदय द्वार विज्ञान भवन में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आगा जिलानी जी को भी उनके द्वार देश की उत्कर्ष सेवाओं के लिए भैरव गौरव अवार्ड 2023 प्रदान किया गया।

## सति भाई साई दास सेवा दल के पुस्तकदान अभियान का बने हिस्सा




**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नजफगढ़/शिव कुमार यादव/-** पुरानी किताबों को रद्दी में ना बेचकर उसे जरूरतमंद व गरीब बच्चों के लिए दान कर आप भी हजारों बच्चों को सुशिक्षित करने का श्रेय ले सकते है। अब जरूरतमंद व गरीब बच्चों की मदद के लिए सति भाई साई दास सेवा दल ने पुस्तकदान अभियान चलाया है ताकि गरीब बच्चों को भी पुस्तके पढ़ने सुअवसर प्राप्त हो सके। सति भाई साईदास सेवा दल के कार्यकर्ता पुस्तकदान अभियान को लेकर बच्चों तक अपनी पंहुच बना रहे है और उन्हे पुस्तक रद्दी में ना बेचने की सलाह दे रहे है। साथ ही वो बच्चों को पुस्तकदान अभियान से जोड़ने की मुहीम भी चला रहे है ताकि बच्चे इस अभियान से जुड़कर अपने साथियों में भी पुस्तके दान करने की प्रेरणा जगा सकें। सति भाई साई दास सेवा दल के सदस्य दीपक आनन्द व महेश सिंधवानी ने कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इस अभियान से जोड़ने की कोशिश कर रहे है तथा बच्चों के अभिभावकों से अपील कर रहे है कि वो बच्चों को पुस्तकदान अभियान की अहमियत समझाये और उन्हे इस अभियान से जोड़े।

# अविरल व निर्मल यमुना के लिए जुटेंगे एक लाख यमुना प्रेमी, बनेगी मानव श्रृंखला

● दिल्ली-एसीआर के लोगों को यमुना के तटों तक लाने के लिए चार जून को वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक यमुना संसद लगेगी।



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** लोक संसद के द्वारा कालिंदी कुंज के यमुना तट पर यमुना पाठशाला लगाई गई। इसमें वजीराबाद से लेकर कालिंदी कुंज घाट तक 25 किमी. की यमुना पदयात्रा के दौरान यमुना की वास्तविक स्वरूप पर अनुभव साझा किया गया। आंकड़ों से कहीं ज्यादा यमुना की खराब सेहत को देखते हुए घोषणा की गई कि दिल्ली-एसीआर के लोगों को यमुना के तटों तक लाने के लिए चार जून को वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक यमुना संसद लगेगी। अपनी तरह की पहली मानव श्रृंखला में करीब एक लाख लोग शिरकत करेंगे। इस मौके पर पालम 360 गांव के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी, दिल्ली पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश थान सिंह यादव व सुरेश शौकीन, हाकर्स, रेहड़ी पटरी एसोसिएशन के अनिल बख्शी, स्वाभिमान देश की के संरक्षक सुरेंद्र बिधूड़ी, नामधारी समाज, इंग्लैंड से सुबा तरसेन सिंह,






वाईएसएस के संस्थापक सचिन गुप्ता ने अपना पूरा समर्थन देने का वायदा किया। पर्यावरणविद डॉ फैयाज खुरसर ने कहा कि यमुना का वास्तविक स्वरूप बिगड़ गया है। आज गंदे नालों व फैक्ट्रियों के विषैले रसायन सीधे यमुना में मिल रहे हैं। इस कारण यमुना व नाले में फर्क करना मुश्किल है। उनका कहना है नदी की सेहत बेहतर करने के लिए एक तरफ नालों का सीवेज साफ करना पड़ेगा। साथ ही नदी की किडनी के तौर पर काम करने वाली सभी नम भूमियों को पुनर्जीवित करना होगा। क्योंकि सवाल सिर्फ यमुना ही नहीं, उस पर निर्भर समूची दिल्ली प्रांत व एनसीआर का है। लोक संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी ने कहा कि यमुना से दूर रहकर हम दिल्लीवाले जितना समझते हैं, उससे बहुत ज्यादा यमुना जी की स्थिति खराब है। वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक की यमुना दर्शन यात्रा में शामिल करीब सौ लोगों ने एक सुर में इसे स्वीकार भी किया। ऐसी स्थिति में अब तय किया गया है कि हम सभी दिल्ली के लोग एक दिन उस मां यमुना के नजदीक जाएं, जो हमें ताउम्र पानी पिलाती है। यह कुछ-कुछ वैसा ही है, जैसे जब कोई अपना हॉस्पिटल में भर्ती होता है तो हम उसे देखने जाते हैं। पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 4 जून को 4:30 बजे न्यूनतम एक लाख लोग यमुना के साथ-साथ वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक खड़े होंगे। यह वही हिस्सा है, जिसमें यमुना सबसे ज्यादा प्रदूषित होती है। कार्यक्रम के संयोजक जीवकांत झा ने कहा कि 15 हजार नदियों में से 4500 विलुप्त हो गई है और 30 लाख कुँयो में से 20 लाखों का कुछ पता ही नहीं है। वहीं, लोक संसद से जुड़े एस राहुल ने कहा कि अब समय आ गया है मां की ओर देखने का, मां की सच्ची सेवा का। मां यमुना को अविरल व निर्मल बनाने के लिए आम जन को आगे आना होगा।इसके पूर्व यमुना की वास्तविक स्थिति का आकलन के लिए आईटीओ यमुना पुल से पदयात्रा शुरू की गई, जो यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन, अक्षरधाम, निजामुद्दीन पुल, चिल्ला खादर, डीएनडी होते हुए कालिंदी कुंज पर यमुना पाठशाला में तब्दील हो गई। इस मौके पर पूर्व मेयर अवतार सिंह, स्वाभिमान देश का संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुरेंद्र बिधूड़ी, इंग्लैंड से सुबा तरसेन सिंह, सरिता विहार मण्डल अध्यक्ष पवन पांडे, अरुण सिंह, जन्मेजय शर्मा, अरुण सिंह, आलोक सिंह, सुदामा यादव, बिट्टू गुप्ता, अनिल , सुदेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में दिल्ली-एनसीआर के लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण में हमारा सहयोग विषय पर 131वां आरजेएस आजादी की अमृत गाथा आयोजित.

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** आजादी की अमृत गाथा के श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार संध्या में राम जानकी संस्थान, आरजेएस द्वारा पर्यावरण संरक्षण में हमारा दायित्व विषय पर आजादी की अमृत गाथा का 131वां संस्करण आयोजित किया गया।इस अवसर पर आरजेएस के राष्ट्रीय संयोजक ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला, प्रगति मैदान में आजादी की अमृत गाथा के तीन संस्करण प्रस्तुत करने की घोषणा की। विश्व पुस्तक मेला में लेखक मंच पर 1 मार्च 2023को सायं पौने सात बजे से आठ बजे तक भूले-बिसरे स्वतंत्रता सेनानी पर आरजेसिएंस द्वारा सकारात्मक संवाद होगा और आगामी आजादी की अमृत गाथा



पुस्तक का पोस्टर जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शनिवार को आयोजित वेबिनार में रानी चेनम्मा, शरदचंद्र बोस, यतीन्द्र मोहन सेन गुप्त और सोहनलाल द्विवेदी को आरजेसिएंस ने किया नमन। मातृसदन, हरिद्वार के संस्थापक निदेशक स्वामी शिवानन्द सरस्वती की गरिमामयी उपस्थिति से वेबिनार सफल रहा । स्वामी शिवानन्द सरस्वती ने कहा कि विकास के नाम पर जितने पेड़ काटे जाएं उससे ज्यादा वृक्षारोपण की जरूरत है। वेबिनार में ओपनिंग रिमार्क्स और अध्यक्षीय संबोधन देते हुए आरजेएस ऑब्जर्वर दीप चंद माथुर ने कहा कि वेबिनार में अलग अलग राज्यों के आरजेसिएंस द्वारा पर्यावरण संरक्षण में अपने योगदान की विडियो दिखाने से बहुतों को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एंड इंवायरमेंट के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के साथ मिलकर ही जनता पर्यावरण संरक्षण तेजी से कर सकती है।

शैक्षणिक कोर्सेज का प्रचार प्रसार इस दिशा में आवश्यक है। जब भी समय अनुकूल हो बाकी बचे कोर्सेज पूरा कर डिग्री लेने की व्यवस्था का फायदा ले सकते हैं। विशेष अतिथि प्रकृति भक्त फाउंडेशन के संस्थापक राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि देश का विकास तभी संभव है जब हम प्रकृति का विकास और उसे महत्व देते हैं।

## प्लास्टिक थैलियों के उपयोग के खिलाफ द्वारका में निगम उपायुक्त ने चलाया अभियान



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** दिल्ली को स्वच्छ रखने एवम क्षेत्र में साफ सफाई को बढ़ावा देने तथा प्लास्टिक की थैलियों एवम अन्य रोज मर्रा के प्रयोग में आने वाले नुकसान देह सामानों के चलन को समाप्त करने के उद्देश्य से द्वारका सेक्टर चार में दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त श्री प्रदीप कुमार ने स्थानीय आरडब्ल्यूए के सदस्यों के लोगों के साथ मिलकर सफाई अभियान की शुरुआत की। उपायुक्त महोदय ने द्वारका सेक्टर चार में आरडब्ल्यूए के सदस्य रामेश्वर मलिक की अध्यक्षता में क्षेत्र के समस्त आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों एवम प्रबुद्ध नागरिकों के साथ एक सभा आयोजित की जिसमे उन्होंने बताया कि प्लास्टिक की थैलियों एवम रोज उपयोग कर फेकने वाले सामानों का बहिष्कार हो एवम दुकानदार इन्हे ना बेचें।

## पूर्वोत्तर से कांग्रेस को मिली मायूसी, वाम दलों के साथ गठबंधन का प्रयोग फिर रहा विफल



**नई दिल्ली।** मुश्किल दौर से गुजर रही कांग्रेस की हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उसे पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में निराशा मिली है, हालांकि कुछ जगहों के उपचुनावों में जीत उसको थोड़ा सुकून देने वाली है। देश की मुख्य विपक्षी दल को त्रिपुरा में वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का प्रयोग भी विफल रहा। उसने ऐसा ही प्रयोग वर्ष 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भी किया था जहां उसका खाता भी नहीं खुल पाया था। पूर्वोत्तर में कांग्रेस को चुनावी सफलता की उम्मीदों को उस समय झटका लगा है जब कुछ सप्ताह पहले ही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पूरी हुई और कुछ दिनों पहले उसका 85वां महाधिवेशन आयोजित हुआ था। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन सीटें मिलीं जहां वह 13 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। मेघालय में कांग्रेस को सिर्फ पांच सीटें हासिल हुईं जहां पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 21 सीटें मिली थीं। मेघालय विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले उसके अधिकतर विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नगालैंड में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। कांग्रेस के नजरिए से राहत वाली बात यह रही कि उसने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में तीन विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जीत हासिल की। उसने महाराष्ट्र में कस्बा विधानसभा क्षेत्र में जीत हासिल की, जो भारतीय जनता पार्टी का अभेद किला माना जाता था। इसी तरह उसने पश्चिम बंगाल में सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस को मात दी।

इन चुनावी नतीजों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, आज के नतीजे उत्साहजनक भी है और निराशाजनक भी। पश्चिम बंगाल के उपचुनाव में हम जीते हैं और राज्य विधानसभा में हमारा पहला विधायक होगा। महाराष्ट्र में 30 साल के बाद आरएसएस भाजपा के गढ़ (कस्बा) में कांग्रेस जीती है। तमिलनाडु में हमें बड़े अंतर से जीत मिली है। उन्होंने यह भी कहा, हम नतीजों को स्वीकारते हैं और हमें संगठन को मजबूत करना है। त्रिपुरा में वाम दलों के साथ गठबंधन की विफलता बारे में पूछे जाने पर रमेश ने कहा, त्रिपुरा में बहुत बातचीत के बाद गठबंधन किया गया था और लोग मानकर चल रहे थे कि इस गठबंधन को बहुमत मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

ऐसा क्यों नहीं हुआ, हमें देखना होगा। मौजूदा समय में कांग्रेस की राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में अपने बूते सरकार है तो झारखंड में वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कनिष्ठ सहयोगी के रूप में सत्ता की भागीदार है। तमिलनाडु में भी वह सत्तारूढ़ द्रमुक की कनिष्ठ सहयोगी की भूमिका में है। बिहार में महागठबंधन सरकार का भी वह हिस्सा है।

आयोजन | ब्यूटी फैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई हुई

## वनांचल क्षेत्र में पहली बार आयोजित ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ की मॉडल्स ने बिखेरा अपना जलवा

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ काकेर-चारामा/ शिव कुमार यादव ।** प्रदेश में ब्यूटी इंडस्ट्रीज तथा फ़ैशन वर्ल्ड को नया आयाम देने तथा मॉडलिंग के क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवाओं को एक सशक्त प्लेटफॉर्म प्रदान करने के दृष्टिकोण से फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एण्ड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन तथा क्षितिज इंडिया एंटरटेनमेंट एंड इवेन्ट मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन, क्षितिज इंडिया म्यूज़िक एंड फिल्मस प्रोडक्शन द्वारा अखिल भारतीय नारी शक्ति संगठन तेजस्विनी तथा छत्तीसगढ़ कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक विकास परिषद के सहयोग से नागराज भवन, चारामा कांकेर में ब्यूटी फ़ैशन रनवे-2023- एक्सक्लुसिव लाइव फ़ैशन शो का सफल आयोजन किया गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इण्डिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन तथा क्षितिज इंडिया एंटरटेनमेंट एंड इवेन्ट मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा कांकेर ज़िले के वनांचल क्षेत्र चारामा में पहली बार आयोजित ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आये हुए युवा मेल- फिमेल मॉडल्स ने रैम्प पर अपना जलवा बिखेरा ।






ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो में युवा मॉडल्स ने बेहतरीन मॉर्डन तथा कलरफुल यूनिक ड्रेसेस के साथ ही छत्तीसगढ़ी ट्रेडिशनल ड्रेसेस में रैम्प वॉक करके अपने टैलेंट को प्रदर्शित किया । ब्यूटी फैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई हुई प्रोफ़ेशनल ब्यूटी एक्सपर्ट तथा मेकअप आर्टिस्ट महिलाओं ने अपने मॉडल्स को मेकअप करके रैम्प वॉक के लिये तैयार किया । ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो के समापन पर मुख्य अतिथि नरेंद्र यादव सदस्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि- पार्षद रानू कमलेश सेन, सत्यजीत यादव,नारायण दास पंजवानी, महेंद्र नायक, हेमंत सिन्हा, गोपाल दुर्गासी, कोमल सिन्हा तथा अन्य अतिथियों के द्वारा ब्यूटी फ़ैशन रनवे के सभी पार्टीसिपेंट्स मॉडल्स को सर्टिफिकेट, मोमेंटो, शॉल, श्रीफल तथा पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया । ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले और शहरों से आये हुए मॉडल्स ने रैम्प वॉक कर अपने टैलेंट को प्रदर्शित किया , जिनमें प्रमुख रूप से - प्रथम स्थान अनुराग श्रीवास्तव, द्वितीय वैशाली खत्री, तृतीय मैरी अर्चना, लीना सिन्हा, अनुष्का श्रीवास्तव, निर्मला, ओम कुमारी, दीप्ति, बिन्दु ठाकुर, करिश्मा साहू, हिंगलाज साहू, मोनिका, रोशनी सोनकर, गीतांजलि देवांगन तथा मेकअप एवं फैंसी ड्रेस में प्रथम स्थान भानुमति सहित अन्य मॉडल्स ने रैम्प पर अपने टैलेंट को प्रदर्शित किया। ब्यूटी फ़ैशन रनवे में शो स्टॉपर के रूप में एफआईपीबी की मॉडल्स कोआर्डिनेटर प्रियंका बंजारे बिलासपुर तथा एफआईपीबी की सब-कोआर्डिनेटर हीना खान सारंगढ़ ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो को सफल बनाने में फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इण्डिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन की कांकेर जिला इकाई की सब-कोआर्डिनेटर चंद्रकांति नागे , तेजस्विनी नारीशक्ति संगठन धमतरी की जिला संयोजिका वीणा राशिद, एफआईपीबी रायपुर डिस्ट्रिक्ट मेंबर्स एवं अभनपुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुशीला ठाकुर, अभनपुर ब्लॉक कोआर्डिनेटर अंजनी कोसरे , पूजा साईरानी , सरिता सिंह, पूजा अवधिया, शीतल, लता साहू, गायत्री साहू, प्रमिला साहू, खिलेस्वरी यादव, सोनी देवांगन,साहिल साहू सहित अन्य सदस्यों ने अपना सक्रिय योगदान दिया। ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो के ऑर्गनाइजिंग टीम में कांकेर जिला सब- कोआर्डिनेटर चंद्रकान्ति नागे, सुशीला ठाकुर, अंजनी कोसरे आदि शामिल थी। फैशन रनवे शो के मॉडल्स को ग्रूमिंग एफआईपीबी की मॉडल कोआर्डिनेटर प्रियंका बंजारे बिलासपुर एवं मॉडल कोआर्डिनेटर हीना खान सारंगढ़ के द्वारा दिया गया। ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो के वेन्यू पार्टनर नागराज भवन चारामा, हिमांशु ब्यूटी पार्लर चारामा थे। ब्यूटी फ़ैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले और शहरों से आई हुई ब्यूटीशियन, मेकअप आर्टिस्ट, ड्रेस डिज़ाइनर्स, युवा मॉडल्स तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी दर्शकगण उपस्थित थे।

दखल

# शहरी गतिशीलता पर विचार जरूरी



2050 तक दुनिया की दो-तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहेगी, इसलिए अगली पीढ़ी के शहरीकरण की लहर विकासशील और विकसित देशों के महाद्वीपों में फैलेगी। इसमें शहरीकरण और जीडीपी के बीच परस्पर संबंध होने के कारण वैश्विक विकास को महत्वपूर्ण तरीके से बढ़ाने की क्षमता है। शहरों में 80 प्रतिशत से अधिक जीडीपी होने के साथ, शहरीकरण एक अच्छा काम हो सकता है बशर्ते इनका अच्छा प्रबंधन हो और रखरखाव हो।

**शहरी** 20 कार्य समूह का उद्घाटन 9-10 फरवरी 2023 को अहमदाबाद में किया गया था। शहरी-20 या यू20, हर वर्ष आयोजित होने वाली सबसे प्रभावशाली शहर-स्तरीय कूटनीति पहलों में से एक है। जी-20 समूह के महापौरों और नामित सिटी शेरपाओं की भागीदारी के साथ, यू20 में हुए विचार-विमर्श जी-20 के तहत होने वाली वार्ताओं की जानकारी देते हैं और वे शहरी विकास से जुड़े विस्तृमत विचार-विमर्श का महत्वापूर्ण हिस्सा हैं। उद्घाटन बैठक में 42 शहरों के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया-यू20 की स्थापना के बाद से इसमें बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई ! यह उचित है कि भारत इस वर्ष शहरीकरण और शहरी गतिशीलता पर चर्चा कर रहा है। मोदी सरकार के तहत, भारत ने वैश्विक शासन के मुद्दों पर तेजी से नेतृत्व किया है। ऐसी ही सफलता की कहानी हमारे शहरी क्षेत्रों का परिवर्तन है जो अब अन्य देशों विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में अन्य देशों के लिए सीख लेने का ब्लूप्रिंट बन गया है।

इस साल के यू20 का उद्देश्य विकास के वैश्विक एजेंडे पर शहरों द्वारा अपनाई गई नीतियों और कार्य-प्रणालियों के जबरदस्त प्रभावों पर प्रकाश डालना है। उद्घाटन बैठक आर्थिक समृद्धि और पारिस्थितिकीय सामंजस्य में शहरों की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए इन विषयों पर आधारित रही। पहचाने गए प्राथमिकता वाले छह क्षेत्रों के आसपास आम सहमति विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। सबसे अधिक जोर हमारे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहारों को अपनाने की आवश्यकता पर दिया गया। दूसरा, जल संसाधनों का संरक्षण और पानी तक समान पहुंच प्रदान करने को अधिक प्रमुखता दी गई। तीसरा, इस बात की स्वीकृति थी कि जलवायु वित्तपोषण यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए इस्तेमाल में आने वाली पूंजी की आवश्यकता है क्योंकि हम पुराने बुनियादी ढांचे को फिर से बनाना चाहते हैं।

चौथा, यह अनिवार्य हो गया है कि हम कानूनी तंत्र और शासन के ढांचे पर पुनर्विचार करें ताकि रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। पांचवां, जीवंत नागरिक समाज के लिए शहरों की स्थानीय पहचान को बढ़ावा देने की लोकप्रिय मांग को मान्यता दी गई। अंत में, प्रौद्योगिकी और डेटा के उपयोग का समर्थन करने वाली प्रक्रियाओं का लोकतंत्रीकरण करने को आवश्यक समझा गया। शहर के प्रतिनिधियों ने इस सहयोगी एजेंडे को आगे बढ़ाने में अपनी एकजुटता व्यक्त की।

यू20 के इस छठे संस्करण ने एक ऐसे मंच का आकार ले लिया है, जिसका उद्देश्य शहरी शासन से जुड़े विचार-विमर्श को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करके शहरी प्रशासन को नीति और कार्यप्रणाली के बीच की खाई को पाटने से लैस करना है। यू20 के चेयर सिटी के रूप में, अहमदाबाद ने साबरमती रिवरफ्रंट के विकास में अपनाए गए नवाचारों को प्रतिपादित किया है, साथ ही उसने अन्य सुधारों के साथ-साथ किफायती आवास नीति और विरासत प्रबंधन योजना की प्रमुख विशेषताओं पर उदाहरण पेश किया है। अहमदाबाद नागरिक-उन्मुख कायाकल्प की उस भावना को समाहित करता है जिसे भारत ने आरंभ किया है।

पिछले नौ वर्षों में, मोदी सरकार ने दुनिया का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम शुरू किया है जो सहकारी व प्रतिस्पर्धी संघवाद; सार्वभौमिकरण व बुनियादी सेवाओं की संतृप्ति; टेक्नोलॉजी नवाचार; आर्थिक अवसर; और ग्रामीण-शहरी श्रृंखला पर आधारित है। हमारी शहरी परिवहन नीतियां भारत के शहरी परिदृश्य में हरित गतिशीलता विकल्पों को जोड़कर पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं। विभिन्न परिवर्तनकारी शहरी मिशनों के परिणामस्वरूप भारतीय शहर देश को आर्थिक और एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए तैयार हैं। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि एसडीजी लक्ष्यों को प्राप्त करने का दायित्व शहरों का होगा। भारत के मामले में-जिन शहरों में 2030 तक 600 मिलियन से अधिक लोग निवास करेंगे-मैंने अक्सर कहा है कि यदि भारत सफल होता है, तो एसडीजी सफल होगा और एसडीजी के सफल होने के लिए, भारत को अवश्य सफल होना चाहिए।

मुझे कोई संदेह नहीं है कि भारत सफल होगा, और ऐसा करने में, बाकी दुनिया को भी दिखाएगा कि कैसे विकासशील अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक चुनौतियों से निपट सकती हैं। हमारी शहरी क्षमताओं का प्रमाण इस बात में निहित है कि हमारे आबादी वाले शहर गंभीर रूप से प्रभावित होने के बावजूद हमने कोरोना महामारी पर काबू पा लिया। विकेन्द्रीकृत स्वास्थ्य सेवा, प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण, सार्वभौमिक सेवा वितरण और किफायती किराये के आवास जैसे उपायों के माध्यम से, भारत ने एक शासन दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया जिसने न केवल विश्व में अत्यषधिक प्रशंसा प्राप्त की, बल्कि इसके अनुसरण के लिए हाल ही में आह्वान भी किया। ऐसे समय में जब दुनिया भू-राजनीतिक संघर्ष, वित्तीय अनिश्चितता और जलवायु से जुड़े संकट से घिरी हुई है, यह जरूरी है कि हम निम्नतम स्थानीय स्तर से लेकर उच्चतम वैश्विक समूह तक नीतिगत प्रतिक्रिया का समन्वय करे और उसकी जांच करें। सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, विभिन्न मतों के बीच आम सहमति बनाना भारतीय डीएनए में है। इसी लोकाचार की वजह से इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन का विषय निर्धारित किया है वसुधैव कुटुम्बकम एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य।

जी-20 2023 में संकट की घड़ी से निपटने की क्षमता है जिससे पारस्परिक रूप से लाभप्रद और स्थायी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक ढांचा उभरेगा। मेरा मानना है कि यू20 अहमदाबाद हमारे शहरों के बीच सामूहिक कार्य की इस भावना को आकार देने के लिए अग्रणी समूह होगा। जी-20 सचिवालय, राष्ट्रीय इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स जो यू20 तकनीकी सचिवालय है, और जिसमें दुनिया भर के ज्ञानी हैं, से लगातार मिलने वाले निर्देश से, मुझे विश्वास है कि अहमदाबाद का नेतृत्व यू20 के इस छठे संस्करण के प्रभाव को बढ़ाएगा। मैं शहर के सभी शेरपाओं की सराहना करता हूं जिन्होंने यू20 कार्यक्रम के उद्घाटन में योगदान दिया। मुझे उम्मीद है कि मेयर, शेरपा और शहरों के प्रतिनिधि 2023 यू20 में भाग लेना जारी रखेंगे, जिसके बाद जुलाई में मेयरों का शिखर सम्मेलन होगा। जैसा कि हम समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के साझा लक्ष्य को जारी रखे हुए हैं, यू20 के इस छठे संस्करण में रोडमैप बनाने का अनूठा अवसर है जो आने वाले वर्षों में शहरी नीतियों के लिए प्रेरित करेगा।

भारत की वर्तमान जनसंख्या का लगभग 31 फीसदी शहरों में बसता है और इनका सकल घरेलू उत्पाद में 63 फीसदी (जनगणना 2011) का योगदान हैं। ऐसी उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक शहरी क्षेत्रों में भारत की आबादी का 40 फीसदी रहेगा और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 75 फीसदी का होगा। इसके लिए भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। ये सभी जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं लोगों और निवेश को आकर्षित करने, विकास एवं प्रगति के एक गुणी चक्र की स्थापना करने में महत्वपूर्ण हैं। स्मार्ट सिटी का विकास इसी दिशा में एक कदम है।

विचार

## आप में अब नंबर दो कौन

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। सिसोदिया को सरकार के साथ-साथ पार्टी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता रहा है। अब सीएम का भरोसेमंद साथी कौन बनेगा, यह देखना होगा।



डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया चार मार्च तक सीबीआई की रिमांड पर भेजे गए हैं। दिल्ली शराब नीति केस में जांच एजेंसी ने सिसोदिया की 5 दिन की कस्टडी मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मान लिया। इससे पहले, सिसोदिया को सोमवार राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। करीब 30 मिनट की सुनवाई के बाद सीबीआई की रिमांड की मांग पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीआीआई ने रविवार को 8 घंटे की पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने कहा था कि सिसोदिया सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे हैं। इसलिए उनकी रिमांड जरूरी है। मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उनकी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा है कि वह बेकसूर हैं। दिल्ली सरकार में वित्त विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी ऐसे वक्त हुई है जब सरकार अगले माह विधानसभा में बजट पेश करने वाली है।

सिसोदिया ना सिर्फ सरकार के लिए महत्वपूर्व भूमिका रखते हैं बल्कि पार्टी और अरविंद केजरीवाल के लिए भी मनीष सिसोदिया का ना होना चुनौतीपूर्ण होगा। पार्टी नेतृत्व गिरफ्तारी के बाद काफी बैचेन नजर आ रहा है। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब पार्टी प्रमुख और सीएम केजरीवाल राष्ट्रीय राजनीति में नए सिरे से प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं। आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिए जाने के बाद, केजरीवाल अगले माह चार राज्यों-कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अपनी चुनावी संभावनाओं का विस्तार करने के लिए दौरे पर जाएंगे। लेकिन गिरफ्तारी के बाद पार्टी के प्लान को धक्का लगता सा दिखाई दे रहा है। पार्टी में अरविंद केजरीवाल के बाद सबसे बड़ा नाम सिसोदिया ही हैं। वह दिल्ली सरकार में शिक्षा, वित्त, सतर्कता और श्रम जैसे विभागों को संभालते हैं।

मंत्री सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग और गृह जैसे प्रमुख विभागों का प्रभार भी सौंपा गया था। इस लिहाज से सिसोदिया महत्वपूर्ण हैं। फिलहाल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए बड़ा सवाल यह है कि सरकार अपने दो सबसे वरिष्ठ मंत्रियों मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन के बिना कैसे काम करेगी। कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सत्येंद्र जैन पिछले 9 महीनों से तिहाड़ जेल में हैं। पार्टी को अब या तो सिसोदिया और जैन को मंत्रियों के पद से हटाना होगा या और नए चेहरों को लाने या कम ताकत पर काम करना जारी रखने का फैसला करना होगा। नियम के मुताबिक दिल्ली कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत सात मंत्री ही हो सकते हैं। अगर इन दोनों को नहीं हटाया गया, तो फिर आप को केजरीवाल के साथ-साथ अपने मंत्रियों कैलाश गहलोत, गोपाल राय, राज कुमार आनंद और इमरान हुसैन से काम चलाना पड़ेगा। ऐसे में मंत्रियों पर अतिरिक्त भार आएगा और उन्हें जनता के कोप भाजन का शिकार भी होना पड़ सकता है।

# बदहाल पाक और भारत की चुनौतियां

**राजनीतिक** अस्थिरता, आर्थिक बदहाली व आतंकी घटनाओं से बेहाल पाकिस्तान का संकट गहराता जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देश के संकट और चुनौतियों से जनता को आगाह तो कर रहे हैं, लेकिन समस्याओं से उबारने की कोई ठोस योजना प्रस्तुत करने में वे लगातार नाकाम रहे हैं। रोजमर्रा की चीजों की बेतहाशा बढ़ती कीमतों से जनता बेहाल है और सरकार के प्रति लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विदेशी मुद्रा लगभग खत्म होने की कगार पर है। कई कारखानों का सामान पाक के बंदरगाहों पर पड़ा है, लेकिन उसे छुड़ाने के लिए व्यापारियों को बैंकों से डालर नहीं मिल पा रहे हैं। यह स्थिति पाकिस्तान की बदहाली बयान करती है। रूस-यूक्रेन युद्ध की मार पाकिस्तान पर भी पड़ी है, इसकी वजह से दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। पाकिस्तान पेट्रोलियम उत्पादों के लिए आयात पर निर्भर है। तेल की बढ़ती कीमतों के कारण खाने-पीने का सामान बेहद महंगा हो गया है। पाक का सैन्य खर्च बहुत अधिक है। बुनियादी ढांचे पर खर्च भी कर्ज में लिए धन से किया जाता है।

पाकिस्तान अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है, ऐसे समय में सभी राजनीतिक पार्टियों को मिलजुलकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। मगर वहां राजनीतिक प्रतिरोध की भावना प्रबल है। पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ दर्ज विभिन्न मामलों में फौजदारी कानून के तहत कार्रवाई शुरू हो गई है। उन पर प्रदर्शन, तोड़फोड़, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी कार्यों में बाधा डालने, सरकारी उपहार लेने और जज को धमकी देने जैसे कई मामले दर्ज हैं। उन पर आतंकवाद निरोधक कानून की धाराएं भी लगाई गई हैं। इन कार्रवाइयों को राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है। पिछले साल सत्ता खोने से नाराज इमरान खान तुरंत आम चुनाव करना चाहते हैं और इससे देश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है। उनका दावा है कि उन्हें पद से हटाना संवैधानिक रूप से गलत था। जबकि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार वक्त से पहले चुनाव की मांग ठुकराती रही है।

आंतरिक अव्यवस्था से जूझते पाकिस्तान के पड़ोसी देशों से संबंध भी बद से बदतर हो चले हैं। भारत को लेकर उसकी विद्वेषपूर्ण नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और कश्मीर पर पाकिस्तानी नेताओं का विषवमन बदस्तूर जारी है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में आंतरिक सुरक्षा को लेकर संकट गहरा गया है। अफगानिस्तान के लोग और तालिबान अंग्रेजों द्वारा खींची गई डूरंड रेखा को नहीं मानते। पाकिस्तान से अफगानिस्तान में डालर की तस्करी हो रही है। इस वजह से पाकिस्तानी रुपया और कमजोर हो रहा है। हाल के दिनों में पाक-अफगान सीमा पर दोनों देशों के बीच हिंसक संघर्ष बढ़े हैं। वहीं तालिबान से दोस्ताना संबंध रखने वाले एक चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने पाकिस्तान के कई इलाकों में आतंकी हमले किए हैं।



इस समय पाक में श्रीलंका जैसे हालात हो गए हैं। हालांकि पाकिस्तान के राजनीतिक हालात इससे बिल्कुल अलग हैं। यहां सरकार को अपदस्थ कर कभी भी सेना व्यवस्था को अपने हाथ में ले सकती है। जाहिर है, अगर बदहाल पाकिस्तान में सैन्य शासन फिर से लागू होता है तो भारत के लिए स्थितियां ज्यादा चुनौतीपूर्ण बन सकती हैं। पाकिस्तान में जब भी सैन्य शासन रहा है, भारत के साथ उसका तनाव चरम पर होता है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान चौदह सालों से देश में कड़े इस्लामी कानून लागू करने के लिए लड़ रहा है। अल्पसंख्यकों, महिलाओं और उदारवादियों पर हमले करता रहा है। वह अफगानिस्तान से लगे सरहदी इलाकों में अपना वर्चस्व बढ़ाने में लगा है इसलिए वह इन इलाकों में पाकिस्तान की फौज की तैनाती हटाना चाहता है। पाकिस्तान की फौज से उसका टकराव होता रहता है। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार टीटीपी से रिश्तों को लेकर इमरान खान पर निशाना साध रही है। शाहबाज शरीफ का कहना है कि इमरान खान ने ही सरहदी इलाकों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाकों को बसाया, जो अब नासूर बन गए हैं। टीटीपी के लिए अफगान सुरक्षित ठिकाना है और उसके आतंकी अक्सर पाकिस्तान सेना व पुलिस पर हमले करके अफगानिस्तान में छिप जाते हैं।

यह भी दिलचस्प है कि आतंकी संगठनों को समर्थन को लेकर पाकिस्तान के राजनीतिक दलों जैसी ही स्थिति सेना में भी है। पाकिस्तानी सेना में आला अफसरों के कई गुट बने हुए हैं और उनमें आपसी हितों को लेकर जबर्दस्त टकराव है। सेना के भीतर लड़ने वाले गुट एक-दूसरे के खिलाफ टीटीपी का इस्तेमाल करते हैं। जनरल बाजवा के सैन्य प्रमुख के पद से हटते ही टीटीपी द्वारा पाक में आतंकी हमलों की शुरुआत महज संयोग नहीं, बल्कि सैन्य अफसरों में फूट को उजागर करती है। आर्थिक संकट से जूझते पाकिस्तान में चीन का विरोध भी बढ़ता जा रहा है। चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर वहां हमले बढ़ने से पाकिस्तान का प्रमुख सहयोगी नाराज है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की कई परियोजनाओं का काम इस समय रोक दिया गया है। सीपीईसी को चीन के 'बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव' का बेहद अहम पहलू माना जाता है। इसका मकसद मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप से नए जमीनी और समुद्री संपर्क बढ़ाना है। सरकार परियोजना को पाकिस्तान के भविष्य की योजना बताती है, जिसमें सड़कें, रेल लाइनें, बिजलीघर और औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करना शामिल है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोने, तांबे और गैस के बड़े भंडार हैं और चीन की इन पर नजर है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान का गहरा विरोध है और वे अपनी पहचान को पाकिस्तान से अलग कर देखते हैं। बलूचिस्तान के लोगों का कहना है कि पाकिस्तान आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा है। उसे पैसे की जरूरत है और वह इस मुश्किल को हल करने के लिए हमारा इलाका चीन को बेचने की कोशिश कर रहा है। आतंकवादी और खासकर दक्षिणी पश्चिमी बलूचिस्तान सूबे के उग्रवादी चीन को बार-बार इन परियोजनाओं से बाज आने और पाकिस्तान से चले जाने या फिर अंजाम भुगतने की धमकियां देते रहे हैं। पहले पाकिस्तान की फौज ने सीपीईसी की सुरक्षा की गारंटी ली थी, लेकिन अब न तो पाक की फौज का रुख सकारात्मक है और न ही चीनियों को उनकी सुरक्षा पर भरोसा रहा है। बलूचिस्तान के साथ ही अब तो पूरे पाकिस्तान के लोगों में चीन को लेकर बैचेनी बढ़ गई है।

पाकिस्तान के आर्थिक और राजनीतिक विश्लेषक साफ कहते हैं कि चीनी कर्ज की ब्याज दर बहुत ज्यादा होने से पाक कर्ज का समय पर भुगतान कर पाने में नाकाम रहेगा। इससे चीन पाकिस्तान की संप्रभुता को प्रभावित कर सकता है। पाकिस्तान का पढ़ा-लिखा तबका भी चीन-पाक आर्थिक गलियारे की शर्तों को लेकर संशय में है। उनका मानना है कि इस अदूरदर्शी परियोजना ने पहले नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के इर्द-गिर्द कर्ज का एक और जाल बुन डाला है और उसकी लंबे समय से चली आ रही वित्तीय मुश्किलों को बढ़ाने का काम किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने एक रिपोर्ट में बताया गया था कि पाकिस्तान पर लदे विदेशी कर्ज का तीस फीसद अकेले चीन का है।

वास्तव में पाकिस्तान पर कर्ज के बोझ में चीन के बैंकों की हिस्सेदारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के ऋण से भी अधिक है। इस समय पाक में श्रीलंका जैसे हालात हो गए हैं। हालांकि पाकिस्तान के राजनीतिक हालात इससे बिल्कुल अलग हैं। यहां सरकार को अपदस्थ कर कभी भी सेना व्यवस्था को अपने हाथ में ले सकती है। जाहिर है, अगर बदहाल पाकिस्तान में सैन्य शासन फिर से लागू होता है तो भारत के लिए स्थितियां ज्यादा चुनौतीपूर्ण बन सकती हैं।

### ट्विटर



मनीष बेकसूर हैं। उनकी गिरफ्तारी गंदी राजनीति है। मनीष की गिरफ्तारी से लोगों में बहुत रोष है। लोग सब देख रहे हैं लोगों को सब समझ आ रहा है। वे जवाब देंगे।

**अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री**




अपने पाप छिपाने भगत सिंह का नाम इस्तेमाल ना करें। इन्होंने भले ही ईमानदारी के नाम पर सरकार बना ली, लेकिन ये लोग सबसे ज्यादा बेईमान साबित हो चुके हैं।

**मीनाक्षी लेखी, केंद्रीय मंत्री**

### सत्यार्थ

## सफलता के सूत्र



पुराने समय में एक राजा ने अपने राज्य में घोषणा की कि राज दरबार में एक राज ज्योतिषी की जरूरत है। राजा की घोषणा सुनकर राज्य के बड़े-बड़े ज्योतिषी राज दरबार पहुंच गए। ज्योतिषियों से राजा खुद बात कर रहे थे। राजा ने ज्योतिषियों की परीक्षा लेने के लिए सभी से कई तरह के प्रश्न पूछे। राजा ने पूछा कि ज्योतिष में भविष्यवाणी किस आधार पर की जाती है? किसी ज्योतिषी ने नक्षत्र के आधार पर, किसी ने कहा कि ग्रहों के आधार पर, किसी ने कहा कि ये सब गणित है, किसी कहा कि हस्तरेखा ज्योतिष से सबसे सटीक भविष्यवाणी की जा सकती है। ज्योतिषियों की बातें राजा ने ध्यान से सुनी, लेकिन वह किसी से भी संतुष्ट नहीं हुआ। राजा को इस दौरान ध्यान आया कि उसके राज्य का एक ज्योतिषी नहीं आया है। राजा उस ज्योतिषी को अच्छी तरह जानते थे। राजा ने सेवकों को अनुपस्थित ज्योतिषी के पास भेज दिया और उसे बुलवाया। जब वह ज्योतिषी राज दरबार में आया तो राजा ने उससे पूछा कि क्या आपने मेरी राज ज्योतिषी की आवश्यकता वाली घोषणा नहीं सुनी थी? ज्योतिषी ने कहा कि मैंने वह घोषणा सुनी थी। राजा ने उससे फिर पूछा कि जब आपने घोषणा सुनी थी तो दरबार में आए क्यों नहीं? आप भी तो ज्योतिषी हैं। उस ज्योतिषी ने कहा कि मैं भविष्य देख सकता हूं और मैं जानता हूं कि मैं इस राज्य का राज ज्योतिषी बनूंगा। ये बात सुनकर राजा चौंक गया। राजा ने उससे कहा कि लेकिन आप तो यहां परीक्षा देने आए ही नहीं, फिर कैसे राज ज्योतिषी बनेंगे। ज्योतिषी ने कहा कि मेरी कुंडली में तो राज ज्योतिषी बनने के योग हैं। राजा को ज्योतिषी की बात से हैरानी हुई, लेकिन वह उस ज्योतिषी का आत्मविश्वास देखकर खुश हो गया। उसने पूछा कि आपको इतना विश्वास कैसे है कि मैं आपको राज ज्योतिषी बना दूंगा? ज्योतिषी ने कहा कि ज्योतिष एक विज्ञान है, इसका निरंतर अभ्यास करते रहने से ही भविष्य को समझना संभव हो सकता है।

ख़ास ख़बर

# जल बोर्ड की लापरवाही से लाखो लीटर पेय जल रोज हो रहा बर्बाद - सोलंकी



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** जल बोर्ड के अधिकारियों एवम ठेकेदारों की लापरवाही से काफी दिनों से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वही उपवोक्ताओं को पीने का पानी नसीब नही हो रहा है। जिसकारण मधुविहार कालोनी व आसपास के क्षेत्र के लोगों में जलबोर्ड अधिकारियों की लापरवाही के कारण रोष व्याप्त है। वाकया है मधु विहार के सातों ब्लॉकों का जहां दो साल पहले सीवर की लाइन डाली हुई थी जिसमे सरकार ने करोड़ों रुपए लगाए है लेकिन वे कारगर नहीं है लिहाजा जहां तहां सीवर ओवर फ्लो होता रहता है। इस बीच जल बोर्ड द्वारा पुरानी लाइनें हटाकर नई लाइनें लगाने का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत ठेकेदारों द्वारा कही कही पुरानी लाइनें हटाने के बाद उन्हें बंद नही किया गया है जिससे लाखों लीटर पीने का पानी रोज बरबाद हो रहा है। ये है ए ब्लॉक गली न 6 व 7 ,सी वन ब्लॉक, सी ब्लॉक गली न एक जो अभी तक बदली नहीं गई है। ऐसे और कई जगह लाइन जोड़ने और काटने में गड़बड़ी की गई है जिससे लोग परेशान है क्योंकि पीने का पानी और सीवर के पानी निकलने से जहां लोगो के घरों में पानी भर जाता है वही दो फीट गढ्ढा खोदने पर जमीन से पानी निकल आता है। लोगों की शिकायत पर आरडब्ल्यूए मधु विहार के प्रधान रणबीर सिंह सोलंकी ने जल बोर्ड के अधिकारियों , सीइओ से लेकर मुख्य मंत्री एवम उपराज्यपाल से भी याचना कर चुके है

# अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर निकाली गई तिरंगा यात्रा



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** नजफगढ़ में 26 फरवरी को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर नजफगढ़ फिरनी पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन आर्यसमाज नजफगढ़ के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर अमर शहीद को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के भतीजे श्री सुजीत सिंह आजाद भी तिरंगा शोभा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा शोभा यात्रा शहीद भगत सिंह चौक से शुरू हुई और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक पर संपूर्ण हुई।

# मनीष सिसोदिया को पांच दिन की सीबीआई रिमांड, एलजी ने दी शराब नीति को मंजूरी

## सिसोदिया के वकील की दलील नही आई काम

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/ शिव कुमार यादव।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली सरकार की शराब नीति में गड़बड़ी के सिलसिले में गिरफ्तार उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कोर्ट ने 4 मार्च तक रिमांड पर भेजा दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जज ने मनीष सिसोदिया को 5 दिन की सीबीआई की कस्टडी में भेज दिया। सीबीआई ने सिसोदिया से पूछताछ के लिए पांच दिन की हिरासत में दिये जाने का विशेष अदालत से किया अनुरोध किया। सीबीआई के वकील ने कहा कि आबकारी घोटाले में साजिश बहुत सुनियोजित और गोपनीय तरीके से रची गयी। सीबीआई के वकील ने कोर्ट में कहा, ÷यह पूरा केस प्रॉफिट का है। इसी पर हमारी आगे की इन्वेस्टिगेशन होनी है। सिसोदिया एक्साइज मिनिस्टर हैं और वो मंत्रियों के एक ग्रुप को लीड कर रहे थे। शराब नीति के मॉडल को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई। सिसोदिया के वकील दयान कृष्णन ने कहा, एलजी ने मई 2021 में पॉलिसी को हरी झंडी दी थी। प्रॉफिट मार्जिन के बारे में सारी बहस हो रही है, उसकी एलजी ने मंजूरी दी थी। उन्होने ही बदलावों को रजामंदी दी थी। पहले ही दिन सीबीआई ने फोन के बारे में बात की थी। कहा कि सिसोदिया ने 4 फोन इस्तेमाल किए, 3 को नष्ट कर दिया। क्या सिसोदिया अपना फोन सेकेंड हैंड शॉप पर नहीं दे सकते हैं। वो क्या अपने फोन रखे रहते, क्या उन्हें पता था कि सीबीआई आएगी और उन्हें गिरफ्तार करेगी इसलिए वो फोन रखे रहते? दयान कृष्णन ने कहा, सीबीआई कह रही है कि








जिस तरह वो चाहती है, सिसोदिया उस तरह जवाब नहीं दे रहे हैं। जहां तक जांच में सहयोग की बात है तो सिसोदिया ने सहयोग किया है। उनके घर पर छापा मारा गया। उनके फोन एजेंसी के पास हैं। अब एजेंसी कह रही है कि सिसोदिया गोलमोल जवाब दे रहे हैं। उनके पास यह अधिकार है। एक व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार होते हैं। **एलजी ने की थी जांच की सिफारिश**

जुलाई 2022 में दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ ब्ठप् जांच की सिफारिश की थी। सक्सेना ने सिसोदिया पर नियमों को नजरअंदाज कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए थे।

इसके बाद ईडी और सीबीआई ने सिसोदिया के खिलाफ जांच शुरू की। इस मामले में भाजपा ने नए टेंडर के बाद गलत तरीके से शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ माफ करने के आरोप लगाए हैं। आबकारी नीति मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के विरोध-प्रदर्शन के आह्वान के मद्देनजर सोमवार सुबह यहां दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। दिल्ली में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मध्य दिल्ली में डीडीयू मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और 'आप' दोनों का मुख्यालय स्थित है। शहर के मध्य हिस्से में दिन के समय यातायात प्रभावित होने की भी आशंका है। 'आप' के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने कहा कि पार्टी इस दिन को काला दिवस के रूप में चिन्हित करेगी और सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, हम दिल्ली में दोपहर 12 बजे भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय के पास धरना देंगे।

# जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के असवैधानिक निर्वाचन को दिल्ली उच्च नयायालय में चुनौती





**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** दिल्ली उच्च न्यायालय में जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के असंवैधानिक निर्वाचन को एक याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। साथ ही याचिका में माननीय न्यायालय से जनता दल (यू) के पुनः संगठनात्मक चुनाव कराने की मांग भी की गई है। माननीय उच्च न्यायालय ने इस संबंध में संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च 2023 को होनी है। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में जनता (यू) नेता गोविंद यादव ने याचिका क्रमांक डब्ल्यू पी सी) 2137/2023 दायर की है। जिसमें भारत सरकार, निर्वाचन आयोग, नीतीश कुमार, (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष), जनता दल (यू) अनिल हेगड़े, (राज्य सभा सदस्य) ,आर.सी.पी. सिंह (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष), जनता दल(यू) राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष), जनता दल अहफाक अहमद जावेद राज, अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित कुल 10 लोगों को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में जनता दल (यू) राष्ट्रीय अध्यक्ष के वर्ष 2016, 2019, 2022 के असंवैधानिक निर्वाचन साहित संपूर्ण संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में चुनौती दी गयी है। साथ ही याचिका में जनता दल (यू) के वर्ष 2016, 2019, 2022 के राष्ट्रीय अध्यक्ष के असंवैधानिक निर्वाचन सहित संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः जनता दल (यू) के संविधान अनुसार चुनाव कराने की मांग की गयी है। 17 फरवरी 2023 को उपरोक्त याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली में सुनवाई हुई। जिसमें याचिकाकर्ता के पक्ष को सुनकर माननीय उच्च न्यायालय के निर्वाचन आयोग को सुनवाई की अगली तिथि पर अपना पक्ष रखने के लिए निश्चित किया है। (ऑर्डर एवं अन्य दस्तावेज संलग्न है) मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च 2023 निर्धारित की गयी है।

# ईरान में लड़कियों के स्कूल जाने पर हैवानियत, दिया गया सैंकड़ों लड़कियों को जहर



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/तेहरान/शिव कुमार यादव/-** ईरान में हिजाब विरोधी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच ईरान के एक शहर में लड़कियों को स्कूल जाने से रोकने के लिए सैकड़ों लड़कियों को जहर देने का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। स्वयं ईरान के डिप्टी स्वास्थ्य मंत्री यूनुस पनाही ने इसका खुलासा किया है। मंत्री ने बताया कि ईरान के पवित्र शहर कोम समेत कई जगहों पर लड़कियों के स्कूलों को बंद कराने के लिए कुछ लोगों द्वारा सैकड़ों छात्राओं को जहर दिया गया। जहर केमिकल कंपाउंड के रूप में दिया गया और अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। फिलहाल ईरान सरकार मामले की जांच चल रही है। बीते साल नवंबर में जब हिजाब विरोधी हिंसक विरोध प्रदर्शन पूरे देश में अपने चरम पर था उस समय ईरान के कोम शहर में स्कूली छात्राओं के शरीर में जहर की पुष्टि हुई, जिनमें से कई को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कुछ लोग चाहते थे कि सभी स्कूल खासकर लड़कियों के स्कूल बंद हो जाएं। हालांकि ईरान के मंत्री पनाही ने इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लड़ने चली हूँ आज़ादी की जंग कार्यक्रम का आयोजन करेगी .तेजस्विनी

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ बिलासपुर/ शिव कुमार यादव।** भारत में महिला अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के लिये अग्रणी रूप से कार्य कर रही अखिल भारतीय नारीशक्ति संगठन तेजस्विनी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर महिला सप्ताह के तहत 1 से 8 मार्च के मध्य छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में स्त्री विमर्श के अंतर्गत लड़ने चली हूँ आज़ादी की जंग थीम पर महिला संगोष्ठी, महिला जागृति कार्यशाला, नृत्य नाटिका, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, काव्य गोष्ठी, नारी शक्ति शिखर सम्मान समारोह, महिला जनचेतना-जनजागृति स्कूटी रैली आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के




विभिन्न ज़िले में अखिल भारतीय नारी शक्ति संगठन तेजस्विनी , छत्तीसगढ़ कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक विकास परिषद , राष्ट्रीय वन्देमातरम-राष्ट्र प्रथम अभियान-भारत जनशक्ति एवं भारत युवाशक्ति संगठन के तत्वावधान में क्षितिज इंडिया एंटरटेनमेंट एंड इवेन्ट मैनेजमेंट कार्पोरेशन तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एन्ड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन एवं अन्य सहयोगी महिला संगठनों के सहयोग से लड़ने चली हूँ आज़ादी की जंग थीम पर स्त्री विमर्श पर केंद्रित विभिन्न महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नारी अस्तित्व एवं अस्मिता, महिला अधिकारों, महिलाओं की सुरक्षा तथा आत्मसम्मान के लिये तथा महिलाओं, युवतियों और किशोरी बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे हिंसक घटनाओं के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को देश और प्रदेश में महिलाओं और युवतियों में जनजागृति एवं जनचेतना लाने के लिये आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में जागरूक महिलाएँ और युवतियाँ अपने सार्थक विचारों और सक्रिय भागीदारी के साथ सम्मिलित होंगी।

# अपोलो टायर्स न्यू दिल्ली मैराथन में बीआरजी के लिए गर्व का क्षण बना मोमेंटो सम्मान



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव।** देश की जानी मानी मैराथन अपोलो टायर्स न्यू दिल्ली मैराथन बहादुरगढ रर्नस ग्रुप के लिए उस वक्त गर्व का क्षण बन गई जब बीआरजी के धावकों को मोमटो देकर सम्मानित किया गया। इस मैराथन में बीआरजी के 70 धावको ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा 4 धावको ने पेसर की भुमिका निभाई। 26 फरवरी को अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन 23 का आयोजन हुआ। मैराथन मे 6 देशो ,22 राज्यो से 324 शहरो के 16000 से अधिक धावको ने 42 किमी ,21 किमी, 10 किमी 5 किमी मे भाग लिया। मैराथन सुबह 4:15 बजे जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम से रवाना हुई। विश्व रिकॉर्ड धारक और डबल ओलंपिक चैंपियन डेविड रूदिशा, ब्रांड एंबेसडर मुख्य अतिथि थे। डेविड रूडिशा ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ उन्हें झंडी दिखाकर रवाना किया। एनईबी स्पोर्ट्स एनईबी के रेस डायरेक्टर नागराज अडिगा है एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई करने के लिए भारतीय एथलीटों के लिए सर्वश्रेष्ठ माहौल और मंच बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। बहादुरगढ रर्नस ग्रुप के दीपक छिल्लर ने बताया कि 70 धावको ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बार बहादुरगढ रर्नस ग्रुप के लिए काफी खुशी की बात है यह रही कि इस बार बी आर जी से 42 किलोमीटर मे पेसर मे नरेन्द्र राम ने 4:15 ,दीपक छिल्लर ने 4:30 परवीन सांगवान ने 4:25 और 10 किलोमीटर मे शक्ति राणा ने 60 मिनट की भुमिका निभाई लोगो को ट्रैक पर पेस करके निर्धारित समय मे रेस पुरी कराई। सभी पेसर को मोमटो प्रदान किए गए। वही 42 किलोमीटर रेस मे अजय कुमार, अमर, गुलाब सिह, बिजय सिह, प्रवीन नील, धर्मवीर, सुरेंद्र दलाल, बादल, सिकंदर ने 4 घंटे से कम मे फुल मैराथन रेस पुरी की।

**21 किलोमीटर मे**

हितेश अहलावत, कौशल शर्मा, धर्मवीर सेन, मुकेश, अजय, नीरज छिल्लर, अरुण विजयरण, विहान, धीरज छिल्लर, राकेश, विकास पन्नू, तुषार, नरेन्द्र ,महिलाओ मे डा किरण छिल्लर, पुनम अग्रवाल, सगुफ्ता गहलोत, रीटा,मोनिका, शालु ,अंजु, दीप्ती, शीतल ,नीतू ,तुषमा, लवलीन गीता सहित काफी धावको ने भाग लिया।

# ईशान के बाद अब अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरी अफगान महिलाएं



**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/ काबुल/शिव कुमार यादव/-** ईरान में हिजाब विरोधी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद अब अफगानिस्तान में भी महिलाएं अपने अधिकारों के लिए तालिबान के खिलाफ सड़कों पर उतर रही है। बता दें कि अगस्त 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान पर अपना कब्जा जमाया था जिसके बाद तालिबान ने महिलाओं पर तमाम तरह के प्रतिबंध लगा दिए। महिलाओं को पढ़ने से लेकर नौकरी तक करने से रोक दिया था। लेकिन अब शनिवार को अपने मौलिक और महिला अधिकारों के लिए लड़ने के लिए काबुल में महिलाओं के एक समूह ने तालिबान के महिला विरोधी कानून को चुनौती देते हुए क्रांति की घोषणा की है। स्थानीय खबरों के मुताबिक, महिलाएं तालिबान द्वारा लगाए गए लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध हटाने और महिलाओं को नौकरी के लिए काबुल के सड़कों पर निकली हैं और आजादी की मांग कर रही हैं। आयोजकों में से एक दोन्या सफी के अनुसार, आंदोलन का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं के मूल अधिकारों की रक्षा करना है,

युद्ध

## दो दिवसीय दौरे पर भारत पंहुचे जर्मन चांसलर, कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई बात

# इंडिया पंहुचे जर्मन चांसलर, संयुक्त बयान में कही असहज करने वाली बात

**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नई दिल्ली/शिव कुमार यादव/-** दो दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार, रक्षा एवं नई प्रौद्योगिकी, आतंकवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी के सामने ही जर्मन चांसलर ने असहज होने वाली बात कह कर सबको हैरान कर दिया। जर्मन चांसलर ने पीएम मोदी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सख्त लहजे में दुनिया के देशों को रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का आह्वान किया। भारत भी उन देशों में शामिल है जो रूस-यूक्रेन युद्ध में तटस्थ रुख अपनाए हुए हैं। भारत युद्ध की शुरुआत से ही बातचीत से हल निकालने का पक्षधर रहा है। जर्मन चांसलर का यह बयान इसलिए मायने रखता है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दो दिन पहले ही स्थायी शांति के लिए यूक्रेन युद्ध के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है। यूक्रेन और उसके समर्थक देशों की ओर से लाए गए इस प्रस्ताव पर भारत ने वोटिंग नहीं की। भारत ने इससे पहले



भी युद्ध से जुड़े ऐसे सभी प्रस्तावों पर वोटिंग नहीं की थी। जिससे समर्थक देशों में असंतोष का माहौल बना हुआ है। वही बात किसी न किसी तरीके से जर्मन चांसलर के मुंह से निकल ही गई। जर्मन चांसलर ने जोर देते हुए कहा कि यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर को बदलने के लिए हिंसा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र में हम इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। हम बार-बार बहुत स्पष्ट रूप से बता रहे हैं कि हम इस विषय पर कहां खड़े हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्कोल्ज ने कहा कि यूक्रेन युद्ध से भारी तबाही हो रही है। यूक्रेन में रूस ने शहरों, रेलवे लाइनों और पावर ग्रिड को नष्ट कर दिया है जिससे भारी नुकसान हुआ है।

**भारत ने रूस की नहीं की है आलोचना**

भारत किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच से यूक्रेन में रूसी सैन्य कार्रवाइयों की आलोचना नहीं की है। इसके अलावा भारत रूस से भारी मात्रा में रियायत कीमतों के साथ कच्चा तेल खरीद रहा है। दूसरी ओर यूरोप का सबसे बड़ा गैस उपभोक्ता देश जर्मनी रूस से गैस खरीदना बंद कर दिया है।

हालांकि, जर्मन मीडिया में भी इस बात की चर्चा तेज है कि जर्मनी और भारत के बीच यूक्रेन को लेकर मतभेद हैं। लेकिन इस बात की कोई उम्मीद नहीं है कि ओलाफ स्कोल्ज की यात्रा और बयान के बाद भारत रूस-यूक्रेन को लेकर अपना मन बदल ले। स्कोल्ज के भारत दौरे के दौरान कोई भी संयुक्त बयान नहीं जारी किया गया हालांकि, दोनों देशों ने ÷इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत-जर्मनी विजन÷ शीर्षक से एक कॉमन पेपर जारी किया।

**भारत ने कही ये बात**

भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा के अनुसार, मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन मुद्दे पर काफी विस्तार से चर्चा की. क्वात्रा से जब यह पूछा गया कि जर्मन चांसलर की ओर से संयुक्त राष्ट्र में अपनी स्थिति स्पष्ट करने का संदेश क्या भारत के लिए था? उन्होंने असहमति जताते हुए कहा कि यूक्रेन की स्थिति को समझते हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध के 'ग्लोबल साउथ' पर प्रभाव और युद्ध रोकने की कोशिशों को लेकर भी दोनों देशों की गहरी समझ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यूक्रेन में युद्ध की शुरुआत के बाद से ही भारत ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान का आह्वान किया है। भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है।

**दोनों देशों के बीच बेहतर व्यापारिक संबंध**

कूटनीतिक मतभेद होने के बावजूद यूरोप में भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर जर्मनी है। इसके अलावा जर्मनी भारत के साथ आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने को लेकर इच्छुक है। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बातचीत पर टिप्पणी करते हुए ओलाफ स्कोल्ज ने कहा कि पीएम मोदी के साथ बातचीत को व्यक्तिगत रूप से लिया जाएगा, ताकि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में और समय न लगे। यहां से इसमें तेजी आने की संभावना है।

भारत और जर्मनी के बीच 2021-22 में कुल 24.8 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। इस वित्तीय वर्ष के दौरान जर्मनी भारत के टॉप 10 ट्रेड पार्टनर में शामिल रहा है। भारत में जर्मनी की लगभग 1800 कंपनियां हैं और भारत में नौवां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। इस दौरान जर्मन चांसलर ने यह भी घोषणा की कि जर्मन व्यवसाय के एशिया प्रशांत सम्मेलन की अगली बैठक 2024 में भारत में ही आयोजित की जाएगी।

# केविके में फसल अवशेष स्वस्थान प्रबंधन पर एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन

## मेले में कृषि विशेषज्ञों के साथ-साथ लगभग 450 कृषक, प्रसार कार्यकर्त्ता, उद्यमी, सरकारी संस्थान, बीज एवं खाद बनाने वाली कंपनियों ने की भागेदारी







● एन.एच.आर.डी.एफ. के मोबाइल एप्प का विमोचन मुख्य अतिथि माननीय श्री राजेश वर्मा, भा.प्र.से. राश्ट्रपति के सचिव, भारत गणराज्य ने कार्यक्रम के दौरान एन.एच.आर.डी.एफ. के मोबाइल एप्प का विमोचन किया। यह एप्प राष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान विकास प्रतिष्ठान, जनकपुरी के द्वारा विकसित की गई जों किसानों प्याज एवं लहसुन के साथ साथ अन्य सब्जियों की वैज्ञानिक खेती की तकनिकियॉ एवं प्रजातियॉ, संस्था के विभिन्न केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र एवं बीज व जैविक उत्पाद की जानकारी उपलब्ध करवायेगा एवं इस एप्प के माध्यम से किसाना धर बैठे ही बीज खरीदे सकते है।





**नजफगढ़ मैट्रो न्यूज/नजफगढ़/शिव कुमार यादव/-** रविवार को कृषि विज्ञानं केंद्र (राष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान विकास प्रतिष्ठान), उजवा ने कृषि विज्ञानं केंद्र के परिसर में एक दिवसीय किसान मेला का आयोजन भारत सरकार की परियोजना फसल अवशेष का स्व-स्थान प्रबंधन के अंतर्गत किया गया। जिसमे लगभग 450 कृषक, प्रसार कार्यकर्त्ता, उद्यमी, सरकारी, संस्थान बीज एवं खाद बनाने वाली कंपनियों ने भागेदारी की। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ÷माननीय श्री राजेश वर्मा, भा.प्र.से. राष्टपति के सचिव, भारत गणराज्य एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार सिंह, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली, श्रीमती नीलम पटेल, वरिष्ठ सलाहकार, नीति आयोग, भारत सरकार, श्री एम.के. मिश्रा, निदेशक, प्राकृतिक खेती परियोजना, कृशि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं डॉ.वाइ.आर मीणा, अतिरिक्त आयुक्त (संचार माध्यम) कृशि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. डी.के. यादव, सहायक महानिदेशक (बीज) भारतीय कृशि अन ुसंधान परिषद्, पूसा, नई दिल्ली, डॉ. राज नारायण, प्रधान वैज्ञानिक (सब्जी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोधपुर, राजस्थान एवं श्री जगत सिंह, उप निदेशक, राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र, गाजियाबाद के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बिजेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, दिल्ली ने की। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर डॉ. पी. के. गुप्ता, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र व् निदेशक, एन.एच आर. डी. एफ., नई दिल्ली, मुख्य अतिथि सहित माननीय अतिथिगण कृषक बंधु, मीडिया कर्मी व प्रदर्शनी लगाने वाली संस्थानों व कम्पनियों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञानं केंद्र के द्वारा किसान मेला के आयोजित करने के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मेले का उद्धघाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री राजेश वर्मा जी ने बताया कि भारत सरकार की यह योजना चार राज्य पंजाब, उत्तरप्रदेश, हरियाणा एवं दिल्ली में संचालित हो रही है। इससे किसानों ने काफी मात्रा में पराली प्रबंधन करने वाले यंत्रो का इस्तेमाल किया जिससे पराली की समस्या कम हुई है। उन्होनें कहा कि वर्तमान में किसानों को बीज से बाजार तक की नवीनत्तम तकनिकों की तरफ अग्रसर होना है एवं संगठित होकर अपने उत्पाद को सीधा उपभोक्ता तक लेके जाना है जिससे बिचोलियों को खत्म करके अपनी आय को बढाना है। वर्तमान में नवयुवक खेती की तरफ आकर्शित नहीं हो रहे है वो खेती के व्यवसाय से दूर भाग रहे है उनको कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि विश्वविधालयों एवं अनुसंधान संस्थान से प्रशिक्षित करके कृषि उधम के स्टार्ट अप्प से जोड़ना ताकि वे स्वरोजगार के साथ ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की संभावना बना सके।

डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के द्वारा विभिन्न सुचना एवं संचार गतिविधियॉ जैसे जागरुकता कार्यक्रम, किसान मेला, किसानों के प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन एवं विधार्थियों के द्वारा भी जन-जन तक पराली के जलाने से होने वाले नुकसान के संदेश दे रहे है जिससें पराली अब पुॅजी में परिवर्तित होने लगी है। डॉ. सिंह किसानों को धान के नर्सरी एवं शुरुआत में आने बिमारियों से अवगत करवाया एवं सभागण में उपस्थित किसानों को 02 से 04 मार्च, 2023 में होने वालें पूसा किसान मेंला में आमन्त्रित किया। श्री एम.के. मिश्रा ने भारत सरकार के द्वारा शुरुआत की गई प्राकृतिक खेती परियोजना एवं उनके अवयव के बारे में अवगत करवाया। श्रीमती नीलम पटेल ने पराली की समस्या से निदान पाने के लिए यथा-स्थान के साथ साथ एक्स-सीट प्रबंधन के बारे में अवगत करवाया। उन्होनें कहा कि सरकार पराली का उपयोग बायो गैस, सी.एन.जी. एवं अन्य कार्यो मे करने के लिए प्रयास कर रही है ताकि किसानों को पराली जलाने के बजाय आय प्राप्त होने लग जाये। डा ॅवाइ.आर. मीणा नें कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिनी सीड किट, किसान सम्मान निधि योजना, सिचाई योजना आदि के विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। एवं उन्होनें कहा कि दिल्ली क्षेत्र के किसान भाई बाजार की मांग के अनुसार परिनगरीय बागवानी को बढावा दे सकते हैं अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ा सकते है। डॉ. डी.के. यादव ने किसानों को उत्तम गुणवत्ता वाले बीजों एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की विभिन्न प्रजातियों के बारे में अवगत करवाया। उन्होनें कहा खेती में प्रमुख कार्य है गुणवत्ता युक्त बीज का चुनाव करना इसके लिए किसान भाईयों फसल बोने के 02 महीनें पहले ही बीज की चुनाव एवं खरीद कर लेना चाहिए। डॉ. राज नारायण ने किसानों धान एवं गेहूॅ के साथ साथ बागवानी फसलों एवं खेती मे विविधिकरण को बढावा देनें के लिए आग्रह किया।

एन.एच.आर.डी.एफ. के मोबाइल एप्प का विमोचन मुख्य अतिथि माननीय श्री राजेश वर्मा, भा.प्र.से. राश्ट्रपति के सचिव, भारत गणराज्य ने कार्यक्रम के दौरान एन.एच.आर.डी.एफ. के मोबाइल एप्प का विमोचन किया। यह एप्प राष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान विकास प्रतिष्ठान, जनकपुरी के द्वारा विकसित की गई जों किसानों प्याज एवं लहसुन के साथ साथ अन्य सब्जियों की वैज्ञानिक खेती की तकनिकियॉ एवं प्रजातियॉ, संस्था के विभिन्न केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र एवं बीज व जैविक उत्पाद की जानकारी उपलब्ध करवायेगा एवं इस एप्प के माध्यम से किसाना धर बैठे ही बीज खरीदे सकते है।

तकनीकी सत्र के दौरान श्री जगत सिंह ने किसानों को रसायन मुक्त बनाकर जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़नें के आह्वान किया। डॉ. सतीश, वैज्ञानिक, कृषि अभियांत्रकी विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली ने पराली के प्रबंधन एवं कम्पोस्ट तैयार करने की विभिन्न मशीनों के बारे में किसानों को जानकारी दी। केन्द्र के विशेषज्ञं श्री कैलाश, विशेषज्ञ (कृषि प्रसार) ने कहा कि विगत 05 वर्शो कृषि विज्ञान केंद्र, दिल्ली के विभिन्न प्रयासों से दिल्ली मे पराली जलाने का शून्य मात्र के परिणाम सामने आये है एवं किसानों ने पराली प्रबंधन वाली मशीनों जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं जीरो-सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल आदि से गेहूं की सीधी बुवाई का अभिग्रहण किया। जिससे किसानों को अनेक लाभ प्राप्त हुए। डॉ. समर पाल सिंह विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) ने धान की सीधी बुवाई एवं जैविक खेती करने के बारें में विस्तृत जानकारी साझा की एवं डॉ. जय प्रकाश विशषाज्ञ (पशुपालन) ने किसानों आहार प्रबंधन एवं टीकाकरण एवं ग्रीश्म कालीन में पशुओं के रखरखाव की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के शुरुआत में माननीय अतिथिगणों ने केन्द्र की विभिन्न इकाई का भ्रमण एवं अवलोकन किया एवं साथ ही केन्द्र ने विभिन्न प्रसार पत्रिकाओं जैसे भारत में मशरुम उत्पादन एवं कृषि वाहिनी का विमोचन करवाया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र ने नयी पहल करते हुए दिल्ली देहात के नवाचार किसानों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं साथ मे आधुनिक डेयरी पालन प्रशिक्षण के प्रशिक्षुकों को प्रमाण पत्र दिया गया।

श्री कैलाश, विशेषज्ञ (कृषि प्रसार), कृ. वि. के., नई दिल्ली ने किसानों एवं अतिथियों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। श्री सत्यवान, श्री त्रिभुवन जी, श्री रामकुमार जी एवं श्री पवन एवं महिला किसान श्रीमती गीता देवी नें अपने अनुभव एवं केन्द्र के योगदान एवं सहयोग के कार्यो को साझा किया। इस कार्यक्रम को सफल करने में डॉ ऋ्रतू सिंह,, डॉ. डी.के. राणा, श्री राकेश कुमार, डॉ. जय प्रकाश, श्री बृजेश कुमार, श्री. सुबेदार पाण्डे, श्रीमति मन्जु, श्री राम सागर, श्री आत्माराम, श्री विशाल, श्री सुधीर सिंह, श्री संजय सिंह, डॉ. शरद तिवारी, डॉ. रजनीश मिश्रा एवं श्री सुभाष तिवारी एवं साथी स्टाफ का सहयोग सहरानीय रहा। इस कार्यक्रम को डीडी किसान चैनल एवं समाचार पत्रों के द्वारा कवरेज किया गया।

देश में विदेशी विवि पर बंटी राय

# विदेशी विवि के परिसर स्थापित करने से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी

## निजी विश्वविद्यालय यूजीसी के निर्णय के पक्ष में

**हमने एयरलाइन, बैंकिंग, दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में देखा है, जहां काफी विदेशी कंपनियां आईं। इसके बाद भारतीय संस्थानों एवं संगठनों ने अपना स्तर बढ़ाया।**

देश के कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का कहना है कि विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में अपना परिसर स्थापित करने से न केवल शीर्ष निजी विश्वविद्यालयों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में परिसर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यूजीसी ने इसका मसौदा नियमन जारी किया था। इसमें विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए जहां यूजीसी से मंजूरी लेनी होगी, वहीं दाखिला प्रक्रिया तथा शुल्क ढांचा तय करने की छूट होगी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष डा. अमन मित्तल ने कहा कि विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में परिसर स्थापित करने से यहां शीर्ष निजी विश्वविद्यालयों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा। उन्होंने कहा, भारत एक बड़ा देश है और काफी संख्या में छात्र यहां से उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के यहां परिसर स्थापित करने से परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा, इसके कारण इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। हमने एयरलाइन, बैंकिंग, दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में देखा है, जहां काफी विदेशी कंपनियां आई। इसके बाद भारतीय संस्थानों एवं संगठनों ने अपना स्तर बढ़ाया। मित्तल ने कहा कि कुल मिलाकर इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा और शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होने से सभी को लाभ मिलेगा। वहीं, जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बेंगलूरू के कुलपति डा. राज सिंह ने कहा, किसी भी विषय की बातें उसके ब्यौरे में छिपी होती है। मसौदा नियमन कई मुद्दों पर मौन है और अंतिम नियमन में इन विषयों पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है।

उन्होंने कहा, नई परियोजनाओं में काफी निवेश की जरूरत होती है और इसे लम्बे समय तक बनाए भी रखना होगा। भारत में वर्तमान उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के समक्ष कुछ चुनौतियां भी होंगी। उन्होंने कहा कि इन विश्वविद्यालयों को मूल परिसर के समान शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने की जरूरत होगी और प्रारंभिक वर्षो में हो सकता है कि ऐसा करना संभव न हो सके। दूसरी ओर, के एल (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) आंध्र प्रदेश के कुलपति डा. जी पार्थसारथी वर्मा का मानना है कि वर्तमान भारतीय विश्वविद्यालयों को लाभ होगा क्योंकि वे बाजार से परिचित हैं जबकि नए




अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को इसे शुरू से बनाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, हम इसका सकारात्मक पहलू देख रहे हैं और इसे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के रूप में देख रहे हैं।

इस बारे में एचएलएम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स, गाजियाबाद ने कहा कि विदेशी विश्वविद्यालय को प्रतस्पर्धी के रूप में देखने की बजाए हमें इसे सेवा को बेहतर बनाने एवं छात्रों को पढ़ाई के लिए चुनाव के विकल्प देने के अवसर के रूप में देखना चाहिए।

# विदेशी विवि के प्रवेश की अनुमति वाले मसौदा मानदंडों का शिक्षक संघ ने किया विरोध

**सामाजिक न्याय की चिंताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है जो हमारे संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है जहां उच्च शिक्षा सामाजिक परिवर्तन के लिए बहुत प्रभावी साधन है।**

देश में विदेशी विश्वविद्यालयों को कैंपस स्थापित करने की अनुमति देने वाले केंद्र के नए मसौदा नियमन का विरोध करते हुए यहां शिक्षक संघों ने कहा है कि इससे शैक्षणिक संस्थानों को व्यावसायिक उद्यमों में परिवर्तित किया जाएगा। संघों ने छात्रों, शिक्षकों, माता-पिता और नागरिकों से हमारी संप्रभुता को कमजोर करने का विरोध करने और इसे हराने का आग्रह किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पिछले सप्ताह भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन के लिए मसौदा नियमन की घोषणा की थी। मसौदा नियमन के मुताबिक विदेशी विश्वविद्यालय पहली बार भारत में अपना कैंपस स्थापित कर सकेंगे। उन्हें प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क संरचना पर निर्णय करने और धन को अपने देश वापस भेजने की भी अनुमति होगी।

आप की शिक्षक शाखा, एकेडेमिक फॉर एक्शन एंड डेवलपमेंट दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (एएडीटीए) ने एक बयान में आरोप लगाया कि यूजीसी ने छात्रों के लिए नहीं बल्कि कोचिंग संस्थानों के कल्याण के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए दरवाजे खोले हैं। एएडीटीए ने एक बयान में कहा, सामाजिक न्याय की चिंताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है जो हमारे संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है जहां उच्च शिक्षा सामाजिक परिवर्तन के लिए बहुत प्रभावी साधन है। संघ ने सवाल किया कि अगर कोई विदेशी संस्थान अपने संचालन में विफल रहता है, तो यूजीसी इन संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों की देखभाल कैसे करेगा। इस बीच, डेमोक्रेटिक टीचर्स फेडरेशन (डीटीएफ) ने एक बयान में जोर देकर कहा कि इस कदम का विरोध किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसी किसी भी नीति का अगला तार्किक कदम उच्च शिक्षा में स्पष्ट लाभ कमाने की अनुमति देना होगा।

रिपोर्ट कार्ड

# सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में कक्षा 1-3 में लागू होगा समग्र रिपोर्ट कार्ड

**अभी पायलट परियोजना के आधार पर सीबीएसई से संबद्ध 74 स्कूलों में कक्षा 1-3 में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इनमें 25 केंद्रीय विद्यालय, 16 सरकारी स्कूल, 33 निजी स्कूल शामिल हैं।**

बच्चों की प्रतिभा, गुणों, उनके व्यक्तित्व के मजबूत और कमजोर पक्षों का उल्लेख करते हुए सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 1-3 में बच्चों का समग्र रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। इस पायलट परियोजना के पूरा होने पर इसे सीबीएसई से संबद्ध 27, 000 स्कूलों में कक्षा 1-3 में लागू किया जाएगा जिससे करीब 60 लाख बच्चे लाभान्वित होंगे। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत स्कूली बच्चों की समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड योजना को जल्द ही पूर्ण रूप से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से मान्यता प्राप्त स्कूलों में, कक्षा 1 से 3 में लागू किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, अभी पायलट परियोजना के आधार पर सीबीएसई से संबद्ध 74 स्कूलों में कक्षा 1-3 में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इनमें 25 केंद्रीय विद्यालय, 16 सरकारी स्कूल, 33 निजी स्कूल शामिल हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन के दो वर्ष विषय पर शिक्षा मंत्रालय की हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड योजना (हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड) तैयार करने की इस पायलट परियोजना पर दैनिक आधार पर नजर रखी जा रही है। इसमें कहा गया है कि बुनियादी एवं समरूप आंकड़ा एकत्र करने के लिए प्राचार्यों एवं शिक्षकों की राय एवं आकलन के प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया है। इससे रिपोर्ट तैयार करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद इसे जरूरत के अनुरूप अंगीकार करने के लिए राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि सीबीएसई द्वारा विकसित समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड (हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड) के प्रारूप को 9-12 वीं कक्षा के लिए ढांचागत तैयारी में उपयोग में लाया जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के आधार पर बच्चों के रिपोर्ट कार्ड के स्वरूप में बदलाव करते हुए समग्र मूल्यांकन पर आधारित समग्र प्रोग्रेस कार्ड तैयार किया जा रहा है। इसके तहत हर कक्षा में जीवन कौशल परखने पर जोर होगा ताकि बच्चा जब 12वीं कक्षा पास करके निकलेगा तब उसके पास अपना पूरा पोर्टफोलियो होगा। बच्चों के इस पोर्टफोलियो में उसकी प्रतिभा, गुण, मजबूत एवं कमजोर पक्ष आदि का उल्लेख होगा। इस पद्धति में बच्चों के स्वः मूल्यांकन का आयाम भी जुड़ा होगा जिसमें वे खुद, उनके साथी, उनके अध्यापक और उनके अभिभावक शामिल होंगे।




जॉब

# उत्तराखंड : नर्सिंग ऑफिसर के 1564 पदों पर निकली भर्ती, 1 फरवरी तक करें अप्लाई

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने नर्सिंग ऑफिसर (महिला और पुरुष) के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। उम्मीदवार ukmssb.org पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के तहत 1152 खाली पदों पर महिला उम्मीदवारों की भर्ती होगी। वहीं 412 पद पुरुष उम्मीदवारों के लिए हैं। इस तरह कुल 1564 पदों पर भर्तियां की जाएंगी।



सैलरी– उम्मीदवारों को 44,900 से 1,42,400 रुपये सैलरी मिलेगी।
आवेदन की शुरुआती तारीख – 12 जनवरी 2023
आवेदन की आखिरी तारीख – 1 फरवरी 2023
एजुकेशनल क्वालिफिकेशन
उम्मीदवारों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से डिप्लोमा (जीएनएम/मनोचिकित्सा), बीएससी (ऑनर्स)/बीएससी (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बीएससी (नर्सिंग) की डिग्री होनी चाहिए।
एज लिमिट
कम से कम 21 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष जरूरी है।
अप्लीकेशन फीस
अनारक्षित (सामान्य) और ओबीसी – 300/– रुपये
उत्तराखंड राज्य के ईडब्ल्यूएस / एससी / एसटी / दिव्यांग – 150/– रुपये

# बिहार : मेडिकल कॉलेजों में 61 पदों पर भर्ती, 20 जनवरी से शुरू होंगे आवेदन

बिहार लोक सेवा आयोग ने एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पदों पर भर्ती निकाली है। यह भर्ती बिहार के स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सुपर स्पेशलिटी विभाग के तहत होगी।बीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर भर्ती 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन आयोग की वेबसाइट पर जाकर करना है।
आवेदन की शुरुआती तारीख – 20 जनवरी 2023
आवेदन की आखिरी तारीख –17 फरवरी 2023
वैकेंसी डिटेल्स
एसोसिएट प्रोफेसर– 36 पद, प्रोफेसर– 25 पद
आयु सीमा– अधिकतम 66 साल।
एजुकेशनल क्वालिफिकेशन
एसोसिएट प्रोफेसर– डीएम/एमसीएच/डीएनबी संबंधित स्पेशियलिटी में।
सैलरी
एसोसिएट प्रोफेसर– 15600–39100 और ग्रेड पे 7600 रहेगा। सातवें वेतनमान के अनुसार, वेतनस्तर–12 होगा।
प्रोफेसर– वेतन 37400–67000 रुपये और ग्रेड पे 8700 रहेगा। पे लेवल 13 होगा।
सिलेक्शन प्रोसेस– प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर उम्मीदवारों का सिलेक्शन एमबीबीएस में मिले मार्क्स, स्पेशलिस्ट विषय की परीक्षा में मार्क्स के प्रतिशत और वर्क एक्सपीरियंस के अनुसार बनी मेरिट लिस्ट के आधार पर होगा। मेरिट लिस्ट में टॉप रहे कैंडिडेट्स का फाइनल सिलेक्शन होगा।

रोजगार

# सोशल मीडिया मैनेजर के रूप में आप बना सकते हैं अपना शानदार करियर

**हर कंपनी, फिल्म स्टार्स, सेलिब्रिटी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को मैनेज करने के लिए सोशल मीडिया मैनेजर को हायर करती है। यही वजह है कि सोशल मीडिया मैनेजर्स की आज के समय में भारी डिमांड बनी हुई है।**

आप प्रतिदिन फेसबुक, ट्विटर व कू जैसी कई सोशल मीडिया वेबसाइट्स पर स्क्रोल करते समय कंपनियों के पोस्ट्स देखते होंगे, जिनमें कंपनी अपने उत्पाद के बारे में, त्योहारी ऑफर्स के बारे में, कंपनी के दिशा निर्देशों के बारे में, कूपन्स के बारे में अपने ग्राहकों को जागरूक करती हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि देश की हजारों कंपनियों के लाखों सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को कौन मैनेज करता है। दरअसल हर कंपनी, फिल्म स्टार्स, सेलिब्रिटी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को मैनेज करने के लिए सोशल मीडिया मैनेजर को हायर करती है। यही वजह है कि सोशल मीडिया मैनेजर्स की आज के समय में भारी डिमांड बनी हुई है। अगर आप भी बेरोजगार हैं और सोशल मीडिया मैनेजर बनकर अपना करिअर संवारना चाहते हैं।

**सोशल मीडिया मैनेजर की जिम्मेदारियां**

- किसी भी कंपनी में सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी की सोशल मीडिया रणनीति तैयार करते हैं।
- ब्रांड जागरूकता बढ़ाना, कस्टमर सर्विस बेहतर करना, वेबसाइट ट्रैफिक बेहतर बनाना इनका काम होता है।
- सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करना, सोशल मीडिया एड कैंपेन मैनेज करना
- यूजर्स के कमेंट और मैसेज का रिस्पांस देना
- सोशल मीडिया के लेटेस्ट ट्रेंड्स और तकनीकि से अवेयर रहना
- ब्रांड, उत्पाद, सेलिब्रटी जिसके लिए भी काम कर रहे हैं उसे प्रमोट करने के लिए काम करना
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि के जरिए लोगों और ब्रांड के बीच एक संबंध स्थापित करना, इंफ्लुएंसर्स के साथ काम करना



पटना विश्वविद्यालय

# पटना महाविद्यालय 160 साल का हुआ

## विद्यार्थियों ने पुराने गेट के तोड़ने पर अफसोस जताया



एक समय पूरब के ऑक्सफोर्ड नाम से मशहूर पटना महाविद्यालय ने सोमवार को 160 साल पूरे कर लिए लेकिन उसके कई विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक अशोक पथ पर डबल डेकर फ्लाईओवर परियोजना के वास्ते उसके पुराने गेट और चहारदीवारी को तोड़े जाने पर अफसोस प्रकट किया।

मुख्य प्रशासनिक भवन, जो डच कालीन ढांचा है, के सामने महाविद्यालय का झंडा फहराया गया लेकिन उसका लोहे का सुंदर गेट और पुरानी रेलिंग के हिस्से विशाल परिसर के कोने में फेंके नजर आए। महाविद्यालय के पुराने गेट में पिछले कुछ दशकों में बदलाव किए गए थे लेकिन उसे डबल डेकर फ्लाईओवर परियोजना के तहत हाल में गिरा दिया गया। इस परियोजना से इस ऐतिहासिक रोड पर स्थित कई शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों पर असर पड़ा है। एक नया गेट निर्माणाधीन है। इस महाविद्यालय के कई पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों ने कहा कि टूटी चहारदिवारी देखकर उन्हें बड़ा दुख हुआ तथा उन्हें पुराने गेट की बड़ी याद आ रही है जिसे विकास के नाम पर तोड़ दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कैंपस की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया गया है। सन 1975 में आपातकाल के साल में बीए (अंग्रेजी) की पढ़ाई करने वाले और पटना विश्वविद्यालय में अध्यापन कर चुके पूर्व छात्र शंकर दत्त ने कहा कि अकादमिक तथा कैंपस की सुंदरता की दृष्टि से कभी ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे मशहूर विश्वविद्यालयों को टक्कर देने वाले इस धरोहर के चले जाने पर उन्हें काफी अफसोस है।

सम्मान

# डॉ बीरबल झा को शिक्षा शिखर सम्मान-2023




शिक्षाविद डॉ बीरबल झा को वर्ष 2023 के शिक्षा शिखर सम्मान के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार डॉ झा के शिक्षण–प्रशिक्षण, साहित्य रचना, कला–संस्कृति एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए आगामी 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी के पूर्वी दिल्ली में होने वाले सरस्वती पूजा महोत्सव–सह सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा। डॉ झा ने दर्जनों पुस्तकों की रचना कर न केवल साहित्य संवर्धन किया है बल्कि लाखों भारतीय युवाओं के जीवन को संवारने का काम किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था ब्रिटिश लिंग्वा के बैनर के तहत भारतीय युवा पीढ़ी को इंग्लिश स्किलिंग, रोजग़ारमूलक एवं जीवन उन्नयन में प्रभावशाली कार्य किया है। इसे देखते हुए इस वर्ष मैथिल यूथ परिषद् डॉ बीरबल झा को शिक्षा शिखर सम्मान से सम्मानित करेगी।

एग्जाम

# 16 फरवरी से होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की मुख्य यानी वार्षिक बोर्ड परीक्षा समय-सारिणी की घोषणा कर दी गई है। यूपीएमएसपी द्वारा जारी आधिकारिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 16 फरवरी, 2023 से शुरू हो रही हैं। जहां यूपी बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा हिंदी विषय के साथ शुरू होगी तो वहीं कक्षा 10वीं की परीक्षा सैन्य विज्ञान विषय के साथ होगी। वहीं, कक्षा 10वीं की परीक्षा शुक्रवार, तीन मार्च को सामाजिक विज्ञान विषय के साथ खत्म होगी तो वहीं, कक्षा 12वीं की परीक्षा चार मार्च को रसायन विज्ञान यानी कैमिस्ट्री और समाज शास्त्र के पेपर के साथ समाप्त होगी।

यूपी बोर्ड 2023 परीक्षा तिथियों की घोषणा हो जाने के बाद, अब छात्र इसे आधिकारिक वेबसाइट- upmsp.edu.in के माध्यम से एग्जाम डेट शीट देख और डाउनलोड कर सकते हैं। छात्रों की सहायता के लिए हमने यहां यूपी बोर्ड परीक्षा टाइम-टेबल डाउनलोड करने के लिए सीधा लिंक उपलब्ध कराया गया है

पुस्तकालय

# डीयू केंद्रीय पुस्तकालय का 110 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्निर्माण करेगा




दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) अपने केंद्रीय पुस्तकालय का 110 करोड़ रुपए की लागत से पुन:निर्माण करेगा। इसके तहत पुस्तकालय में बैठने की क्षमता को 600 से बढ़ाकर चार हज़ार किया जाएगा। विश्वविद्यालय इस साल मार्च में परियोजना की आधारशिला रख सकता है और नया पुस्तकालय 2025 तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग मौजूदा पुस्तकालय की जगह पर ही इसका निर्माण करेगा। अधिकारी ने बताया कि पुनर्निर्मित पुस्तकालय चार मंजिला होगा और 16,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला होगा। अधिकारी ने कहा, "इसमें सात लिफ्ट होंगी और एक बार में 4,000 विद्यार्थी इसमें बैठ सकेंगे। वर्तमान में पुस्तकालय में 600 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था है। अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन सामग्री प्रदान करने के लिए नए पुस्तकालय को डिजिटाइज़ किया जाएगा।

ट्रेंड

# शादी में कौन-सी मेहंदी डिजाइन लगवाएं

**अमूमन वेडिंग सीजन में हम अपने आउटफिट के साथ-साथ मेहंदी के डिजाइन पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। कुछ समय पहले तक वेडिंग फंक्शन के लिए हैवी मेहंदी डिजाइन लगाया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से मेहंदी के डिजाइन की पसंद में काफी चेंज आने लगा है।**



## मंडला मेहंदी डिजाइन

मंडला डिजाइन एक ऐसा मेहंदी डिजाइन है, जो कभी भी आउट ऑफ ट्रेन्ड नहीं होता है। इन दिनों ब्राइड्स भी मंडला मेहंदी डिजाइन लगाना काफी पसंद कर रही हैं। अगर आपको मेहंदी लगाना पसंद है, लेकिन फिर भी आप हाथों को फुलर लुक नहीं देना चाहती हैं तो ऐसे में मंडला मेहंदी डिजाइन बनाएं। वहीं, फिंगर पर आप जाल डिजाइन बनाएं।

## बर्ड शेप्ड मेहंदी डिजाइन

अगर आप अपने मेहंदी डिजाइन को एक यूनिक लुक देना चाहती हैं तो ऐसे में बर्ड शेप्ड मेहंदी डिजाइन बनाना अच्छा विचार हो सकता है। आप पीकॉक से लेकर बटरफ्लाई या बर्ड आदि को अपनी हथेलियों पर उकेरें। यह देखने में बेहद ही खूबसूरत लगती है। खासतौर से, अगर आपने वेडिंग डे के लिए ऐसा कोई आउटफिट सलेक्ट किया है, जिसमें ऐसी ही डिटेलिंग हैं तो यकीनन इस तरह की मेहंदी आपके लुक को और भी अधिक एन्हॉन्स करेगी।

## मोनोक्रोम मेहंदी डिजाइन

इस तरह के मेहंदी डिजाइन में ना केवल दोनों हाथों पर एक जैसी मेहंदी लगाई जाती है। बल्कि किसी एक शेप या पैटर्न को लेकर ही पूरी मेहंदी कंप्लीट की जाती है। मसलन, आप छोटे-बड़े सर्कल से एक खूबसूरत मेहंदी डिजाइन बना सकती हैं। यह पूरी तरह से आप पर है कि आप किस पैटर्न की मदद से अपनी मेहंदी डिजाइन को क्रिएट करना चाहती हैं।

## फ्लोरल मेहंदी डिजाइन

यह भी एक ऐसा मेहंदी डिजाइन है, जो कभी भी ट्रेन्ड से बाहर नहीं होता है। साथ ही, यह देखने में भी बेहद खूबसूरत लगता है। आप फ्लोरल मेहंदी डिजाइन में जाल, लीफ या सर्कल आदि को एड करके अपनी मेहंदी को और भी ज्यादा यूनिक बना सकती हैं। अगर आप अपने हाथों पर एक सटल और ब्यूटीफुल मेहंदी डिजाइन लगाना चाहती हैं तो यकीनन फ्लोरल मेहंदी डिजाइन एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।



फैशन

# शादी में खूबसूरत दिखें ऐसे

**फेशियल**
हर लड़की को अपनी शादी से पहले फेशियल जरूर करवाना चाहिए। फेशियल करवाने से चेहरे की डेड स्किन हट जाती है। जिसके चलते आपके चेहरे पर ग्लो आता है। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है तो आप भी शादी के 1-2 महीने पहले 2-3 बार फेशियल करवा सकती हैं। इस दौरान आपको यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि आपका स्किन टाइप क्या है। जिससे फेशियल के दौरान आपको कोई स्किन से रिलेटेड दिक्कत न होने पाए।

**हेयर स्पा**
शादी में खूबसूरत और सबसे अलग दिखने के लिए आपके बालों का भी हेल्दी दिखना जरूरी है। इसलिए बालों को खूबसूरल और शाइनी बनाने के लिए हेयर स्पा आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। हेयर स्पा की मदद से आपके बाद हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे। जिससे शादी के कार्यक्रमों में आपके हेयर स्टाइलिश को आपके बालों का स्टाइल बनाने में मदद होगी। बता दें कि शादी के 4-5 दिन या एक हफ्ते पहले आप हेयर स्पा करवा सकती हैं।

**बॉडी पॉलिश**
शादी में न सिर्फ दुल्हन का चेहरा बल्कि आपका पूरा शरीर सोने की तरह चमकना चाहिए। ऐसे में आप बॉडी पॉलिश का सहारा ले सकती है। ब्राइडल को अपनी स्किन चमकदार बनाने के लिए किसी अच्छे पार्लर से बॉडी पालिश करवाना चाहिए। इससे आपकी सुंदरता में चार चांद लगेंगे। साथ ही बॉडी पॉलिश से आपकी स्किन भी हाइड्रेट हो जाएगी। इसकी मदद से आप अपनी शादी में खूबसूरत दिखेंगी।

**मैनीक्योर-पेडीक्योर**
मैनीक्योर-पेडीक्योर भी एक तरह का ब्यूटी ट्रीटमेंट है। इसके जरिए आप अपने नाखूनों में नई जान डाल सकते हैं। शादी से पहले हाथों-पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप किसी अच्छे से पार्लर से मैनीक्योर-पेडीक्योर करवा सकती हैं। हालांकि मेंहदी की रस्म से पहले दुल्हन को मैनीक्योर-पेडीक्योर करवाना चाहिए। जिससे की बाद में आपकी मेंहदी का रंग खराब ना हो।

**स्क्रब**
शादी से पहले ही बॉडी को चमकदार बनाने के लिए आप बॉडी स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको पार्लर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बता दें कि अपनी स्किन टाइप का अच्छा सा बॉडी स्क्रब खरीदकर आप अपने शरीर को घर पर ही एक्सफोलिएट कर सकती हैं। बता दें कि शादी से करीब 1 महीने पहले से हर हफ्ते अपनी बॉडी को स्क्रब कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन चमकदान बनेगी। वहीं आप बॉडी स्क्रब के लिए घरेलू नुस्खे का भी ट्राई कर सकती हैं।



# इयररिंग्स जो आपको दे शानदार लुक

**इयररिंग्स पहनने से आपका लुक और स्टाइलिश हो जाता है। इंडियन वियर हो या वेस्टर्न इयररिंग्स सभी पर आकर्षक लुक देते हैं। आजकल हैवी इयरिंग्स काफी ट्रेंडिंग हैं। आप अपने पारंपरिक परिधान के साथ हैवी इयररिंग्स को कैरी कर सकते हैं। इसके अलावा आप वेस्टर्न वियर के साथ भी आप इयररिंग्स पहन सकते हैं।**

**किन बातों का रखें ध्यान**
किस तरह के आउटफिट के साथ कैसी इयररिंग्स पहनें। इसका लोगों को कंफ्यूजन होता है। इसके बारे में आपको कुछ बातें जरूर पता होनी चाहिएं। एथनिक लुक के साथ हैवी इयररिंग्स पहनकर आप प्रभावशाली लुक के साथ किसी भी फंक्शन में शामिल हो सकते हैं। वहीं हैवी इयररिंग्स को पहनते और चेंज करते समय आपको अपने कानों का खास ध्यान रखना चाहिए। एथनिक लुक के साथ आप कुछ अलग ट्राई कर सकती हैं।

**चांदबाली**
महिलाएं चांदबाली के साथ अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। बता दें कि चांद बालियां इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। यह आपके लुक पर गजब का डिफरेंस ला सकती हैं। एथनिक लुक में एक एक्स्ट्रा ग्लैम जोड़ने के लिए आप चांदबाली पहन सकती हैं। किसी भी एथनिक स्टाइल के साथ एलिगेंस ऐड करने के लिए आप इन इयररिंग्स को पेयर कर सकते हैं।



**झुमका**
आप अपने एथनिक लुक को झुमके के साथ पूरा कर सकती हैं। एथनिक लुक का स्टाइल बढ़ाने के लिए झुमके से बेहतर और क्या ऑप्शन होगा। बाजार में आपको अट्रैक्टिव कटवर्क डिजाइन के कई झुमके मिल जाएंगे। वहीं आपको इनमें कई कलर ऑप्शन भी मिलते हैं। इसलिए आप भी अपनी ड्रेस के हिसाब से झुमके को कैरी कर सकते हैं।

**यूनिक इयररिंग्स**
अगर आप एलिगेंस पसंद करने के साथ अपने लुक को सिंपल रखना चाहते हैं तो यूनिक इयररिंग्स भी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ये झुमके आपके लुक को पूरा करते हैं। इयररिंग्स में लगे स्टोन्स को कपड़े के रंग के मुताबिक मैच करने से आपका लुक खूबसूरत लगेगा। इन इयररिंग्स को आप साड़ी, सलवार कमीज और लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं।

**चेन स्टाइल इयररिंग्स**
आजकल चैन वाली झुमकी को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की इयरिंग्स को आप साड़ी, सलवार कमीज और लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। चैन वाली इयरिंग्स पहनने से आपका लुक बेहद यूनीक नजर आएगा। चैन वाली इयरिंग्स से बालों की भी शूबसूरती बढ़ती है।

**लांग इयररिंग्स**
ब्यूटीफुल और यूनीक स्टाइल के साथ आप लांग इयरिंग्स को भी कैरी कर सकती हैं। इनमें शानदार डिटेलिंग आपके लुक को पूरा करती है। आपको बता दें कि इन इयरिंग्स को शादी या फेस्टविल पर भी कैरी कर सकती हैं। इसके अलावा यह इयरिंग्स आपको यूनिक लुक देते हैं। साथ ही इन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रह सकती हैं। इन इयरिंग्स में भी आपको कई वैरायटी मिलती हैं।

**छोटे इयररिंग्स**
आजकल छोटे इयरिंग्स भी काफी ट्रेंडिंग हैं। आप इस इयरिंग को किसी भी ड्रेस यानि की एथनिक और वेस्टर्न दोनों पर कैरी कर सकते हैं। बता दें कि इन इयरिंग्स में सिल्वर और गोल्डन कलर के कांबिनेशन को काफी पसंद किया जाता है। वहीं इन्हें पहनने से आपके कानों को भी ज्यादा दर्द नहीं होता है। साथ ही यह आपको एलीगेंट लुक देते हैं।

टिप्स

# होली खेलते वक्त रखें सावधानियां

**आज भी कई राज्यों में पक्के रंगों से ही होली खेली जाती है। पानी वाले रंगों से होली खेलने के लिए लोग काफी उत्साहित भी रहते हैं। पक्के रंग से होली खेलने के समय कई बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। इनमें सबसे जरूरी होता है कपड़ों का ध्यान रखना। दरअसल, जब पक्के रंगों से होली खेली जाती है तो कपड़ों का फैब्रिक और रंगों का काफी ध्यान रखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो मुश्किल में पड़ सकते हैं। गलत कपड़ों का चुनाव आपकी शर्मिंदगी का कारण बन सकते हैं।**



## ना पहनें काफी पुराने कपड़े

होली के लिए कपड़ों का चुनाव करते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि आपके कपड़े ज्यादा पुराने ना हों। ज्यादा पुराने कपड़े कमजोर होने के कारण रंग पड़ने के बाद फट सकते हैं। होली खेलते वक्त ऐसे कपड़ों की सिलाई भी खुल सकती है।

## ना पहनें पारदर्शी कपड़े

पारदर्शी कपड़ों की वजह से आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकती हैं। पानी वाली होली खेलने के वक्त आप अगर हल्के फैब्रिक वाले कपड़े पहनेंगी तो गीले होकर ये आपके शरीर से चिपकने लगेंगे, जिससे आप असहज महसूस करेंगी।

## ना पहनें एक दम टाइट कपड़े

आज के समय में लोग फिटिंग के कपड़े पहनना बेहद पसंद करते हैं। पर, होली खेलते वक्त ऐसा ना करें। अगर आप बेहद टाइट कपड़े पहनेंगी तो पानी पड़ने के बाद ये काफी खराब लगेंगे। ज्यादा कपड़े चिपकने की वजह से आपके शरीर में एलर्जी भी हो सकती है।

## साड़ी डाल सकती है मुश्किल में

वैसे तो साड़ी हर कार्यक्रम के लिए बेस्ट ऑप्शन होती है, पर गलती से भी होली खेलते समय साड़ी ना पहनें। पानी पड़ने के बाद साड़ी चिपकने लगेगी, जिसकी वजह से आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए होली खेलते वक्त साड़ी ना पहनें।

# बैक स्क्रब : रखें पीठ का बेहतर ख्याल



**ओटमील से बनाएं बैक स्क्रब**
ओटमील और कॉफी की मदद से भी एक बैक स्क्रब तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आप पहले ओटमील को दरदरा पीस लें। अब आप दो कप ओटमील, कॉफी ग्राइंडस और ब्राउन शुगर लेकर मिक्स कर लें। अब, इसमें कुछ चम्मच शहद और जैतून का तेल मिलाएं। अब आप पीठ पर मौजूद डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए इस स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पपीते से बनाएं बैक स्क्रब**
पपीते की मदद से भी एक बेहतरीन बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको 1/2 कप समुद्री नमक, 1/2 कप चीनी, 1/4 कप सूरजमुखी तेल, नींबू का रस, 2 बड़े चम्मच शुद्ध पपीता और कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की जरूरत होगी। आप एक बाउल में इन सभी सामग्री को मिक्स करे। इसके बाद, आप नहाते समय इस होममेड स्क्रब की मदद से अपनी बैक को एक्सफोलिएट कर सकते हैं।

**बनाएं लेमन बैक स्क्रब**
इस बैक स्क्रब को तैयार करने के लिए एप्सम सॉल्ट में थोड़ा नींबू का रस और जैतून के तेल की कुछ बूंदों को मिलाएं। आप बैक स्क्रब बनकर तैयार है। इसे अपनी पीठ पर लगाएं और बेहद हल्के हाथ से रगड़ें। यह डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने के साथ-साथ आपकी बैक की रंगत को निखारने में मदद करेगा। आप चाहें तो इस बैक स्क्रब में कुछ हर्ब्स जैसे लैवेंडर, थाइम या रोजमेरी भी मिला सकते हैं।

**सी-सॉल्ट से बनाएं बैक स्क्रब**
सी-सॉल्ट और जैतून के तेल की मदद से एक बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 1 कप सी सॉल्ट लें और उसमें आधा कप जैतून का तेल डालकर मिक्स करें। अंत में, आप इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिक्स करें। अब आप अपनी बैक को स्क्रब करने के लिए इस पेस्ट का इस्तेमाल करें। आप हल्के हाथों से बैक की मसाज करते हुए स्क्रब करें।

# बदलते मौसम में स्किन की देखभाल जरूरी

**हम सभी अच्छा दिखना चाहते हैं, चाहे कोई भी मौसम हो। लेकिन सर्दियां खत्म होने के दौरान यानी स्प्रिंग सीजन में कई लोगों को स्किन एलर्जी की प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। स्किन ड्राई और खुरदुरी होने लगती है, साथ ही फोड़े-फुंसियां, रैशेज, जलन जैसी स्किन प्रोब्लम्स भी होने लगती हैं।**

वसंत का आगमन स्किन एलर्जी वाले लोगों के लिए अक्सर समस्याएं लेकर आता है, जिसमें त्वचा की समस्याएं जैसे चकत्ते, जलन, खुजली जैसी स्किन प्रोब्लम्स शामिल हैं। चेहरे के साथ ही शरीर के अन्य अंगों में भी जलन, खुजली, रैशेज जैसी समस्याएं होने लगती हैं। जिन्हें स्किन एलर्जी की प्रॉब्लम है, उन्हें बदलते मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए।

## स्किन एलर्जी की वजहें

हमारी स्किन और स्कैल्प पर जो कुछ भी लगाया जाता है, वह उसे अवशोषित कर लेते हैं। ऐसे में जरा सी भी लापरवाही या गलत प्रोडक्ट के इस्तेमाल से सेंसिटिव स्किन एलर्जी के रूप में तुरंत या कुछ समय बाद प्रतिक्रिया करती है। उदाहरण के लिए, आई मेकअप के कुछ प्रोडक्ट्स में मौजूद लेड से एलर्जी होने लगती है। इसी तरह ऑयली स्किन पर यदि सही प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं किया गया तो मुंहासे, फोड़े- फुंसियां या रैशेज हो सकते हैं।

कभी-कभी एलर्जी इतनी गंभीर हो जाती है कि रेस्पिरेटरी सिस्टम को प्रभावित कर सकती है। जिन्हें स्किन एलर्जी की प्रोब्लम रहती है उन्हें कोई भी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर कराना चाहिए। साथ ही आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स का प्रयोग करना चाहिए।

एलर्जी होने पर यदि कोई गंभीर समस्या होती है, तो तुरंत स्किन स्पेशलिस्ट से कंसल्ट करें। हल्की एलर्जी होने पर आप घरेलू उपचार भी कर सकते हैं, फिर भी आराम न मिले तो स्किन स्पेशलिस्ट से उपचार कराएं।

## स्किन एलर्जी से बचने के घरेलू उपचार

एलर्जी से हुए फोड़े-फुंसियों पर चंदन का लेप लगाएं। या फिर चंदन पाउडर को थोड़े से गुलाब जल में मिलाकर एलर्जी वाले स्थान पर लगाएं। 20 से 30 मिनट बाद सादे पानी से धो लें।

गुलाब जल में टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल स्किन एलर्जी में बहुत फायदेमंद है। इसके लिए दो बड़े चम्मच पानी या गुलाब जल में टी ट्री ऑयल की 2 बूंदें मिलाएं। इसे रैशेज, पिंपल्स, एक्ने या फोड़े-फुंसियों पर लगाएं।

दूध में थोड़ी सी हल्दी का पेस्ट मिलाएं और रैशेस वाली जगह पर लगाएं। दूध स्किन की गहराई से सफाई करता है और हल्दी के एंटीसेप्टिक गुण घाव को जल्दी ठीक होने में मदद करते हैं।



सेब का सिरका खुजली से राहत दिलाने में मदद करता है। इसमें एंटीसेप्टिक और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो सनबर्न और डैंड्रफ में राहत देते हैं। रूई का उपयोग करके खुजली वाले एरिया पर कुछ बूंदें सेब का सिरका लगाएं। खुजली वाली त्वचा के लिए एक मग पानी में एक बड़ा चम्मच सिरका मिलाएं और इसे शरीर के प्रभावित हिस्से पर डालें।

एक मुट्ठी नीम के पत्तों को 4 कप पानी में एक घंटे के लिए बहुत धीमी आग पर उबालें। इसे रात भर छोड़ दें। अगली सुबह पानी को छान लें और पत्तों का पेस्ट बना लें। इसे दाने और सूजन वाले एरिया पर लगाएं। एलर्जी वाले एरिया को धोने के लिए इस पानी का उपयोग करें। नीम में कार्बनिक सल्फर कंपाउंड होते हैं, जो स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

मुल्तानी मिट्टी जैसी मिट्टी का ठंडा और सुखदायक प्रभाव होता है। गुलाब जल के साथ एक बड़ा चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। पेस्ट को एलर्जी वाले एरिया पर लगाएं और 15 से 20 मिनट बाद धो लें।

# चैपल ने ऑस्ट्रेलिया की स्वीप करने की रणनीति की आलोचना की

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि भारतीय पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ बचने का एकमात्र तरीका स्वीप शॉट खेलना नहीं है और इसकी जगह स्पिनरों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के लिए बल्लेबाजों को अच्छे फुटवर्क की जरूरत होती है। ऑस्ट्रेलिया की भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने की पूर्व नियोजित रणनीति बुरी तरह से विफल रही जिससे मेजबान टीम ने शुरुआती दो टेस्ट जीतकर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 की बढ़त के साथ ट्रॉफी अपने पास रखना सुनिश्चित किया। अभी चार टेस्ट की श्रृंखला के दो मैच खेले जाने हैं। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के लिए अपने कॉलम में लिखा, नियमित रूप से स्वीप शॉट खेलना अच्छी स्पिन गेंदबाजी को खेलने का जवाब नहीं है और अगर कोई ऐसा कह रहा है तो वह अपने दिमाग से बात नहीं कर रहा। उन्होंने कहा, कुछ खिलाड़ी स्वीप शॉट खेलने में काफी अच्छे हो सकते हैं और उन्हें इस शॉट का फायदा उठाना चाहिए लेकिन अधिकतर खिलाड़ियों के लिए बेहतर तरीके मौजूद हैं। कोई भी अच्छा स्पिनर जो गेंद से उछाल हासिल करता है



वा संभावना है कि लगातार स्वीप शॉट खेलने के खतरे को उजागर कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे से पहले सिडनी में विशेष रूप से तैयार पिचों पर तैयारी की और भारत में एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया। चैपल ने लिखा, आप भारत के महत्वपूर्ण दौरे से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया में विशेष रूप से तैयार पिचों पर अच्छी स्पिन गेंदबाजी को खेलना नहीं सीख सकते। उन्होंने कहा, आपको अच्छा फुटवर्क सीखना होगा-क्रीज से आगे निकलना या तेजी से बैकफुट पर जाना सीखना होगा-आपको छोटी उम्र में ऐसा करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी का मानना है कि पैट कमिंस और उनकी टीम ने श्रृंखला से पहले अपनी बल्लेबाजी रणनीति बनाने को लेकर गलती की। चैपल ने पहले दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के टीम चयन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के चयन में बिलकुल भी निरंतरता नहीं दिखी और कभी कभी यह तर्कहीन था। क्रिकेट की दुनिया के कई आयोजन स्थलों पर ऑस्ट्रेलिया की टीम काफी अच्छी होगी लेकिन भारत दौरे को लेकर चिंता काफी पहले शुरू हो जानी चाहिए थी। भारतीय कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का उदाहरण देते हुए चैपल को लगता है कि स्पिन की अनुकूल भारतीय पिचों पर भाग्य के सहारे शुरुआती 10 मिनट तक टिके रहना महत्वपूर्ण है। चैपल ने कहा, एक सफल खिलाड़ी को जल्द से जल्द पता करना होता है कि स्पिन की अनुकूल भारतीय पिच पर शुरुआती 10 मिनट कैसे बचा जाए और आशा करे कि भाग्य उसका साथ दे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने लिखा, अगर वह समझदारी से खेलते हैं जैसा कि रोहित शर्मा ने श्रृंखला के दौरान किया तो भारतीय पिचों पर बल्लेबाजी करना असंभव नहीं है। इस 79 वर्षीय ने भारत में स्पिन से निपटने के अपने तरीके को याद किया। उन्होंने कहा, भारत में अच्छी स्पिन गेंदबाजी खेलने की मेरी धारणा पारंपरिक है, पांच दशक से अधिक पुराने अनुभवों के आधार पर। क्या वे सिद्धांत अभी भी काम कर सकते हैं? यदि उनका पालन किया जाता है, और समझदारी दिखाई जाती है तो वे कर सकते हैं। चैपल ने कहा, मुझे सिखाया गया कि अगर आप स्टंप हो जाओ तो तीन इंच से नहीं तीन यार्ड से हो।

## अंगुली में चोट के कारण सरफराज ईरानी कप से बाहर, लय में नहीं दिखे ईशांत

**एजेंसी ■ कोलकाता**



मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान दिल्ली कैपिटल्स के शिविर में बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में लगी चोट के कारण ईरानी कप से बाहर हो गए हैं जहां उन्हें शेष भारत का प्रतिनिधित्व करना था। सरफराज ने रविवार को ईडन गार्डन्स में अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया। ईरानी कप मुकाबला एक मार्च से ग्वालियर में खेला जाएगा। चोट के कारण सरफराज ने अपनी अंगुली पर फाइबर का सुरक्षात्मक कास्ट पहन रखा था और उन्होंने बल्लेबाजी या क्षेत्रक्षण नहीं किया। वह हालांकि एनर्जी ड्रिंक देकर टीम के अपने साथियों की मदद कर रहे थे। सरफराज के मुंबई की टीम के साथी पृथ्वी साव ने अभ्यास मैच के दौरान आक्रामक रवैया अपनाया और मार्गदर्शक सौरव गांगुली तथा सहायक कोच प्रवीण आमरे की मौजूदगी में मैदान में चारों तरफ शॉट खेले। पृथ्वी हालांकि बल्लेबाजी सत्र के बाद मैदान से चले गए और बेंगलुरु जाने के लिए हवाई अड्डा चले गए। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शिविर में हिस्सा लेना है। भारतीय टीम से बाहर और चोट के कारण बामुश्किल घरेलू क्रिकेट खेलने वाले अनुभवी इशांत शर्मा अभ्यास मैच के दौरान लय में नहीं दिखे। उन्होंने अभ्यास मैच में दोनों टीम की ओर से गेंदबाजी की।

### ख़ास ख़बर

### वैदेही ने गुरुग्राम में आईटीएफ खिताब जीता

**गुरुग्राम।** अनुभवी वैदेही चौधरी ने रविवार को यहां बलियावास में 15 हजार डॉलर इनामी आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट के एकल फाइनल में संदीप्ति सिंह राव को हराकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में महिला युगल विजेता जील देसाई को हराने वाली 19 साल की संदीप्ति ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता लेकिन वैदेही ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए 4-6 6-2 6-0 से जीत दर्ज की। जील और थाईलैंड की उनकी जोड़ीदार पुनिन कोवापितुक्टेड ने शनिवार को युगल खिताब जीता था।

### स्वियातेक को हराकर क्रेजीकोवा बनी दुबई ओपन चैंपियन

**दुबई।** बारबोरा क्रेजीकोवा ने दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-4, 6-2 हराकर खिताब अपने नाम किया। क्रेजीकोवा ने अपने खिताबी अभियान के दौरान रैंकिंग के तीनों शीर्ष खिलाड़ियों को शिकस्त दी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरे रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला, सेमीफाइनल में दूसरे स्थान पर काबिज आर्यना सबलेंका और फाइनल में पोलैंड की स्वियातेक को मात दी। क्रेजीकोवा ने दूसरे दौर में रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज डारिया कसात्किना को भी मात दी थी। क्रेजीकोवा ओपन युग में एक ही टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष तीन खिलाड़ियों हराने वाली पांचवी महिला हैं। फ्रेंच ओपन की इस पूर्व चैम्पियन ने खिताब जीतने के बाद कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है और मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलेगा कि मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दे सकती हूं। उन्होंने अपना पिछला खिताब भी बीते साल अक्टूबर में ओस्ट्रावा ओपन में स्वियातेक को ही हराकर जीता था।

### मान सिंह और ज्योति गावते बने दिल्ली मैराथन के पुरुष और महिला वर्ग के विजेता

**नई दिल्ली।** मान सिंह ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां नई दिल्ली मैराथन में जीत दर्ज की तो वहीं महिला वर्ग में ज्योति गावते खिताब का बचाव करने में सफल रही। मान सिंह ने पुरुष वर्ग की बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ को दो घंटे 14 मिनट और 13 सेकंड के समय के साथ अपने नाम किया। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो घंटे 16 मिनट 58 सेकंड था। 33 साल के इस धावक को पुरस्कार के तौर पर डेढ़ लाख रुपए का चेक मिला। बेलियप्पा एबी और कार्तिक कुमार ने 42.195 किलोमीटर के कोर्स को क्रमशः दो घंटे 14 मिनट एवं 15 सेकंड और दो घंटे 14 मिनट एवं 19 सेकंड के समय के साथ पूरा कर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## शॉर्ट न्यूज

### मध्य प्रदेश के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत की अगुवाई करेंगे मयंक अग्रवाल


**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ग्वालियर में एक मार्च से शुरू होने वाले ईरानी कप मुकाबले में मध्य प्रदेश के खिलाफ शेष भारत की अगुआई करेंगे। अग्रवाल हाल में संपन्न रणजी ट्रॉफी सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। टेस्ट टीम में वापसी की कोशिशों में जुटे अग्रवाल के अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान अंगुली में चोट के कारण शेष भारत की 16 सदस्ईय टीम में शामिल नहीं हैं। यह मैच शुरुआत में इंदौर में होना था लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक मार्च से तीसरे टेस्ट की मेजबानी का अधिकार होलकर स्टेडियम को मिलने के बाद इसे ग्वालियर स्थानांतरित कर दिया गया। शेष भारत की बल्लेबाजी का दारोमदार अग्रवाल और ईश्वरन के अलावा सुदीप कुमार घरामी, यशस्वी जायसवाल, बी इंद्रजीत और यश धुल पर होगा। मौजूदा रणजी ट्रॉफी चैंपियन सौराष्ट्र की टीम से विकेटकीपर-सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई तथा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को ही शेष भारत की टीम में जगह मिली है। शेष भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई मुकेश कुमार और आकाश दीप की बंगाल की जोड़ी करेगी और उनका साथ सकारिया तथा दिल्ली के नवदीप सैनी देंगे। एसएस दास, एस शरत, सलील अंकोला और सुब्रत बनर्जी के चयन पैनल ने उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और पंजाब के लेग स्पिनर मयंक मारकंडेय को भी शेष भारत की टीम में जगह दी है। नियमित कप्तान आदित्य श्रीवास्तव की गैरमौजूदगी में मध्य प्रदेश की टीम की अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज हिमांशु मैत्री करेंगे। मध्य प्रदेश ने पिछले साल जून में रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने वाली टीम में शामिल रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, शुभम शर्मा और यश दुबे को टीम में शामिल किया है। रणजी चैंपियन (2021-22) मध्य प्रदेश को पहले 2022-23 सत्र की शुरुआत में ईरानी कप मुकाबला खेलना था।

**शेष भारत टीम:** मयंक अग्रवाल (कप्तान), सुदीप कुमार घरामी, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, हार्विक देसाई, मुकेश कुमार, अतीत सेठ, चेतन सकारिया, नवदीप सैनी, उपेंद्र यादव, मयंक मारकंडेय, सौरभ कुमार, आकाश दीप, बी इंद्रजीत, पुलकित नारंग और यश धुल।

**मध्य प्रदेश टीम :** हिमांशु मंत्री (कप्तान), रजत पाटीदार, यश दुबे, हर्ष गवली, शुभम शर्मा, वेंकटेश अय्यर, अक्षत रघुवंशी, अमन सोलंकी, कुमार कार्तिकेय, सारांश जैन, आवेश खान, अंकित कुशवाह, गौरव यादव, अनुभव अग्रवाल, मिहिर हिरवानी।

### घरेलू मैचों में उपकप्तान रखने से अंतिम एकादश के चयन में समस्य: शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री घरेलू श्रृंखला में उप-कप्तान नियुक्त के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे खिलाड़ी के लय में नहीं होने के कारण सर्वश्रेष्ठ एकादश के चयन में परेशानी होती है। शास्त्री ने यह भी संकेत दिया कि शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट में लोकेश राहुल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए। राहुल के लंबे समय से लय में नहीं है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली सात पारियों में 22, 23, 10, दो, 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इसके उलट गिल सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टेस्ट टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट में कहा, टीम प्रबंधन उनके (राहुल) फॉर्म के बारे में जानता है, वे उनकी मानसिक स्थिति को समझते हैं। उन्हें पता है कि उन्हें गिल जैसे खिलाड़ी को किस नजर से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत में खेलते हुए उप-कप्तान नियुक्त नहीं करना चाहिए। मैं सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना पसंद करूंगा, और अगर किसी कारण से कप्तान को मैदान छोड़ना पड़ता है। तो उसकी गैरमौजूदगी में आप किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दे सकते है। उपकप्तान नियुक्त कर आपको जटिलताएं पैदा करने की आवश्यकता नहीं है। राहुल को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया था।



## टेलर ने एशेज से पहले वार्नर के टेस्ट भविष्य पर फैसला करने की मांग की

**एजेंसी ■ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने चयनकर्ताओं से मांग की है कि वे इस साल होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट में डेविड वार्नर के भविष्य को लेकर फैसला करें। खेल के सबसे लंबे प्रारूप में वार्नर काफी समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट की तीन पारियों में एक, 10 और 15 रन बनाए जिसके बाद वह कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) और कोहनी में फ्रेक्चर के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए। टेलर ने चैनल नाइन के वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स पर कहा, डेव (वार्नर) ने कहा है कि वह 2024 तक खेलना चाहता है। वह इस साल इंग्लैंड जाना चाहता है और ऑस्ट्रेलिया में अगली गर्मियों के सत्र में खेलना चाहता है। उन्होंने कहा, उसने गेंद (चयनकर्ताओं) जॉर्ज बेली, टॉनी डोडमेड, (और कप्तान) पैट कमिंस के पाले में डाल दी है, वह पूछ रहा है कि आप क्या चाहते हैं। वार्नर के भविष्य को लेकर चल रही चर्चा के बावजूद इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई है और इस साल एशेज में खेलने में भी रुचि जाहिर की है। टेलर ने कहा, मेरी नजर में चयनकर्ताओं को फैसला करना होगा।

## ऑस्ट्रेलिया महिला घरेलू लीग के फाइनल में आखिरी ओवर में गिरे पांच विकेट

**एजेंसी ■ होबार्ट**

ऑस्ट्रेलिया की महिला घरेलू लीग के फाइनल मुकाबले में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए चार रन चाहिए थे लेकिन तस्मानिया की टीम ने अनोखा कारनामा करते हुए बचे हुए पांच विकेट झटक कर मैच अपने नाम कर लिया। तस्मानिया ने शनिवार रात को खेले गए 50 ओवर के इस मैच को डकवर्थ-लुईस पद्धति से एक रन से जीता। साराह कोयटे (30 रन पर चार विकेट) ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए। कोयटे ने इस दौरान



एक रन आउट में भी योगदान दिया। नाटकीयता से भरे आखिरी ओवर में कोयटे ने पहली गेंद पर एनी ओ नील (20 गेंद पर 28 रन) को बोल्ड किया। इसके दो गेंद के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की कप्तान जेम्मा बार्स्बी (17 गेंद पर 28 रन) स्टंप आउट हो गई। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को अब तीन गेंद में तीन रन चाहिए थे और कोयटे ने अमांडा-जेड वेलिंगटन (एक) को फॉलो-थ्रू में स्टंप पर गेंद मारकर रन आउट कर दिया। उन्होंने इसके बाद एला विल्सन (शून्य) को पगबाधा आउट किया। आखिरी गेंद पर दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को तीन रन चाहिए थे लेकिन टीम एक रन ही बना सकी। इससे पहले कप्तान एलिस विलानी की 126 गेंद में 110 रन की पारी से तस्मानिया की टीम ने 50 ओवर में 264 रन बनाए। बारिश के खलल के कारण दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को 47 ओवर में 243 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था।



## मेदवेदेव ने मर्रे को हराकर कतर ओपन का खिताब जीता

**एजेंसी ■ दोहा**

दुनिया के दो पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों के बीच हुए कतर ओपन टेनिस के फाइनल में दानिल मेदवेदेव ने एंडी मेंर्रे को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे मेदवेदेव ने शुरूआती सेट में 4-1 और दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त के साथ दबदबा बनाया। मेंर्रे ने हालांकि दोनों सेट में इसके बाद शानदार वापसी की लेकिन मेदवेदेव को 17वां एकल खिताब जीतने से नहीं रोक सके। मेदवेदेव ने पिछले सप्ताह रॉटरडैम में भी जीत हासिल की थी जिससे उनकी जीत का सिलसिला लगातार नौ मैचों का हो गया। मेंर्रे का दोहा में यह रिकॉर्ड पांचवां फाइनल मुकाबला था।

## शर्मा अहलावत संयुक्त 13वें स्थान पर रहे, मार्सेल सिएम ने जीता खिताब

**एजेंसी ■ गुरुग्राम**

शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत हीरो इंडियन ओपन गोल्फ में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ रहे जबकि जर्मनी के मार्सेल सिएम ने हमवतन यानिक पॉल को पछाड़ कर खिताब अपने नाम किया। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अंतिम दौर में छह बर्डी और दो बोगी के साथ 68 का शानदार कार्ड खेला जबकि अहलावत ने एक ओवर 73 का स्कोर किया। इन दोनों का स्कोर 284 रहा। सिएम ने आखिरी दिन चार अंडर 68 का स्कोर कर पॉल (70) को एक शॉट से पीछे छोड़ कर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पांचवां खिताब जीता। भारत के अंगद चीमा (74) दूसरे दिन के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थे लेकिन आखिरी होल में वह क्वाड्रुपल बोगी (पार से चार शॉट अधिक) कर



बैठे और शीर्ष 10 से बाहर हो गए। वह हनी बैसोया (73) के साथ संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर रहे। अन्य भारतीयों में युवराज संधू (70) 288 के स्कोर के साथ संयुक्त 25वें, मनु गंडास (74) संयुक्त 32वें, सचिन बैसोया (75) और एस चिक्कारंगप्पा (72) संयुक्त 37वें, कार्तिक शर्मा (75) संयुक्त 42वें और गगनजीत भुल्लर (77) संयुक्त 44वें स्थान पर रहे। अनुभवी एसएसपी चौरसिया (75) और शिव कपूर (77) छह ओवर 294 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर रहे।

**पलटवार** न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 138 रन से की।

## फॉलोऑन मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने किया पलटवार

**एजेंसी ■ वेलिंगटन**

पहली पारी में कप्तान टिम साउदी की 49 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी के बावजूद फॉलोऑन बचाने में नाकाम रही न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 202 रन बनाकर मजबूत वापसी की। इंग्लैंड के आठ विकेट पर 435 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी में 209 रन पर सिमटी। इंग्लैंड के पास 226 रन की बढ़त थी और टीम ने न्यूजीलैंड को फॉलोऑन दिया। स्टंप उखड़ते समय न्यूजीलैंड इंग्लैंड से 24 रन पीछे है और उसके सात विकेट बचे हुए है। पूर्व कप्तान केन विलियमसन 25 और हेनरी निकोल्स 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 138 रन से की। साउदी ने कल के नाबाद बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल (38) के साथ आठवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर टीम



के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। उन्होंने 49 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के जड़े। तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस साझेदारी को तोड़ने के बाद बाकी के दोनों विकेट चटकाकर न्यूजीलैंड की पहली पारी को समेट दिया। फॉलोऑन मिलने के बाद टॉम लाथम (83) और डेवोन कॉन्वे (61) ने दूसरी पारी में पहले विकेट लिए 149 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। लाथम ने 124 गेंद में अपना 26वां अर्धशतक पूरा किया। वह इस दौरान अपना 45वां रन पूरा करते ही टेस्ट में 5000 रन का आंकड़ा छूने वाले न्यूजीलैंड के सातवें खिलाड़ी बने। कॉन्वे ने 121 गेंद में अपना पचासा पूरा किया लेकिन वह इसे बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। जैक लीच की गेंद पर ओली पोप ने उनका कैच लपका। इसके तुरंत बाद जो रूट ने लाथम को पगबाधा कर इंग्लैंड को दोहरी सफलता दिलाई। लीच ने इसके बाद विल यंग (आठ) को बोल्ड कर एक बार फिर से न्यूजीलैंड पर दबाव बना दिया। खराब फॉर्म से जूझ रहे विलियमसन ने इसके बाद धैर्य से बल्लेबाजी और उन्हें दूसरी छोर से निकोल्स का अच्छा साथ मिला। विलियमसन ने अब तक 81 जबकि निकोल्स ने 70 गेंद का सामना किया है।

## मेघालय की नजरें सऊदी अरब में संतोष ट्रॉफी के एतिहासिक खिताब पर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पहली बार संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली मेघालय की टीम की नजरें सऊदी अरब में एतिहासिक खिताब जीतने पर टिकी हैं। पहली बार संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन विदेशी सरजमीं पर हो रहा है। टूर्नामेंट के नॉकआउट (सेमीफाइनल, फाइनल और तीसरे स्थान का प्ले ऑफ) चरण के मुकाबले रियाद के किंग फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हो रहे हैं। इसी मैदान पर पिछले महीने प्रदर्शनी मैच के दौरान फुटबॉल के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ी लियोनल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी खेले थे। मेघालय के कोच खलेन सिमलीह ने पीटीआई से कहा, हमारे लिए रियाद में खेलना बहुत अधिक प्रेरणादाई है। हमारे अधिकांश खिलाड़ियों के लिए यह विदेशी सरजमीं पर खेलने का पहला अनुभव है। यह हमारे लिए अच्छा है और भारतीय फुटबॉल के लिए अच्छा है। बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में मेघालय की भिड़ंत पंजाब से होगी जबकि सेना को कर्नाटक के खिलाफ खेलना है। तीसरे स्थान का प्ले ऑफ मुकाबला और फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे। संतोष ट्रॉफी के अंतिम चरण का आयोजन सऊदी अरब में कराने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की सराहना करते हुए सिमलीह ने कहा, अब हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है। मुझे लगता है कि हम पंजाब को हरा सकते हैं।


**खिताब**

- टूर्नामेंट के नॉकआउट (सेमीफाइनल, फाइनल और तीसरे स्थान का प्ले ऑफ) चरण के मुकाबले रियाद के किंग फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हो रहे है।

## बॉलीवुड

# सिद्धार्थ मल्होत्रा को दूल्हे के रूप में देखकर ऐसा था कियारा आडवाणी का रिएक्शन

हाल ही में, एक अवॉर्ड फंक्शन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपने पति और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा पर जमकर प्यार लुटाती नजर आईं। यह पहला मौका था जब अभिनेत्री ने इस तरह सिद्धार्थ के लिए अपना प्यार जगजाहिर किया। बता दें, कियारा और सिद्धार्थ इस साल 7 फरवरी को शादी के बंधन में बंधें हैं। दोनों ने शादी हो जाने तक अपने रिश्ते को हमेशा मीडिया की नजरों से दूर रखा। लेकिन अब शादी हो जाने के बाद दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का एक भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। अभी कुछ समय पहले एक इवेंट के दौरान अभिनेता ने कियारा का जिक्र करते हुए उनपर प्यार लुटाया था।



अब अभिनेत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया की सिद्धार्थ को दूल्हे के रूप में देखकर उन्हें कैसे महसूस हुआ था। शोशा रील अवार्ड्स 2023 के स्टेज पर कियारा आडवाणी ने होस्ट मनीष पॉल के साथ शादी के वीडियो पर बातचीत करते हुए उस दौरान की अपनी फीलिंग का खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं भावुक थी, लेकिन जैसे ही दरवाजे खुले, और मैंने उन्हें देखा, अंदर से मुझे फीलिंग आई हाँ, आखिरकार मैं शादी करने जा रही हूँ और इसी फीलिंग के साथ मैं आगे बढ़ गई। निश्चित रूप से, यदि आप अपने जीवन के प्यार से शादी कर रहे हैं, तो आप ऐसा महसूस करेंगे ना। कियारा की बात खत्म होने के बाद मनीष ने उन्हें शादी की बधाई दी और सिद्धार्थ को मंच पर आमंत्रित किया। सिड मंच पर आए और उन्होंने कियारा को गले से लगा लिया। इस दौरान के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सिद्धार्थ और कियारा के फैंस के साथ सोशल मीडिया यूजर्स दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

## पावरहाउस अभिनेता राजकुमार राव के लिए एक और पुरस्कार!

राजकुमार राव साल दर साल एक के बाद एक हिट फिल्में दे रहे हैं। अपने पावरहाउस स्ट्रीक प्रदर्शन के लिए, अभिनेता ने बधाई दो और मोनिका ओह माय डार्लिंग के लिए एक और पुरस्कार जीता। राजकुमार राव को हाल ही में आयोजित किए गए रील अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार जूरी के साथ प्रस्तुत किया गया। राजकुमार राव की बधाई दो इस साल एक साल की हुई है। उनकी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म काई पो चे, जिसका प्रीमियर बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, हाल ही में दस शानदार साल पूरे किए। आगामी वर्ष 2023 में भीड़, स्त्री 2, और मिस्टर एंड मिसेज माही जैसी परियोजनाओं के साथ नजर आने वाले हैं।





# नवाजुद्दीन की पत्नी आलिया ने लगाया अभिनेता पर रेप का आरोप

> नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर आरोप लगाते हुए इस वीडियो में आलिया ने अपनी आपबीती सुनाई है। रोते हुए आलिया ने ये वीडियो शूट किया है। उन्होंने कहा कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी अच्छे पिता नहीं है ।

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अपनी एक्टिंग स्किल्स के दम पर खास पहचान बनाने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन की पूर्व पत्नी आलिया सिद्दीकी ने उन पर कई गंभीर आरोप लगाए है। उनकी एक्स वाइफ आलिया ने पुलिस स्टेशन जाकर अभिनेता के खिलाफ बलात्कार का मामला भी दर्ज करवाया है।

इस संबंध में आलिया ने इंस्टाग्राम पर भी वीडियो शेयर किया है। इंस्टाग्राम वीडियो में उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर कई गंभीर आरोप लगाए है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर आरोप लगाते हुए इस वीडियो में आलिया ने अपनी आपबीती सुनाई है। रोते हुए आलिया ने ये वीडियो शूट किया है। उन्होंने कहा कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी अच्छे पिता नहीं है और वो उनके बच्चों को भी दूर करना चाहते है। इस वीडियो में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एक्स वाइफ आलिया ने कहा कि नवाज उनसे उनके बच्चों को छिनना चाहते है। वो आर्थिक तंगी से जूझ रही है। उन्होंने वीडियो के पोस्ट में लिखा, एक महान एक्टर जो महान इंसान बनने की कोशिश किया करता है अक्सर! उसकी बेरहम माँ जो मेरे मासूम बच्चे को नाजायज़ बोलती है और ये घटिया आदमी चुप रहता है- वर्सोवा पुलिस स्टेशन में कल ही इसके ख़िलाफ़ रेप की शिकायत (प्रूफ के साथ) दर्ज कराई है। कुछ भी हो जाये इन बेरहम हाथों में अपने मासूम बच्चों को नहीं जाने दूँगी।

उन्होंने कहा कि नवाज ने कोर्ट में केस डालकर कहा कि वो बच्चों की कस्टडी चाहता है। मगर उस शख्स ने कभी बच्चों को महसूस नहीं किया ना ही पेट में महसूस किया। उसे ये नहीं पता कि बच्चों का डायपर कितने का आता है या बच्चों को डायपर पहनाया कैसे जाता है। बच्चों को अब वो ही आदमी छिनना चाहता है, सिर्फ अपनी ताकत और पैसों के बल पर। अब वो दिखाना चाहता है कि वो अच्छा बाप है।

उन्होंने कहा कि नवाज सिर्फ अपनी ताकत का उपयोग कर रहे है, क्योंकि वो पैसों के दम पर कुछ भी खरीद सकते है। वहीं उन्होंने अपने और नवाज के रिश्ते पर भी बात की है। उन्होंने कहा कि तुमने मुझे पत्नी नहीं माना मगर तुम ही मेरे पति थे। आज के समय में मेरे पास ना ही पैसे हैं और अब मेरे बच्चों को भी मुझसे दूर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि इंसाफ मांगने के लिए उन्होंने कोर्ट की शरण ली है और उम्मीद है कि कोर्ट उनके हक में फैसला सुनाएगी।



पत्रकार
मानसी शर्मा





# उर्वशी रौतेला ने पेरिस में मनाया अपना जन्मदिन

बी टाउन की सबसे खूबसूरत अदाकारों में शुमार अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अपना 29वां बर्थडे सेलिब्रेट किया है। इस दौरान की कुछ तस्वीरें और वीडियो उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है, जो इस समय चर्चा का विषय बनी हुई हैं। बता दें, उर्वशी रौतेला इन दिनों फ्रांस में हैं। यहीं पर अभिनेत्री ने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। उन्होंने अपने फैंस को जन्मदिन की बधाईयों के लिए धन्यवाद देते हुए एक वीडियो भी किया है। वीडियो में, अभिनेत्री एफिल टॉवर के सामने हाथों में दिल के आकर के बैलून लेकर खड़े होकर पोज देती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, अद्भुत अनंत आशीर्वादों, उपहारों, कॉलों, ईमेलों के लिए सभी को लाखों धन्यवाद। मैं आप सभी से प्यार करती हूं और मैं आप सभी का प्यार पाने के लिए सुपर धन्य और भाग्यशाली महसूस करती हूं। उर्वशी रौतेला ने वीडियो के अलावा बर्थडे की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में, अभिनेत्री अपने बर्थडे केक के साथ पोज देती नजर आ रही है। उर्वशी ने एक ब्लू कलर की मिनी फॉक ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वह हद से ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं। तस्वीरों में अभिनेत्री मुस्कुराती नजर आ रही हैं। उनकी इस मुस्कुराहट पर सोशल मीडिया यूजर्स फिदा हो गए हैं। तस्वीरों के कमेंट सेक्शन में यूजर्स उर्वशी को उनके जन्मदिन की बधाईयाँ देते नजर आ रहे हैं।

## ग्लैमरस

# दुनिया की सबसे हसीन एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज

जेनिफर लॉरेंस दुनिया की मशहूर एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्हें लोग उनके ईमानदार और बेबाक स्वभाव की वजह से बहुत पसंद करते हैं। जब वे लोगों के बीच होती हैं, तो सोशल और पॉलीटिकल मुद्दों पर अपनी राय जाहिर करने में कोई संकोच नहीं करतीं। लोग उनकी फिल्मों के अलावा उनके अमेजिंग फैशन सेंस के दीवाने हैं। वे अपने आउटफिट से लोगों को इंप्रेस करने में कभी फेल नहीं होतीं। जेनिफर लॉरेंस ने एक बार चमदार और ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनकर सड़क पर आई थीं, लोग उनका ग्लैमरस अंदाज देखकर हैरान रह गए थे। सोशल मीडिया पर उनके करोड़ों फैंस हैं, हालांकि एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है, लेकिन इंस्टाग्राम पर उनके कई फैन पेजेस हैं। जब लोगों ने ट्रांसपेरेंट ड्रेस में उनकी खूबसूरत अदाएं देखीं, तो रिएक्शन दिए बिना खुद को रोक नहीं पाए। जेनिफर लॉरेंस के एक फैन ने 2018 में ट्विटर पर उनकी एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वे खूबसूरत ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहने हुए बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उनकी यह तस्वीर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। डीप नेकलाइन वाली ड्रेस के बीच में एक लंबा कट है। पूरी ड्रेस को काफी चमकदार बनाया गया है और कमर में एक बेल्ट दी गई है, जिससे यूजर्स को वे और भी हसीन लग रही हैं।





## एचसीए पुरस्कार

# राम चरण ने एचसीए पुरस्कार प्रदान किया



भारतीय अभिनेता राम चरण ने एचसीए अवार्ड्स 2023 में प्रस्तुतकर्ताओं में से एक के रूप में कार्य किया। उनके साथ अंजलि भिमानी भी थीं। आरआरआर स्टार और भिमानी ने सर्वश्रेष्ठ आवाज या मोशन कैप्चर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया। उसने मजाक में कहा कि वह एंजेला बैसेट के साथ एक सेल्फी लेना चाहता है। यह आयोजन भारत में प्रशंसकों के लिए एक यादगार था क्योंकि आरआरआर ने वैश्विक सेंशेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए चार श्रेणियों में जीत हासिल की। राम चरण ने सर्वश्रेष्ठ आवाज या मोशन कैप्चर प्रदर्शन के लिए एचसीए पुरस्कार प्रदान किया। उनके साथ अंजलि भिमानी भी थीं। दोनों के बीच हल्की-फुल्की बातचीत हुई जिसमें उन्होंने उनकी फिल्म आरआरआर की तारीफ की। भिमानी ने नाटू नातू ट्रैक की भी प्रशंसा की और कहा कि वह मेगा पावर स्टार के साथ रहकर खुश हैं। मजाक के दौरान, चरण ने कहा कि वह पुरस्कार के लिए भारत से सिर्फ अभिनेत्री एंजेला बैसेट के साथ एक तस्वीर लेने के लिए आये थे। जेनी स्लेट ने मार्सेल द शेल विद शूज़ ऑन में अपने काम के लिए इस श्रेणी में पुरस्कार जीता।

राम चरण आरसी 15 की शूटिंग कर रहे हैं। इसमें कथित तौर पर चरण को दो अलग-अलग अवतारों में दिखाया गया है। फिल्म में कियारा आडवाणी प्रमुख महिला के रूप में हैं। विनय विद्या रामा के बाद मास हीरो के साथ यह उनकी दूसरी फिल्म होगी। आरसी 15 के कलाकारों में अंजलि, जयराम और नासर शामिल हैं। चरण के पास बुच्ची बाबू सना के साथ एक फिल्म भी है, जिसने उप्पेना को अपनी किटी में बनाया था।

# दीपिका पादुकोण के बाद इस एक्ट्रेस ने पहनी भगवा बिकनी

भगवा बिकनी को लेकर दीपिका पादुकोण को ट्रोल्स का सामना करना पड़ा। कपड़ों के चक्कर में लोगों ने शाहरुख खान की फिल्म पठान को भी बायकॉट किया था। हालांकि, वो ब्लॉकबस्टर हो चुकी है और इसके बाद अब महिमा ने भी नारंगी कलर की बिकनी में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। लेटेस्ट पिक्चर्स में भोजपुरी एक्ट्रेस अपने बोल्ड लुक को फ्लॉन्ट करते देखी जा सकती हैं। अभिनेत्री ने बिकनी लुक से समर वाइब्स दी हैं और फैंस उनके इस रूप को बेहद पसंद कर रहे हैं। साथ ही इनमें उनकी फिटनेस भी दिख रही है। इन पिक्चर्स में भोजपुरी में काम कर चुकीं एक्ट्रेस महिमा गुप्ता का बोल्ड आउटफिट में कर्वी फिगर देखा जा सकता है। अक्सर देखा जाता है कि वो अपनी फिटनेस और वर्कआउट से सुर्खियों में रहती हैं। वेब सीरीज गंदी बात से बोल्डनेस का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस महिमा गुप्ता रियल लाइफ में भी बेहद हॉट एंड सेक्सी हैं। लोग उनकी तस्वीरों पर खूब प्यार भी लुटाते हैं। महिमा आए दिन ही अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपना कायल बनाती हैं.

स्वामी प्रकाशक व मुद्रक शिव कुमार तथा संपादक भावना शर्मा ने नाहरगढ़ प्रिंटिंग प्रेस आर जेड 32 कश्मीरी कॉलोनी खैरा विलेज नजफगढ़ नई दिल्ली 110043 से मुद्रित कर कार्यालय सी 1677 टोडरमल कॉलोनी मेन थाना रोड नई दिल्ली 110043 से प्रकाशित
RNI NO. DELHIN/2009/28409, संपर्क- 9871096636, 9205336006, Email:Nazafgarhmetronews@gmail.com / समाचार पत्र सामग्री या विज्ञापन से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे